वर्ष-07 · अंक 304
पृष्ठ-12 · मूल्य : 03 रुपया

लखनऊ
सोमवार, 10 अगस्त 2026

RNI.No. UPHIN/2019/79073

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार CBC (DAVP) द्वारा जारी दर पर विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

swatantraprabhat.com

# स्वतंत्र प्रभात

epaper.swatantraprabhat.com

जो लिखेगा, वही टिकेगा



लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या, प्रयागराज, मिर्जापुर, गोरखपुर, बरेली, बुंदेलखंड, उत्तराखंड, देहरादून गाजियाबाद, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, झारखण्ड, बिहार, मध्य प्रदेश, असम, तेलंगाना आदि जनपदों में प्रसारित

हर घर लहराए तिरंगा, हर संस्था में गूंजे वंदे मातरम..................... 3
निराश्रित महिला पेंशन योजना महिलाओं के सम्मान और सामाजिक .......... 4
राष्ट्रीय पत्रकार परिषद भदोही इकाई की समीक्षा बैठक संपन्न ......... 11

## पदक विजेताओं से मिले प्रधानमंत्री मोदी, बोले- 'जो खेलेगा, वो खिलेगा'

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ग्लासगो में आयोजित राष्ट्रमंडल खेल 2026 में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले पदक विजेता खिलाड़ियों और भारतीय दल के सदस्यों से मुलाकात की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन और उनकी उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। खिलाड़ियों ने भी प्रधानमंत्री के साथ अपने अनुभव साझा किए और इस मुलाकात को यादगार बताया। प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों से बातचीत के दौरान उनके संघर्ष, अभ्यास और प्रतियोगिता के अनुभवों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए कहा कि खेल केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि युवाओं को अनुशासन, मेहनत और आत्मविश्वास की सीख भी देते हैं। खिलाड़ियों से मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सामाजिक माध्यम पर भारतीय दल के साथ एक रील साझा की। इसमें प्रधानमंत्री खिलाड़ियों के साथ नजर आ रहे हैं। रील के साथ उन्होंने खेलों को लेकर प्रेरक संदेश भी दिया। प्रधानमंत्री ने कहा, 'जो खेलेगा, वो खिलेगा। हमेशा भारत के लिए उत्साह बढ़ाएं।' उनके इस संदेश को खेलों में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन



करने से जोड़कर देखा जा रहा है। ग्लासगो में आयोजित राष्ट्रमंडल खेल 2026 में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 39 पदक जीते। इनमें 13 स्वर्ण, 17 रजत और नौ कांस्य पदक शामिल रहे। इस प्रदर्शन के साथ भारत पदक तालिका में चौथे स्थान पर रहा। इस बार राष्ट्रमंडल खेलों में पिछले संस्करणों की तुलना में प्रतियोगिताओं की संख्या कम थी। कई ऐसे खेल भी प्रतियोगिता का हिस्सा नहीं थे, जिनमें भारत पारंपरिक रूप से मजबूत माना जाता है। इसके बावजूद भारतीय खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन किया और देश के खाते में 39 पदक जोड़े। ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेल भारतीय जूडो के लिए विशेष रहे। भारत ने पहली बार एक ही राष्ट्रमंडल खेल में जूडो में दो स्वर्ण पदक हासिल किए। भारतीय खिलाड़ियों ने इस स्पर्धा में अपनी क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया और देश की पदक संख्या बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। जूडो में मिली सफलता को भारतीय खेलों में नई संभावनाओं के रूप में देखा जा रहा है। इससे देश के युवा खिलाड़ियों को इस खेल में आगे बढ़ने के लिए भी प्रोत्साहन मिलेगा। एथलेटिक्स में भारतीय खिलाड़ियों ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कीं। भाला फेंक में नीरज चोपड़ा ने रजत पदक जीतकर देश का मान बढ़ाया। वहीं, तेजस्विन शंकर ने पुरुषों के डेकाथलॉन में कांस्य पदक हासिल किया। डेकाथलॉन जैसी कठिन बहु-स्पर्धा में पदक जीतना भारतीय एथलेटिक्स के लिए विशेष उपलब्धि माना जा रहा है। भारतीय खिलाड़ियों के इस प्रदर्शन ने ट्रैक एंड फील्ड स्पर्धाओं में देश की बढ़ती क्षमता को भी दर्शाया। मुक्केबाजी में भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन बेहद प्रभावशाली रहा। भारतीय मुक्केबाजों ने सात स्वर्ण और तीन रजत पदक जीतकर देश को महत्वपूर्ण सफलता दिलाई। पुरुष और महिला दोनों वर्गों में भारतीय खिलाड़ियों ने मजबूत प्रदर्शन किया। मुक्केबाजी में मिले पदकों ने भारतीय दल को पदक तालिका में मजबूत स्थिति दिलाने में अहम भूमिका निभाई। खिलाड़ियों के प्रदर्शन की खेल जगत में भी सराहना हुई। भारोत्तोलन में भारतीय खिलाड़ियों ने कई महत्वपूर्ण पदक अपने नाम किए। इस खेल में अनुभवी खिलाड़ियों के साथ युवा खिलाड़ियों ने भी अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। वहीं, पैरा खेलों में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देश का गौरव बढ़ाया। पैरा खिलाड़ियों की सफलता विशेष रूप से महत्वपूर्ण रही, क्योंकि उन्होंने कठिन परिस्थितियों के बावजूद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और भारत की पदक संख्या में महत्वपूर्ण योगदान दिया। प्रधानमंत्री मोदी के साथ हुई मुलाकात को भारतीय खिलाड़ियों ने विशेष अवसर बताया। खिलाड़ियों ने प्रधानमंत्री के साथ प्रतियोगिता से जुड़े अनुभव साझा किए और बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करना उनके लिए गौरव का विषय रहा।

## जाति के नाम पर समाज को बांट रही सपा-कांग्रेस : सीएम योगी

**सिद्धार्थनगर(एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को सिद्धार्थनगर में 311 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 107 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने प्रदेश और केंद्र सरकार की विकास योजनाओं को गिनाया और विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी समाज को जाति के नाम पर बांटने की राजनीति कर रही हैं, जबकि उनके एजेंडे में विकास का कोई स्पष्ट विजन नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और नेतृत्व में पिछले वर्षों के दौरान देश और उत्तर प्रदेश में विकास की गति तेज हुई है। उन्होंने कहा कि कभी पिछड़े जिलों में गिने जाने वाला सिद्धार्थनगर अब विकास के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है और नीति आयोग की ओर से भी जिले के प्रयासों को सम्मान मिला है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश में 112 आकांक्षी जिले चिन्हित किए गए हैं। इनमें सिद्धार्थनगर ने विकास के विभिन्न मानकों पर उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि जिले ने विकास के क्षेत्र में तेजी से छलांग लगाई है और नीति आयोग से पुरस्कार प्राप्त करने वाले जिलों में भी अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि पिछले आठ-नौ वर्षों में केंद्र और राज्य



सरकार के प्रयासों से सिद्धार्थनगर में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और अन्य बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में काम हुआ है। अब यह जिला विकास की दौड़ में अग्रणी भूमिका निभाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी ने लंबे समय तक देश पर शासन किया, लेकिन शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार और उद्यमिता जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को लेकर ठोस दृष्टिकोण विकसित नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के लंबे शासन के बावजूद युवाओं के लिए कौशल प्रशिक्षण और रोजगार के पर्याप्त अवसरों का व्यवस्थित ढांचा तैयार नहीं हो सका। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के युवाओं को केवल डिग्री नहीं, बल्कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ कौशल प्रशिक्षण, रोजगार के अवसर और उद्यमिता के लिए अनुकूल वातावरण की आवश्यकता है। सरकार इन क्षेत्रों में लगातार काम कर रही है। योगी आदित्यनाथ ने केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश में कौशल विकास के लिए कोई व्यवस्थित व्यवस्था नहीं थी। अब उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में हजारों कौशल विकास केंद्र संचालित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में 17 हजार से अधिक कौशल विकास केंद्र और 15 हजार से ज्यादा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हैं। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भी संस्थानों की संख्या बढ़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों की संख्या 16 से बढ़कर 23 और भारतीय प्रबंधन संस्थानों की संख्या 13 से बढ़कर 22 हो गई है। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2014 में देश में 431 चिकित्सा महाविद्यालय थे, जबकि अब इनकी संख्या बढ़कर 818 हो गई है। उन्होंने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की संख्या में हुई वृद्धि का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पहले देश में एम्स की संख्या सीमित थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इसकी संख्या बढ़कर 23 तक पहुंची है। चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में भी सीटों की संख्या में वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री के अनुसार, वर्ष 2014 से पहले देश में एमबीबीएस की कुल सीटें 51,348 थीं, जबकि अब 1,28,926 विद्यार्थी एमबीबीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश ले रहे हैं।

## देहरादून में भाजपा की भव्य तिरंगा यात्रा, हजारों कार्यकर्ताओं ने लिया हिस्सा

**देहरादून(एजेंसी)।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की ओर से देहरादून में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। गांधी पार्क से घंटाघर तक निकाली गई इस यात्रा में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के बीच कार्यकर्ता यात्रा में आगे बढ़े। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी तिरंगा यात्रा में शामिल हुए और लोगों से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने-अपने घरों में तिरंगा फहराने का आह्वान किया। तिरंगा यात्रा में देशभक्ति का माहौल देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारे लगाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि तिरंगा केवल राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों के



गौरव, स्वाभिमान और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। तिरंगा यात्रा में शामिल होने से पहले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घंटाघर स्थित उत्तराखंड आंदोलन के महानायक स्वर्गीय इंद्रमणि बडोनी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके साथ ही उन्होंने भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर भी पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद मुख्यमंत्री गांधी पार्क पहुंचे और वहां से घंटाघर तक निकाली गई तिरंगा यात्रा में हजारों लोगों के साथ शामिल हुए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस देश के उन वीरों को याद करने का अवसर है, जिन्होंने राष्ट्र की आजादी और उसकी रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि तिरंगा यात्रा राष्ट्र गौरव का उत्सव है। तिरंगा करोड़ों भारतवासियों के स्वाभिमान और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और वीर जवानों ने तिरंगे की आन, बान और शान के लिए अपना जीवन समर्पित किया है। उन्होंने कहा कि आज देशवासियों का संकल्प होना चाहिए कि भारत की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहें। राष्ट्रभक्ति की भावना देवभूमि उत्तराखंड के कण-कण में बसी हुई है और यहां के लोगों का देश के प्रति समर्पण हमेशा प्रेरणादायी रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से महाशक्ति के रूप में आगे बढ़ रहा है। देश की अर्थव्यवस्था में लगातार वृद्धि हो रही है और भारत आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि 'मेक इन इंडिया', डिजिटल क्रांति और स्वदेशी तकनीक के विस्तार ने भारत की क्षमताओं को नई ऊंचाई दी है। आज भारत अनेक क्षेत्रों में दुनिया को नई दिशा देने की क्षमता रखता है।

## तिरंगा हमारा गौरव, देश के लिए सर्वश्रेष्ठ देने की प्रेरणा : पीएम मोदी

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभर में चलाए जा रहे 'हर घर तिरंगा' अभियान को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से इसमें उत्साहपूर्वक भाग लेने की अपील की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा तिरंगा केवल राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि देश के गौरव और प्रत्येक भारतीय को राष्ट्र के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने की निरंतर प्रेरणा का प्रतीक है। इस वर्ष 'हर घर तिरंगा' अभियान 9 से 17 अगस्त तक आयोजित किया जा रहा है। अभियान के तहत देशभर में लोगों को अपने घरों, प्रतिष्ठानों और सार्वजनिक स्थलों पर तिरंगा फहराने के साथ विभिन्न देशभक्ति कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर संस्कृति मंत्रालय की ओर से साझा की गई एक पोस्ट को पुनः साझा करते हुए अभियान के प्रति अपना संदेश दिया। उन्होंने कहा कि तिरंगा देशवासियों के लिए गौरव का प्रतीक है और यह हमेशा राष्ट्र के लिए बेहतर से बेहतर करने की प्रेरणा देता है। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से 'हर घर तिरंगा' अभियान में उत्साह के साथ भाग लेने और विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने के सामूहिक संकल्प को दोहराने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी कहा कि इस वर्ष के अभियान को 'वंदे मातरम्' को समर्पित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह विशेष अवसर है, क्योंकि देश 'वंदे मातरम्' की 150वीं वर्षगांठ भी मना रहा है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### ट्रॉला से भिड़ी ईको वैन; गुजरात के छह युवकों की मौत


**धार।** मध्य प्रदेश के धार जिले में रविवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में गुजरात के छह युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा धार-उज्जैन फोरलेन पर ग्राम पंचकवासा के पास हुआ। सभी युवक उज्जैन स्थित महाकाल मंदिर में दर्शन करने के बाद मारुति ईको वैन से गुजरात लौट रहे थे। जानकारी के अनुसार, हादसा रविवार दोपहर करीब एक बजे बदनावर-उज्जैन फोरलेन पर हुआ। गुजरात के वडोदरा से आए युवक ईको वैन क्रमांक जीजे 17 सीके 6134 से उज्जैन से वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे लोहे के सामान से लदे एक ट्रॉला क्रमांक जीजे 39 डीबी 9248 से उनकी वैन की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस से मिली प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक ट्रॉला कथित तौर पर रॉन्ग साइड से तेज गति में उज्जैन की ओर जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही ईको वैन से उसकी जबरदस्त टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ईको वैन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार छह युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।

### ईएमआई नहीं भरी तो तुरंत लॉक नहीं होगा फोन

**नई दिल्ली।** ईएमआई पर मोबाइल फोन, टैबलेट या लैपटॉप खरीदने वाले ग्राहकों के लिए राहत की खबर है। किसी महीने की किस्त नहीं भर पाने पर बैंक या ऋणदाता मनमाने तरीके से संबंधित डिवाइस को तुरंत लॉक नहीं कर सकेंगे। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संशोधित नियमों में डिवाइस के जरिए ऋण वसूली को लेकर स्पष्ट प्रक्रिया और ग्राहक के अधिकार तय किए गए हैं। नियमों के मुताबिक, किसी डिवाइस पर तकनीकी पाबंदी तभी लगाई जा सकती है, जब वह डिवाइस संबंधित ऋण से खरीदा गया हो और ऋण समझौते में इस तरह की कार्रवाई की स्पष्ट अनुमति दी गई हो। यानी केवल ईएमआई बकाया होने के आधार पर बैंक ग्राहक का निजी फोन मनमाने तरीके से बंद नहीं कर सकता। यदि ईएमआई पर खरीदे गए डिवाइस की किस्त बकाया हो जाती है और बकाया राशि 60 दिन से अधिक समय तक जमा नहीं होती, तो बैंक या ऋणदाता ग्राहक को नोटिस जारी कर सकता है। इस नोटिस में ग्राहक को बकाया राशि चुकाने के लिए कम से कम 21 दिन का समय देना होगा। यदि निर्धारित अवधि में ग्राहक भुगतान नहीं करता है तो ऋणदाता को आगे की कार्रवाई से पहले एक और नोटिस देना होगा। दूसरे नोटिस के बाद ग्राहक को कम से कम सात दिन का अतिरिक्त समय मिलेगा।

## हेलीकॉप्टर से कांवड़ियों पर हुई पुष्पवर्षा

**गाजियाबाद(एजेंसी)।** पवित्र कांवड़ यात्रा के दौरान रविवार को गाजियाबाद में शिवभक्ति और आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। जिला प्रशासन की ओर से कांवड़ मार्ग से गुजर रहे शिवभक्त कांवड़ियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया गया। आसमान से फूलों की वर्षा होते ही कांवड़ियों में उत्साह और खुशी की लहर दौड़ गई। हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा के दौरान पूरा कांवड़ मार्ग 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयघोष से गूंज उठा। बड़ी संख्या में कांवड़ियों ने हाथ उठाकर पुष्पवर्षा का स्वागत किया और भगवान शिव के जयकारे लगाए। इस दौरान मार्ग पर मौजूद श्रद्धालुओं में भी उत्साह देखने को मिला। जिला



प्रशासन की ओर से कांवड़ यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। यात्रा मार्ग पर सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, चिकित्सा सुविधा और अन्य आवश्यक इंतजाम किए गए हैं, ताकि कांवड़ियों को यात्रा के दौरान किसी तरह की परेशानी न हो। पुष्पवर्षा के दौरान कांवड़ियों ने प्रशासन के इस स्वागत की सराहना की। शिवभक्तों ने कहा कि हेलीकॉप्टर से हुई पुष्पवर्षा उनके लिए यादगार अनुभव रहा।

## युवाओं को राजनीतिक संरक्षण की जरूरत नहीं, मिलेगा न्याय : सीएम हेमंत सोरेन

**रांची(एजेंसी)।** झारखंड में जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षाओं से जुड़ी कथित अनियमितताओं को लेकर चल रहे छात्र आंदोलन के बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने युवाओं से राजनीतिक संरक्षण से दूर रहने की अपील की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं का अधिकार है कि उन्हें उनका हक मिले और उनके साथ न्याय हो। उन्होंने कहा कि सरकार की कार्रवाई के कारण ही प्रदेश के युवाओं में गलत काम के खिलाफ आवाज उठाने और अपने अधिकारों के लिए आंदोलन करने का साहस आया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि



युवाओं को अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने की जरूरत है, लेकिन उन्हें किसी राजनीतिक दल के सहारे की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार परीक्षा से जुड़ी अनियमितताओं के मामलों को गंभीरता से ले रही है और दोषी पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हेमंत सोरेन ने कहा कि कुछ लोगों की राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं बड़ी हैं और इन्हीं महत्वाकांक्षाओं के कारण राजनीतिक दल युवा पीढ़ी को अपने पक्ष में करने की कोशिश करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि देशभर में अलग-अलग राजनीतिक दल युवाओं को प्रभावित करने के लिए तरह-तरह की रणनीतियां अपना रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कई बार सच में झूठ मिलाकर युवाओं को गुमराह करने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने झारखंड के युवाओं से अपील की कि वे किसी के बहकावे में आए बिना अपने अधिकारों के लिए लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के युवा अपने अधिकारों के लिए प्रदर्शन और आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने परीक्षा व्यवस्था से जुड़ी अनियमितताओं को उजागर करने का काम किया है और युवाओं को न्याय दिलाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रक्रिया में यदि किसी स्तर पर गड़बड़ी या अनियमितता सामने आती है तो उसकी जांच की जाएगी। इसके लिए जिम्मेदार पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ कानून के तहत कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## चार हाईकोर्ट को मिलेंगे नए मुख्य न्यायाधीश

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भारत के प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाले सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने देश के चार हाईकोर्ट में नए मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की है। कॉलेजियम की छह अगस्त 2026 को हुई बैठक में विभिन्न हाईकोर्ट के न्यायाधीशों को मुख्य न्यायाधीश के पद पर पदोन्नत करने से संबंधित निर्णय लिया गया। इसके साथ ही कॉलेजियम ने दो हाईकोर्ट के न्यायाधीशों के तबादले की भी सिफारिश की है। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, कॉलेजियम ने पटना, कलकत्ता, बॉम्बे तथा पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पद के लिए चार न्यायाधीशों के नाम प्रस्तावित किए हैं। इन सिफारिशों पर अब केंद्र सरकार को निर्धारित प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई करनी होगी। कॉलेजियम ने दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति



वी. कामेश्वर राव को पटना हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की है। न्यायमूर्ति राव वर्तमान में दिल्ली हाईकोर्ट में कार्यरत हैं। कॉलेजियम की सिफारिश स्वीकार होने के बाद वह पटना हाईकोर्ट की कमान संभालेंगे। बॉम्बे हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रवींद्र वी. घुगे को कलकत्ता हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश बनाने की सिफारिश की गई है। उनके स्थानांतरण के साथ उन्हें कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की जिम्मेदारी दिए जाने का प्रस्ताव है। कॉलेजियम ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी को बॉम्बे हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की है। इस सिफारिश के बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट से बॉम्बे हाईकोर्ट में उनकी नई जिम्मेदारी तय होने का रास्ता साफ होगा। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में कार्यरत न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्रा को इसी हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की गई है। उनका मूल हाईकोर्ट इलाहाबाद हाईकोर्ट है। कॉलेजियम की सिफारिश के अनुसार अब उन्हें पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति के अलावा सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने दो हाईकोर्ट के न्यायाधीशों के तबादले की भी सिफारिश की है। कॉलेजियम के छह अगस्त को हुए विचार-विमर्श के बाद इन तबादलों को लेकर भी प्रस्ताव जारी किया गया। कॉलेजियम ने गुवाहाटी हाईकोर्ट के मूल न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनाश रंजन पाठक का उड़ीसा हाईकोर्ट से गुजरात हाईकोर्ट तबादला करने की सिफारिश की है। यानी उनकी नई तैनाती गुजरात हाईकोर्ट में किए जाने का प्रस्ताव है। इसी तरह न्यायमूर्ति कृष्ण राम महापात्र का उड़ीसा हाईकोर्ट से छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट तबादला करने की सिफारिश की गई है। दोनों न्यायाधीशों के स्थानांतरण संबंधी प्रस्ताव पर भी अब निर्धारित प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की ओर से की गई सिफारिशें न्यायाधीशों की नियुक्ति और तबादले की मौजूदा प्रक्रिया का हिस्सा हैं।

## डॉ. सोनिया नित्यानंद फिर बनीं केजीएमयू की कुलपति

**लखनऊ(एजेंसी)।** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) की कुलपति के पद पर एक बार फिर डॉ. सोनिया नित्यानंद की नियुक्ति की गई है। प्रदेश के कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी डॉ. सुधीर एम. बोबडे की ओर से इस संबंध में आदेश जारी किया गया है। आदेश के मुताबिक डॉ. सोनिया नित्यानंद को तीन वर्ष की अवधि के लिए कुलपति नियुक्त किया गया है। डॉ. सोनिया नित्यानंद इससे पहले भी केजीएमयू की कुलपति के रूप में जिम्मेदारी संभाल चुकी हैं। उनके पूर्व कार्यकाल के दौरान विश्वविद्यालय में चिकित्सा शिक्षा, शोध कार्यों और मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण पहल किए जाने का दावा किया गया। अब दोबारा जिम्मेदारी मिलने के बाद विश्वविद्यालय की चल रही योजनाओं को



आगे बढ़ाने की उम्मीद जताई जा रही है। डॉ. सोनिया नित्यानंद के लंबे प्रशासनिक और चिकित्सकीय अनुभव को देखते हुए उन्हें दोबारा केजीएमयू की कमान सौंपे जाने को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विश्वविद्यालय से जुड़े लोगों का कहना है कि संस्थान की कार्यप्रणाली और विभिन्न विभागों की जरूरतों से परिचित होने के कारण उन्हें नई जिम्मेदारी संभालने में भी सुविधा होगी। उनकी नियुक्ति ऐसे समय में हुई है, जब केजीएमयू में चिकित्सा शिक्षा के विस्तार के साथ शोध और उन्नत चिकित्सा सेवाओं को मजबूत करने पर भी जोर दिया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### पत्नी से विवाद के बाद पति ने खत्म कर ली अपनी जीवनलीला

**बस्ती।** बस्ती जिले के दुबौलिया थानान्तर्गत भिउरा गांव मे पत्नी से झगड़े के बाद 25 वर्षीय युवक आशुतोष ने शुक्रवार की रात मे फांसी लगाकर जान दे दिया। उसकी लाश शनिवार की सुबह कमरे मे फंदे से लटकती मिली। सुचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे मे लिया और पोस्टमार्टम को भेजा। जानकारी मिली है कि पत्नी सवे विवाद के बाद वह दूसरे कमरे मे सोने चला गया। शनिवार सुबह देर तक नही उठा तो परिजनों ने अंदर जाकर देखा, वहां आशुतोष पंखे से लटक रहा था। आशुतोष खेती किसानी का काम करता था। घटना के बाद परिजनों में हाहाकार मचा है और गांव मे शोक का माहौल है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले मे अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी।

### अलीगढ़ भुजपुरा में शराब विवाद बना मौत का कारण, चाकू से गला रेतकर युवक की हत्या




**अलीगढ़।** टिर्री में बैठकर साथ-साथ शराब पी रहे दो युवकों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते कहासुनी खूनी संघर्ष में बदल गई। एक युवक ने दूसरे की गर्दन पर चाकू से कई वार कर दिए। गंभीर रूप से घायल युवक जमीन पर गिर पड़ा। आसपास के लोग कुछ समझ पाते, इससे पहले आरोपित फरार हो गया। पुलिस घायल को जेएन मेडिकल कालेज लेकर पहुंची, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सनसनीखेज वारदात शनिवार रात कोतवाली क्षेत्र के भुजपुरा में हुई। पुलिस आरोपित की तलाश में जुटी है।

**यह है पूरा मामला** भुजपुरा की ठाकुर वाली गली निवासी अयूब का साला जावेद कई साल से उसके साथ रह रहा था। उसकी पत्नी और चार बच्चे जीवनगढ़ में रहते हैं। जावेद के भाई आदिल ने बताया कि शनिवार रात करीब साढ़े नौ बजे जावेद नाज पब्लिक स्कूल के पास क्षेत्र के ही फरदीन के साथ टिर्री में बैठकर शराब पी रहा था। इसी दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि कहासुनी के दौरान फरदीन ने जावेद पर चाकू से हमला कर दिया। उसने जावेद की गर्दन पर कई वार किए, जिससे वह लहूलुहान होकर बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। वारदात के बाद आसपास के लोगों ने आरोपित को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह मौके से भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल जावेद को जेएन मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, लेकिन वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# कांवड़ मेले के दौरान बस्ती पहुंचे उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक

**चिकित्सकों को किया सम्मानित, जिला अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं में सुधार के दिए निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने जनपद भ्रमण के दौरान स्टेशन रोड स्थित होटल बालाजी प्रकाश में आयोजित 'आभार समर्पण एवं चिकित्सक सम्मान समारोह' में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्ट योगदान के लिए जनपद के चिकित्सकों को सम्मानित किया और उनके सेवा भाव व जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि चिकित्सक समाज के स्वास्थ्य की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने चिकित्सकों से संवेदनशीलता और पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का आह्वान किया। समारोह के बाद उन्होंने जिला चिकित्सालय बस्ती का निरीक्षण किया। उन्होंने ड्रेसिंग कक्ष, आपातकालीन बाह्य रोगी विभाग और आपातकालीन वार्ड का जायजा लेकर मरीजों को मिल रही चिकित्सा सुविधाओं, उपकरणों, स्वच्छता व्यवस्था समेत अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

**आपातकालीन वार्ड में वातानुकूलन व शुद्ध पेयजल की व्यवस्था के निर्देश**

निरीक्षण के दौरान उपमुख्यमंत्री ने आपातकालीन वार्ड में वातानुकूलन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही अस्पताल में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने, परिसर की रंगाई-पुताई कराने और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि मरीजों और तीमारदारों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अस्पताल में रिक्त चिकित्सकीय पदों को शीघ्र भरने के निर्देश दिए, ताकि मरीजों को समय पर बेहतर चिकित्सा सेवाएं मिल सकें। मरीजों और तीमारदारों की सुविधा के लिए अस्पताल परिसर में पर्याप्त संख्या में बेंच लगवाने को भी कहा।

**मरीजों और तीमारदारों से लिया स्वास्थ्य सुविधाओं का फीडबैक**

निरीक्षण के दौरान ब्रजेश पाठक ने भर्ती मरीजों और उनके परिजनों से बातचीत कर अस्पताल में मिल रही चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और सभी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ समयबद्ध एवं सुगमता से उपलब्ध कराया जाए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार आमजन को गुणवत्तापूर्ण, सुलभ और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकारी अस्पतालों में आने वाले प्रत्येक मरीज को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और चिकित्सकों से सेवा भाव, संवेदनशीलता, पारदर्शिता तथा पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्रा, विधान परिषद सदस्य सुभाष यदुवंश, जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्स्ना, पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल, मुख्य राजस्व अधिकारी कीर्ति प्रकाश भारती, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजीव निगम, पीडी आनंद कुमार गुप्ता, उप जिलाधिकारी राजेश यादव, एसआईसी डॉ. अनिल कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## चेयरमैन कौशलेन्द्र प्रताप सिंह ने कांवड़ियों के लिए लगाया विशाल भंडारा

**हरैंया नगर पंचायत में श्रद्धालुओं की सेवा के लिए हुआ आयोजन**



**बस्ती।** बस्ती जिले के हरैया नगर पंचायत हरैंया के अध्यक्ष कौशलेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में कांवड़ियों एवं श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे और चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। भंडारे में श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद एवं जलपान की व्यवस्था की गई है, वहीं चिकित्सा शिविर के माध्यम से कांवड़ियों को आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। आयोजन में पहुंच रहे श्रद्धालुओं ने व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष कौशलेन्द्र प्रताप सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया। श्रद्धालुओं का कहना है कि इस तरह के सेवा कार्य कांवड़ यात्रा के दौरान काफी राहत प्रदान करते हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष के नेतृत्व में आयोजित इस सेवा कार्यक्रम को लेकर स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं में भी उत्साह देखने को मिल रहा है। चेयरमैन कौशलेन्द्र प्रताप ने मीडिया टीम से बातचीत में कहा यह आयोजन का छठवां वर्ष है और ऐसा ही आयोजन लगातार आगे भी जारी रहेगा।

## कांवड़ यात्रा की सुरक्षा को लेकर कंट्रोल रूम का निरीक्षण



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में सावन मास में चलने वाले कावड़ यात्रा को संपन्न करने के लिए पुलिस अधीक्षक और जिला अधिकारी महोदय कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया तथा सीसी फुटेज में सारी स्थिति अवगत हुई श्रावण मास की पवित्र कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी बस्ती तथा पुलिस अधीक्षक बस्ती द्वारा पुलिस लाइन सभागार में स्थापित अत्याधुनिक कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिले में सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और सीसीटीवी कैमरों से की जा रही निगरानी का गहन जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिले के मुख्य चौराहों, कांवड़ मार्गों, एनएच (राष्ट्रीय राजमार्ग) तथा भदेश्वरनाथ मंदिर परिसर में स्थापित CCTV कैमरों की लाइव फीड और स्ट्रीमिंग की बारीकी से जांच की गयी। शहर व कांवड़ मार्ग के सभी प्रमुख स्थानों पर लगे कैमरों को ज़ूम-इन करके सुरक्षा व्यवस्था की लाइव स्थिति देखी गई। संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले इलाकों पर विशेष दृष्टि रखने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के उपरांत मीडिया को जानकारी देते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि कांवड़ यात्रा की विशालता और जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पूरे कांवड़ मार्ग और जिले को ज़ोन तथा सेक्टरों में विभाजित किया गया है।

प्रत्येक ज़ोन और सेक्टर में पर्याप्त पुलिस बल और मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाई गई है। कांवड़ मार्ग की सड़कों की मरम्मत का कार्य पूर्व में ही पूर्ण कर लिया गया है तथा मार्ग पर साफ-सफाई एवं पर्याप्त प्रकाश की उत्तम व्यवस्था की गई है। पूरे रूट पर सब-स्टेशन (संयुक्त कंट्रोल रूम) स्थापित किए गए हैं, जहाँ विभिन्न विभागों की संयुक्त टीमें 24 घंटे तैनात हैं ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जा सके। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने कंट्रोल रूम में तैनात कर्मचारियों व अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया। बस्ती पुलिस प्रशासन कांवड़ यात्रा को पूर्ण रूप से सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए पूरी तरह मुस्तैद और कटिबद्ध है। माहौल बिगाड़ने वालों पर सक्त कार्रवाई होगी।

## नाबालिग को शादी का झांसा देकर भगाने वाला अभियुक्त गिरफ्तार




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** थाना कोतवाली देहात पुलिस ने नाबालिग किशोरी को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर भगाने के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस की कार्रवाई से मामले में आगे की विधिक कार्रवाई का रास्ता साफ हुआ है। पुलिस के अनुसार, बीते 5 अगस्त को वादिनी ने थाना कोतवाली देहात में सूचना दी थी कि उनकी करीब 15 वर्षीय पुत्री को श्रवण कुमार पुत्र घिराऊ निवासी ग्राम इमिलिया, थाना तुलसीपुर, जनपद बलरामपुर शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है। सूचना के आधार पर पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 323/2026 के तहत धारा 137(2)/87 बीएनएस में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने उसी दिन किशोरी को सकुशल बरामद कर आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी की थी।

पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री विकास कुमार के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक श्री विशाल पाण्डेय एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री अभिषेक सिंह के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक श्री गिरिजेश तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम अभियुक्त की तलाश में जुटी थी। रविवार को उपनिरीक्षक हरिश्चन्द्र चौधरी एवं हेड कांस्टेबल ऋतुराज यादव को मुखबिर से सूचना मिली कि मुकदमे का वांछित अभियुक्त श्रवण कुमार फुलवरिया रेलवे ओवरब्रिज के नीचे मौजूद है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मुकदमे में धारा 64(2)एम/65(1) बीएनएस की बढ़ोतरी करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। गिरफ्तार अभियुक्तः श्रवण कुमार पुत्र घिराऊ, निवासी ग्राम इमिलिया, थाना तुलसीपुर, जनपद बलरामपुर। गिरफ्तारी करने वाली टीमः उपनिरीक्षक हरिश्चन्द्र चौधरी एवं हेड कांस्टेबल ऋतुराज यादव।

### बीयर पिलाने से मना करने पर कारोबारी से 60 हजार छीने

**अलीगढ़।** बीयर पिलाने से मना करना काले तेल कारोबारी को भारी पड़ गया। इब्राहिमपुर स्थित ठेके पर मिले एक युवक ने पहले बीयर पिलाने की मांग की। कारोबारी ने विरोध किया तो आरोपित ने उसके साथ मारपीट की और जेब में रखे 60 हजार रुपये छीनकर फरार हो गया। पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से घटना से संबंधित 55 हजार रुपये बरामद किए गए हैं। घटना पांच अगस्त की है। पुलिस के अनुसार नीबरी निवासी कारोबारी गुड्डू इब्राहिमपुर स्थित ठेके पर बीयर लेने गया था। इसी दौरान वहां उसकी मुलाकात हैवतपुर फगोई, सदलपुर थाना लोधा निवासी सतेन्द्र से हो गई।आरोप है कि सतेन्द्र ने उससे बीयर पिलाने के लिए कहा। कारोबारी ने इससे इनकार किया तो आरोपित ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद जेब में रखे 60 हजार रुपये निकालकर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। मामले में पीड़ित की तहरीर पर रोरावर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था।

## कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन मुस्तैद, डीएम-एसपी ने तैयारियों की समीक्षा कर दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले मेंकांवड़ यात्रा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। रविवार को जिलाधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर कांवड़ यात्रा की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रा मार्गों का स्थलीय निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं समय से दुरुस्त करा ली जाएं।

कांवड़ियों की सुविधा के लिए मार्गों पर साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और चिकित्सा सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए और सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कांवड़ यात्रा मार्गों, प्रमुख चौराहों एवं संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती तथा प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने को कहा। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने और कांवड़ियों को किसी प्रकार की परेशानी न होने देने के निर्देश भी दिए गए।

अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कांवड़ यात्रा के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी सतर्कता बरती जाए। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियां पहले से पूरी रखने तथा सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजीव निगम, मुख्य राजस्व अधिकारी कीर्ति प्रकाश भारती अपर जिलाधिकारी ज्ञानचन्द्र गुप्ता, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, पीडी आनन्द कुमार गुप्ता, डीपीआरओ घनश्याम सागर, उप जिलाधिकारी शत्रुघ्न पाठक, हिमांशु कुमार, उमाकांत तिवारी, प्रमोद कुमार, अहमद फरीद खान, रश्मि यादव, जिला पूर्ति अधिकारी विमल शुक्ला, जिला विद्यालय निरीक्षक संजय सिंह, एआरटीओ धर्मेन्द्र कुमार, बीएसए अनुप तिवारी, क्षेत्राधिकारी पुलिस सत्येंद्र भूषण तिवारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## बहू-बेटी सम्मेलन व साइबर जागरूकता अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर** महिला सशक्तिकरण, नारी सुरक्षा एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत दिनांक 9 अगस्त 2026 को थाना व जनपद बलरामपुर क्षेत्र में बहू-बेटी सम्मेलन एवं साइबर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा एवं जागरूकता को लेकर दिए गए निर्देशों के क्रम में आयोजित किया गया। अभियान का संचालन अपर पुलिस अधीक्षक विशाल कुमार पांडे एवं क्षेत्राधिकारी ललिया देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव के कुशल पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी के निर्देशन में थाना महाराजगंज तराई ग्राम पंचायत अमरहवा कला में आयोजन किया गया। अभियान में साइबर हेल्प डेक्स आरक्षी धीरज तिवारी की भी सक्रिय भूमिका रही।

कार्यक्रम के अंतर्गत थाना क्षेत्र के ग्राम अमरहवा कला एवं कस्बा चौराहा भीड़भाड़ रेलवे स्टेशन आदि जगह पर बजार सहित विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं एवं किशोरियों को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा साइबर अपराधों से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। महिला आरक्षी सोनम अवस्थी द्वारा बहू-बेटी सम्मेलन के माध्यम से महिलाओं को स्वयं के साथ होने वाले अपराधों की पहचान, उनसे बचाव एवं त्वरित सहायता प्राप्त करने के तरीकों के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सभी थानों में स्थापित मिशन शक्ति केंद्र की जानकारी देते हुए बताया गया कि महिलाएं किसी भी समस्या के समाधान हेतु यहां अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं। साथ ही महिलाओं से संबंधित अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जारी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई, जिनमें 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड केयर लाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 101 अग्निशमन सेवा, 14567 एल्डर हेल्पलाइन तथा 1930 साइबर हेल्पलाइन शामिल हैं। सोनम अवस्थी द्वारा अतिरिक्त नए कानूनों एवं नई धाराओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत महिलाओं को सुरक्षा व अधिकारों की दी गई जानकारी**

कार्यक्रम में कुल 130 महिलाएं एवं 55 किशोरियां 40 पुरुष 35 उपस्थित रहे, जिन्होंने अभियान को उपयोगी बताते हुए पुलिस प्रशासन की इस पहल की सराहना की। इस जागरूकता अभियान में मिशन शक्ति टीम से मुख्य आरक्षी तेरस राम यादव आरक्षी पवनेश कुमार महिला आरक्षी सोनम अवस्थी, अंजली वर्मा सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

## हसनापुर में भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन, संगठन मजबूती पर दिया जोर




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**उन्नाव।** नवाबगंज ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत हसनापुर में रविवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोहान विधानसभा क्षेत्र के विधायक बृजेश कुमार रावत रहे। सम्मेलन का आयोजन पूर्व प्रधान एवं कार्यक्रम संयोजक वीरेंद्र सिंह चौहान ने किया। कार्यक्रम में नवाबगंज ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह के साथ अभेंद्र सिंह, हरिकेश सिंह, बबलू बाजपेई, शैलेंद्र सिंह, दीपक सिंह, कमल नयन मिश्रा, नीरज सिंह, अखिलेश प्रताप सिंह और जितेंद्र प्रताप सिंह उर्फ जीतू समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अतिथियों और कार्यकर्ताओं का रविंद्र सिंह ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। उन्हें अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित भी किया गया। सम्मेलन में केंद्र और प्रदेश सरकार की ओर से संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं और भाजपा सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने पार्टी की नीतियों और सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के साथ ही बूथ स्तर पर संगठन को और मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यकर्ताओं से आगामी कार्यक्रमों और संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी की अपील की गई। सम्मेलन में मौजूद कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने और पार्टी की नीतियों को आमजन तक पहुंचाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## मिशन शक्ति के तहत बहू-बेटी सम्मेलन आयोजित



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. द्वारा महिला सशक्तिकरण, एंटी रोमियो अभियान एवं महिलाओं की सुरक्षा एवं जागरूकता के संबंध में दिए गए निर्देशों के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में व समस्त क्षेत्राधिकारीगण के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थानों की एंटी रोमियो टीम के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 द्वितीय चरण के अन्तर्गत बहु-बेटी सम्मेलन एवं महिला सशक्तिकरण चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान समस्त थानों पर नियुक्त एंटी रोमियो टीम द्वारा विभिन्न गांवो में जाकर बहू-बेटी सम्मेलन आयोजित कर विभिन्न प्रकार के साइबर क्राइम तथा उनसे बचाव के संबंध में व 1930-साइबर हेल्पलाइन नंबर, 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा, थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र के विषय में विस्तार से जानकारी दी गयी तथा महिला सशक्तिकरण से संबंधित शासन की विभिन्न योजनाओं के विषय में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया गया । चर्चा के दौरान गुड टच-बैड टच, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध जैसे विषयों पर भी विस्तृत रूप से वार्ता की गई तथा उपस्थित महिलाओं को पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया गया।

## यूपी में बदले जाएंगे आपत्तिजनक नाम वाले गांवों के नाम




**अलीगढ़।** जिले में कुछ गांव ऐसे हैं, जिनके नाम को लेकर स्थानीय लोगों को असहज स्थिति का सामना करना पड़ता है। खासकर स्कूल-कॉलेज जाने वाले छात्र-छात्राओं को सार्वजनिक रूप से अपने गांव का नाम बताने में झिझक महसूस होती है। ऐसे नाम अब बदले जा सकते हैं। राजस्व परिषद के निर्देश पर प्रदेशभर में ऐसे गांवों को चिह्नित कर रिपोर्ट तैयार कराई जा रही है। इस अभियान के दायरे में विशेष रूप से वे गांव शामिल किए जा रहे हैं, जिनके नाम अनुसूचित जाति की विभिन्न उपजातियों के नाम पर रखे गए हैं। शासन स्तर पर ऐसे नामों को बदलकर उपयुक्त नाम देने की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके लिए अलीगढ़ मंडल के अलीगढ़, हाथरस, एटा व कासगंज जिलों से भी जानकारी जुटाई जा रही है। अलीगढ़ मंडल के अपर आयुक्त प्रथम अखिलेश यादव ने चारों जिलों के डीएम को पत्र भेजकर इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। पत्र में राजस्व परिषद के आयुक्त एवं सचिव की ओर से भेजे गए निर्देशों का हवाला देते हुए कहा गया है कि अनुसूचित जाति की विभिन्न उपजातियों के नाम पर रखे गए गांवों के नाम परिवर्तन के संबंध में प्रस्ताव तैयार किए जाएं। प्रशासन को निर्देश दिया गया है कि जहां नाम बदलने का औचित्य पाया जाए, वहां प्रत्येक गांव का अलग-अलग प्रस्ताव तैयार कर स्पष्ट आख्या और संस्तुति के साथ शासन को भेजी जाए।

**नाम के साथ जुटाई जा रही पूरी जानकारी** प्रशासनिक स्तर पर तैयार की जा रही रिपोर्ट में केवल गांव का वर्तमान नाम ही दर्ज नहीं किया जा रहा, बल्कि उसके नामकरण का आधार भी तलाशा जा रहा है। स्थानीय स्तर पर गांव किस नाम से जाना जाता है और किसी वैकल्पिक नाम का सुझाव है या नहीं, इसकी जानकारी भी जुटाई जा रही है। इसके लिए संबंधित विभागों व स्थानीय स्तर से तथ्य एकत्र किए जा रहे हैं। रिपोर्ट तैयार होने के बाद प्रस्ताव शासन को भेजे जाएंगे। अंतिम निर्णय शासन से ही होगा।

## युवाओं से मंत्री धर्मवीर प्रजापति की अपील, उद्योग क्षेत्र में आएं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सुल्तानपुर।** उत्तर प्रदेश के मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने सुल्तानपुर दौरे के दौरान युवाओं से अपील की है। उन्होंने कहा कि युवा केवल सरकारी नौकरियों के पीछे न भागें, बल्कि उद्योग और व्यवसाय के क्षेत्र में कदम बढ़ाकर आत्मनिर्भर बनें। मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने यह बात पंडित राम नरेश त्रिपाठी सभागार में आयोजित भगवान दक्ष प्रजापति जयंती एवं सम्मान समारोह के अवसर पर मीडिया से बातचीत में कही। उन्होंने शिक्षा और स्वरोजगार के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि बच्चों को शिक्षित बनाना हर परिवार की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने युवाओं से एक लक्ष्य तय कर पढ़ाई करने का आग्रह किया।

मंत्री ने युवाओं को केवल सरकारी नौकरी या सेवा तक सीमित न रहने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि केंद्र और प्रदेश सरकार माटी कला बोर्ड, खादी ग्रामोद्योग, जिला उद्योग केंद्र और कौशल विकास जैसी कई योजनाएं चला रही हैं। इन योजनाओं के तहत प्रशिक्षण और बैंक ऋण की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि उद्योग क्षेत्र में कदम रखकर युवा न केवल खुद रोजगार पा सकते हैं, बल्कि 50 से 100 अन्य लोगों को भी रोजगार देने में सक्षम बन सकते हैं। नगर के लोहिया चौकी विवाद और बसंती देवी के मामले पर पत्रकारों के सवाल पर मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने जवाब दिया। उन्होंने कहा कि इस मामले को अनसुना नहीं किया गया है।

उन्होंने बताया कि पूर्व पुलिस कप्तान से भी इस संबंध में बातचीत हुई थी और अब नए पुलिस कप्तान से भी लगातार वार्ता चल रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही पुलिस चौकी के लिए उपयुक्त स्थान तलाश कर समस्या का स्थायी निस्तारण कराया जाएगा। जिले के स्थानीय राजनीतिक विवादों और कथित ऑडियो वायरल से जुड़े सवाल पर मंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार निष्पक्ष जांच एजेंसियों की रिपोर्ट के आधार पर उचित कानूनी कार्रवाई करती है। पत्रकारों को धमकी मिलने से जुड़े मुद्दे पर उन्होंने कहा कि यह बात मीडिया के माध्यम से संज्ञान में आई है और इस पर जांच कराई जाएगी।

# हर घर लहराए तिरंगा, हर संस्था में गूंजे वंदे मातरम : सीएम योगी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** काकोरी ट्रेन एक्शन की 101वीं वर्षगांठ के अवसर पर रविवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश के स्वतंत्रता संग्राम के क्रांतिकारियों को नमन करते हुए उनके संघर्ष और बलिदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि देश के महान क्रांतिकारियों का एक ही उद्देश्य था कि भारत माता को गुलामी की बेड़ियों से मुक्त कराया जाए। इसके लिए उन्होंने अपने जीवन की परवाह किए बिना सर्वोच्च बलिदान दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी का इतिहास केवल किताबों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। नई पीढ़ी को देश के वीर शहीदों और क्रांतिकारियों के त्याग, संघर्ष और राष्ट्रभक्ति से परिचित कराना जरूरी है, ताकि उनमें देश के प्रति जिम्मेदारी और गौरव की भावना मजबूत हो सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि काकोरी की घटना को डकैती कहना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन के पीछे क्रांतिकारियों का उद्देश्य निजी लाभ हासिल करना नहीं, बल्कि अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ स्वतंत्रता आंदोलन को मजबूत करना था। उन्होंने कहा कि क्रांतिकारी भारत को अंग्रेजी शासन से मुक्त कराने के लिए संघर्ष कर रहे थे। अंग्रेजी शासन ने इस घटना को डकैती के रूप में प्रचारित किया, लेकिन स्वतंत्र भारत में भी लंबे समय तक इसी शब्दावली का इस्तेमाल किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'काकोरी ट्रेन एक्शन' नाम देकर इस घटना को उसके ऐतिहासिक संदर्भ और क्रांतिकारियों के सम्मान से जोड़ने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास का महत्वपूर्ण अध्याय है। इसमें शामिल क्रांतिकारियों ने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया था। उनके बलिदान को याद करना और आने वाली पीढ़ियों तक उनकी गाथा पहुंचाना समाज की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चौरीचौरा की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि 1922 में हुए इस महत्वपूर्ण घटनाक्रम के बाद कांग्रेस ने आजादी के आंदोलन को स्थगित कर दिया था। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में अनेक ऐसे प्रसंग हैं, जिनमें क्रांतिकारियों और आम लोगों ने अंग्रेजी शासन के खिलाफ संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि देश की आजादी किसी एक व्यक्ति या संगठन के प्रयास का परिणाम नहीं थी। इसमें असंख्य ज्ञात-अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों और क्रांतिकारियों का योगदान रहा। कई लोगों ने जेल की यातनाएं सहीं तो अनेक लोगों ने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। मुख्यमंत्री ने वर्तमान समय में सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव का जिक्र करते हुए कहा कि भारत विरोधी ताकतें सोशल मीडिया मंचों का दुरुपयोग कर देश के खिलाफ अफवाह फैलाने और समाज को गुमराह करने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी परिस्थितियों में युवाओं को देश के इतिहास की वास्तविकता और स्वतंत्रता आंदोलन के नायकों के योगदान की सही जानकारी देना बेहद जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन लोगों ने युवा पीढ़ी को क्रांतिकारियों और राष्ट्रनायकों के गौरवशाली इतिहास से दूर रखा, उन्होंने युवाओं के साथ अन्याय किया। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को यह जानना चाहिए कि देश को आजादी किस संघर्ष और बलिदान के बाद मिली। इतिहास की जानकारी युवाओं में राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना पैदा करने के साथ उन्हें देश के विकास में योगदान देने के लिए भी प्रेरित करेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों से अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने की अपील की। उन्होंने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। स्वतंत्रता दिवस पर हर घर में तिरंगा लहराना चाहिए और पूरे उत्साह के साथ राष्ट्रीय पर्व मनाया जाना चाहिए।

# छह सौ मीटर अधूरी सड़क को लेकर किसानों में आक्रोश, 19 अगस्त से धरने की चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नगराम।** समेसी से मोहनलालगंज जाने वाले मार्ग पर कमलापुर-विचिलखा माइनर से कुबहरा गांव तक करीब छह सौ मीटर अधूरी सड़क को लेकर किसानों और ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। रविवार को कुबहरा गांव में राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन की बैठक हुई। इसमें सैकड़ों किसान और मजदूर शामिल हुए। बैठक में सड़क निर्माण को लेकर आंदोलन की रणनीति तय की गई। किसानों ने बताया कि वन विभाग की आपत्ति के चलते कमलापुर-विचिलखा माइनर से कुबहरा गांव तक करीब छह सौ मीटर सड़क का निर्माण वर्षों से अधूरा है। मार्ग कच्चा होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है। बारिश के दिनों में स्थिति और खराब हो जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण पूरा होने से आसपास के कई गांवों के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 11 अगस्त को वन विभाग, लोक निर्माण विभाग, पुलिस आयुक्त और जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर सड़क निर्माण शुरू कराने की मांग की जाएगी। किसानों ने चेतावनी दी कि ज्ञापन देने के बाद एक सप्ताह के भीतर निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो 19 अगस्त से कुबहरा गांव में अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि धरना सड़क निर्माण शुरू होने तक जारी रहेगा। आंदोलन को शांतिपूर्ण तरीके से चलाने और अधिक से अधिक किसानों व मजदूरों को जोड़ने का निर्णय लिया गया। आंदोलन की तैयारियों और संबंधित विभागों से समन्वय की जिम्मेदारी केशव राम को सौंपी गई। इस मौके पर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के मंडल महामंत्री हरिपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष रामकुमार यादव, रामपाल राजपूत, कुलदीप यादव, जिला सचिव अरविंद कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश कुमार, राम कुमार प्रधान पति, नन्हे राम, राजलाल, सुंदर लाल, सुखलाल, विजय बहादुर, घूरूलाल, रामकिशोर समेत सैकड़ों किसान-मजदूर मौजूद रहे।

# एक ही जीएसटी बिल पर तीन बार ढोया माल, निगोहां पुलिस ने पकड़ा खेल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**निगोहां, लखनऊ।** निगोहां पुलिस ने संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के दौरान जीएसटी चोरी के मामले का खुलासा किया है। पुलिस के मुताबिक एक ही जीएसटी बिल और ई-वे बिल का इस्तेमाल कर पान मसाला व तंबाकू उत्पाद से लदे वाहन से तीन बार माल का परिवहन किया जा रहा था। टोल प्लाजा और राज्य कर विभाग के अधिकारियों की नजर से बचने के लिए वाहन को दूसरे रास्तों से निकाला जाता था। पुलिस ने वाहन, माल और चालक को राज्य कर विभाग के अधिकारियों के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस के अनुसार रविवार रात ग्राम रतनपुर में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान टीम ने वाहन संख्या क्क32-त्तह्न-4810 को रोककर तलाशी ली। वाहन में पान पारस पान मसाला और तंबाकू उत्पाद लदे मिले। चालक दिनेश कुमार गिरी पुत्र शिव गिरी निवासी ग्राम राषोपुर, थाना गौरीगंज, अमेठी से माल से संबंधित दस्तावेज मांगे गए। चालक ने पुलिस को जीएसटी बिल और ई-वे बिल दिखाया। दस्तावेजों की जांच में प्रथम दृष्टया सामने आया कि एक ही जीएसटी बिल और ई-वे बिल का इस्तेमाल कर तीन बार माल का परिवहन किया गया था। पूछताछ में चालक ने पुलिस को बताया कि टोल प्लाजा और राज्य कर विभाग के अधिकारियों की नजर से बचने के लिए वाहन को दूसरे रास्तों से निकाला जाता था। मामला जीएसटी और कर चोरी से संबंधित होने की जानकारी मिलने पर निगोहां पुलिस ने तत्काल राज्य कर विभाग को सूचना दी। सूचना पर राज्य कर विभाग के असिस्टेंट डिप्टी कमिश्नर अमित तिवारी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और वाहन में लदे माल तथा दस्तावेजों की जांच की। इसके बाद पुलिस ने वाहन, माल और चालक को आवश्यक विधिक कार्रवाई के लिए राज्य कर विभाग के अधिकारियों के सुपुर्द कर दिया। थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि संदिग्ध वाहनों की नियमित चेकिंग के दौरान वाहन की जांच की गई थी। दस्तावेजों में प्रथम दृष्टया एक ही जीएसटी बिल पर कई बार माल के परिवहन की बात सामने आई है। मामला कर चोरी से संबंधित होने के कारण राज्य कर विभाग को सूचना देकर वाहन, माल और चालक को उनके सुपुर्द कर दिया गया है। विभागीय स्तर पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# उच्च न्यायालय से गांधी विद्यालय प्रबंधन को बड़ी राहत, 16-डी की कार्रवाई पर तत्काल रोक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिधौली/ सीतापुर।** श्री गांधी विद्यालय इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रबंधन को लेकर चल रहे विवाद में विद्यालय प्रबंधन समिति को माननीय उच्च न्यायालय से बड़ी राहत मिली है। विद्यालय प्रबंधन के विरुद्ध की गई 16-डी की कार्रवाई के बाद प्रबंधन तंत्र का नियंत्रण जिला विद्यालय निरीक्षक के अधीन कर दिया गया था। अब माननीय उच्च न्यायालय ने मामले में सुनवाई करते हुए उक्त कार्रवाई पर दिनांक 5/8/2026 रोक लगाते हुए विद्यालय के प्रबंधन तंत्र को पुनः बहाल कर दिया गया है। उच्च न्यायालय के निर्णय के बाद विद्यालय प्रबंधन समिति से जुड़े लोगों में खुशी का माहौल है। प्रबंधन पक्ष का कहना है कि लंबे समय से पुरानी शिकायतों और विवादों को आधार बनाकर विद्यालय प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर कुछ अवन्छित तत्वों सवाल उठाए जा रहे थे, जबकि न्यायालय ने सुनवाई के दौरान कार्रवाई की प्रक्रिया और उसके आधार पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। बताया जाता है कि विद्यालय में 19 लाख रुपये से अधिक की छात्रवृत्ति से संबंधित गबन /घोटाले के आरोपों को लेकर पूर्व प्रधानाचार्य डा राम प्रताप वर्मा और बर्खास्त प्रधान लिपिक अवलोकितेश्वर अवस्थी( पंकज अवस्थी) समेत अन्य 9 लोगों के विरुद्ध एफ आई आर कार्रवाई का मामला सामने आया था। प्रबंधन पक्ष के अनुसार, छात्रवृत्ति की धनराशि सरकारी खाते में जमा किए जाने के बाद भी संबंधित लोगों के विरुद्ध तत्काल अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई थी। जिसको लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक की ओर से विद्यालय प्रबंधक डॉ. कमल जैन को सूचित किया कर मामले में विधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। कि यदि कथित छात्रवृति गबन मामले में दोषीओ पर कार्रवाई नहीं कि गयी तो यह माना जाएगा कि यह गबन प्रबंधन कि सह सहमति हुआ है इसके बाद विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा संबंधित लोगों के विरुद्ध विभागीय अनुमोदन के उपरांत समुचित की कार्रवाई की गई। मामले में बाद में दो मुख्य आरोपियों सहित कुल नौ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराए जाने की बात भी सामने आई। विद्यालय प्रबंधन समिति का आरोप है कि छात्रवृत्ति प्रकरण से जुड़े कुछ लोग लगातार द्वारा विभिन्न माध्यमों से विद्यालय के प्रबंधक डॉ. कमल जैन तथा पूर्व प्रबंधन पर मिथ्या आरोप लगाकर संस्था की छवि धूमिल करने का प्रयास करते रहे हैं। तथा प्रबंध समिति भंग कर उसे हथियाने और समिति कि जमीन कब्जाने के प्रयास में लगे हुए हैं। प्रबंधन पक्ष का कहना है कि किसी भी वित्तीय अनियमितता की जांच और दोषियों पर कार्रवाई होना स्वाभाविक है, लेकिन किसी प्रकरण के आधार पर पूरे विद्यालय प्रबंधन को लगातार कटघरे में खड़ा करना उचित नहीं है। प्रबंधन के अनुसार, इसी विवाद के बीच 16-डी की कार्रवाई की गई, जिसके चलते विद्यालय के प्रबंधन तंत्र का नियंत्रण जिला विद्यालय निरीक्षक के अधीन चला गया था। हाईकोर्ट के फैसले से प्रबंधन को मिली मजबूती अब माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय के बाद विद्यालय प्रबंधन समिति ने इसे सत्य और न्याय की जीत बताया है। प्रबंधन पक्ष का कहना है कि न्यायालय ने यह स्पष्ट किया कि पुरानी शिकायतों को आधार बनाकर बिना पर्याप्त विचार के की गई कार्रवाई उचित नहीं मानी जा सकती। हाईकोर्ट की रोक के बाद विद्यालय प्रबंधन को अपना कार्यभार पुनः संभालने का अवसर मिला है। प्रबंधन समिति का कहना है कि न्यायालय के निर्णय से यह संदेश गया है कि किसी भी संस्था के प्रबंधन के विरुद्ध कार्रवाई करते समय तथ्यों, प्रक्रिया और वर्तमान परिस्थितियों का निष्पक्ष मूल्यांकन आवश्यक है। विद्यालय प्रबंधन से जुड़े लोगों ने कहा कि अब उनका मुख्य उद्देश्य विद्यालय की शैक्षिक व्यवस्था को मजबूत करना, विद्यार्थियों के व्यापक हितों को प्राथमिकता देना और संस्था की गरिमा एवं प्रतिष्ठा को और बेहतर करना है। प्रबंधन समिति ने न्यायालय के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि वह आगे भी विद्यालय के विकास, पारदर्शी व्यवस्था और विद्यार्थियों के हित में कार्य करती रहेगी।

# व्यक्ति के नहर में कूदने की जताई गई आशंका

**बिसवां सीतापुर।** पुरैनी पुल के पास नहर किनारे ठेलिया और चप्पलें मिलने से रविवार को एक व्यक्ति के नहर में कूदने की आशंका जताई गई। सूचना पर पुलिस ने पांच गोताखोरों को नहर में उतारकर तलाश शुरू करा दी।

अभी युवक के नहर में कूदने की पुष्टि नहीं हुई है।बिसवां के मोहल्ला झज्जर निवासी रामबिलास यादव पुत्र जसवंत यादव रविवार सुबह करीब छह बजे घर से काम करने के लिए निकले थे। दोपहर करीब 12:30 बजे पुरैनी पुल के पास नहर किनारे उनकी ठेलिया और चप्पलें मिलीं। इसकी जानकारी होने पर परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही पुलिस ने पांच गोताखोरों को नहर में उतारकर रामबिलास की तलाश शुरू कराई। गोताखोर नहर में संभावित स्थानों पर तलाश कर रहे हैं। हालांकि अभी तक रामबिलास के नहर में कूदने की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस का कहना है कि ठेलिया और चप्पलें नहर किनारे मिलने के कारण आशंका जताई जा रही है। मामले की जांच के साथ नहर में तलाश जारी है।

# पेट्रोल पंप से तीन हजार का पेट्रोल भराकर बिना भुगतान फरार हुआ कार चालक



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मिश्रिख सीतापुर।** मिश्रिख क्षेत्र के बर्मी चौराहा स्थित एचपी महेश फिलिंग सेंटर से एक कार चालक द्वारा करीब 3000 रुपये का पेट्रोल भरवाकर बिना भुगतान किए वाहन लेकर फरार होने का मामला सामने आया है। फिलिंग सेंटर संचालक ने थाना मिश्रिख में प्रार्थना पत्र देकर वाहन चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र के अनुसार, 09 अगस्त 2026 की रात करीब 3:30 बजे एक व्यक्ति मारुति सुजुकी एर्टिगा कार लेकर पेट्रोल पंप पर पहुंचा। चालक ने वाहन में लगभग 3000 रुपये का पेट्रोल भरवाया। पेट्रोल भरवाने के बाद चालक ने भुगतान नहीं किया और वाहन को तेज गति से चलाकर मौके से फरार हो गया। पेट्रोल पंप संचालक के अनुसार वाहन का नंबर क्क32 क्क58 तक दिखा। जबकि नंबर प्लेट का कुछ हिस्सा स्पष्ट नहीं था। घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज एवं वीडियो रिकॉर्डिंग पेट्रोल पंप पर उपलब्ध होने की बात भी प्रार्थना पत्र में कही गई है, जिससे घटना तथा वाहन की पहचान में मदद मिल सकती है।

फिलिंग सेंटर मैनेजर विवेक ने थाना प्रभारी मिश्रिख को प्रार्थना पत्र देकर मामले को संज्ञान लेते हुए वाहन चालक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# फर्नीचर दुकान का ताला तोड़ मशीनें चोरी करने वाला गिरफ्तार

**.....मऊ नहर पुलिया के पास पुलिस ने दबोचा, चोरी की छह मशीनें बरामद; आरोपी न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मोहनलालगंज।** मऊ गांव में फर्नीचर की दुकान का ताला तोड़कर मशीनें चोरी करने के मामले में मोहनलालगंज पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की गई छह मशीनें बरामद की हैं। आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। मऊ गांव निवासी अशोक शर्मा की फर्नीचर की दुकान से बीते शुक्रवार रात वुड कटिंग मशीन, प्लेनर मशीन, ग्राइंडिंग मशीन, ड्रिल मशीन, रोटर मशीन और हैमर मशीन चोरी हो गई थीं। चोरी गए सामान की कीमत करीब 51 हजार रुपये बताई गई है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। घटना के खुलासे के लिए गठित पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर शनिवार को मऊ नहर पुलिया के पास से 20 वर्षीय छोटू पुत्र स्वर्गीय रामसजीवन निवासी मऊ को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की सभी छह मशीनें बरामद कर लीं।

## धक्का देने पर खुल गया

## दुकान का दरवाजा

पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने शुक्रवार रात करीब 3:30 बजे दुकान में चोरी की थी। उसके मुताबिक दुकान का दरवाजा हल्का था, जिसे धक्का देने पर वह खुल गया। इसके बाद वह दुकान में घुसा और अलमारी में रखी फर्नीचर बनाने वाली मशीनें चोरी कर लीं। आरोपी मशीनों को बेचने के लिए ले जाने की तैयारी में था, तभी पुलिस ने उसे पकड़ लिया। मोहनलालगंज इंस्पेक्टर रामबाबू सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम को खुलासे के लिए लगाया गया था। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी का पूरा सामान बरामद कर लिया। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी के खिलाफ वर्ष 2022 में भी मोहनलालगंज थाने में मारपीट और धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज हुआ था। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक परवेज, उपनिरीक्षक अतुल सिंह, उपनिरीक्षक मंगल कुमार, कांस्टेबल आकाश कुमार और कांस्टेबल विजय सरोज शामिल रहे।

# सौभाग्यम रिसॉर्ट में मनाया गया हरियाली तीज उत्सव

**बिसवां/सीतापुर-** बिसवां नगर के सौभाग्यम रिसॉर्ट में इनर व्हील क्लब के द्वारा हरियाली तीज उत्सव धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन क्लब की वरिष्ठ पदाधिकारी मानसी जायसवाल व किरण सिंघल ने किया। क्लब की अध्यक्ष सुनीता अग्रवाल ने कहा कि सावन माह में मनाया जाने वाला



हरियाली तीज उत्सव सुहागिन महिलाओं के द्वारा पति की दीर्घायु, अच्छे स्वास्थ्य व वैवाहिक खुशहाली के लिए हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस पर्व पर महिलाएं विशेष रूप से हरे रंग के वस्त्र पहनती हैं। हाथों में मेहंदी रचाती हैं और झूला झूलती हैं। इस अवसर पर पारंपरिक पकवान भी बनाए जाते हैं। हरियाली तीज उत्सव में क्लब की सचिव निधि सिंघल,उपाध्यक्ष विनीता गुप्ता, तुलसी गुप्ता, ऑडिटर ज्योति अग्रवाल, कोषाध्यक्ष शिवानी अग्रवाल, कोऑर्डिनेटर रेनू मेहरोत्रा,गुंजन सेठ, कुसुम कपूर, अंजली राजवंशी एवं क्लब की अन्य पदाधिकारी व मेंबर्स मौजूद रहीं।

# भदेसुवा के चर्च में धर्मांतरण की सूचना पर हंगामा, हिंदू संगठनों ने सभा का किया विरोध......

**......पुलिस ने पांच लोगों को पूछताछ के लिए थाने लाया, तहरीर के बाद जांच शुरू ।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मोहनलालगंज, लखनऊ।** रविवार को मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के भदेसुवा गांव स्थित एक चर्च में कथित धर्मांतरण की गतिविधियों की सूचना पर हंगामा हो गया। धर्मांतरण की सूचना मिलने पर बजरंग दल और हिंदू संगठन से जुड़े कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और चर्च में चल रही सभा का विरोध किया। कार्यकर्ताओं के विरोध के बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने पांच लोगों को पूछताछ के लिए थाने लाकर मामले की जांच शुरू कर दी। हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं का आरोप है कि चर्च में आयोजित सभा में बाहर से आए कुछ लोग ग्रामीणों को धर्म परिवर्तन के लिए कथित तौर पर प्रेरित कर रहे थे। कार्यकर्ताओं के मुताबिक, सभा में लोगों को बीमारी और अन्य परेशानियों से राहत दिलाने के नाम पर धार्मिक गतिविधियों से जोड़ा जा रहा था। सूचना मिलने पर संगठन के कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर सभा का विरोध किया और पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी।हिंदू संगठन के विमलेश शर्मा ने आरोप लगाया कि भदेसुवा गांव में लंबे समय से चर्च की गतिविधियां संचालित हो रही हैं। रविवार को आयोजित सभा में बाहर से आए लोगों के माध्यम से ग्रामीणों को प्रभावित किए जाने की सूचना मिली थी। संगठन ने पुलिस से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और यदि धर्मांतरण से संबंधित कोई गतिविधि सामने आती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।ग्रामीणों के मुताबिक भदेसुवा गांव में करीब 15 वर्ष पहले चर्च का निर्माण कराया गया था। आरोप है कि इसके बाद से यहां समय-समय पर ईसाई मिशनरियों से जुड़ी गतिविधियां संचालित होती रही हैं। हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने हरिश्चंद्र नाम के एक व्यक्ति का भी जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि धर्म परिवर्तन के बाद वह पादरी की वेशभूषा में धार्मिक गतिविधियों में लोगों को शामिल करता है। कार्यकर्ताओं का यह भी आरोप है कि भदेसुवा में संचालित गतिविधियां गनियार गांव स्थित एक बड़े चर्च की देखरेख में संचालित की जा रही हैं।रविवार को चर्च में कथित रूप से चंगाई सभा आयोजित किए जाने की सूचना पर हिंदू संगठन के कार्यकर्ता वहां पहुंचे थे। सभा का विरोध किए जाने के बाद मौके पर स्थिति को लेकर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस के पहुंचने के बाद वहां मौजूद पांच लोगों को पूछताछ के लिए थाने लाया गया।चौकी प्रभारी अनूप सिंह ने बताया कि चर्च में कथित धर्मांतरण की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। पांच लोगों को पूछताछ के लिए थाने लाया गया है। मामले की जांच की जा रही है और पूछताछ के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस सभी तथ्यों की जांच कर रही है।वहीं हिंदू संगठन की ओर से विमलेश शर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर मामले की जांच और आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

# व्यक्तिगत चैंपियन वंश शुक्ला ने बढ़ाया सरस्वती शिशु मंदिर का गौरव, 65 अंकों के साथ संकुल में प्रथम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बिसवां सीतापुर।** मेजर ध्यानचंद स्टेडियम, सीतापुर में शनिवार को आयोजित संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर, पुरवारी टोला, बिसवां के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 65 अंकों के साथ संकुल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय को व्यक्तिगत चैंपियनशिप का गौरव भी हासिल हुआ। विद्यालय के वंश शुक्ला व्यक्तिगत चैंपियन बने। उन्होंने शिशु वर्ग की 400 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़ और लंबी कूद में प्रथम स्थान हासिल कर यह उपलब्धि अपने नाम की। उनके शानदार प्रदर्शन ने विद्यालय की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। प्रतियोगिता में श्रेया तिवारी ने 400 मीटर दौड़ में प्रथम तथा 50 और 100 मीटर में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। आरवी अवस्थी ने 200 मीटर दौड़ में प्रथम और लंबी व ऊंची कूद में द्वितीय स्थान हासिल किया। युग तिवारी ने 100 मीटर में प्रथम और 50 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रुद्रांश यादव ऊंची कूद में प्रथम तथा गोला फेंक में द्वितीय रहे। वहीं हिमांशु ने 600 मीटर दौड़ में प्रथम और 80 मीटर बाधा दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य मिथिलेश तिवारी, प्रबंधक विमलेश कुमार अवस्थी तथा शारीरिक प्रमुख यमुना प्रसाद पांडे ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

# संपादकीय

## एआई का दौर और इंसान का रोजगार

तकनीक ने हमेशा इंसान की जिंदगी को बदलने का काम किया है। पहिए से लेकर इंटरनेट तक और कंप्यूटर से लेकर स्मार्टफोन तक, हर बड़ी तकनीकी क्रांति ने काम करने का तरीका बदला है। लेकिन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई जिस तेजी से हमारी दुनिया में प्रवेश कर रहा है, वह पिछली तकनीकी क्रांतियों से कुछ अलग है। इस बार मशीनें केवल इंसान की ताकत या गति की बराबरी नहीं कर रहीं, बल्कि वे पढ़ने, लिखने, विश्लेषण करने, अनुवाद करने, चित्र बनाने, कोड तैयार करने और निर्णय लेने में भी इंसान की सहायता करने लगी हैं। यही वजह है कि आज सबसे बड़ा सवाल यह नहीं है कि एआई कितना शक्तिशाली होगा, बल्कि यह है कि एआई के बढ़ते प्रभाव के बीच इंसान का रोजगार और उसकी भूमिका क्या होगी? यह सवाल इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत जैसे युवा देश में रोजगार केवल आर्थिक आवश्यकता नहीं, बल्कि सामाजिक स्थिरता का आधार भी है। करोड़ों युवा शिक्षा पूरी करने के बाद रोजगार की तलाश में हैं। यदि आने वाले वर्षों में बड़ी संख्या में ऐसे काम स्वचालित हो जाते हैं जिन पर आज मनुष्य निर्भर है, तो इसका असर केवल नौकरी बाजार पर नहीं, बल्कि परिवार, शिक्षा, उपभोग और सामाजिक व्यवस्था पर भी पड़ेगा। मशीनें नौकरी छीनेंगी या काम का स्वर एआई को लेकर सबसे बड़ी चिंता यही है कि मशीनें इंसानों की नौकरियां छीन लेंगी। यह चिंता पूरी तरह निराधार भी नहीं है। डेटा एंट्री, सामान्य ग्राहक सेवा, साधारण कंटेंट तैयार करना, अनुवाद, दस्तावेजों का प्रारंभिक विश्लेषण और कुछ प्रकार के प्रशासनिक कार्यों में एआई पहले ही बदलाव ला रहा है। लेकिन इतिहास यह भी बताता है कि तकनीकी परिवर्तन हमेशा केवल रोजगार खत्म नहीं करते। वे नए रोजगार पैदा भी करते हैं। जब कंप्यूटर आया था, तब अनेक लोगों को लगा था कि कार्यालयों में काम करने वाले हजारों कर्मचारियों की जरूरत समाप्त हो जाएगी। कुछ पुराने काम निश्चित रूप से खत्म हुए, लेकिन कंप्यूटर ऑपरेटर, सॉफ्टवेयर इंजीनियर, डिजिटल डिजाइनर, साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ और अनेक नई भूमिकाएं भी पैदा हुईं। एआई के साथ भी ऐसा हो सकता है। अंतर केवल इतना है कि इस बार परिवर्तन की गति बहुत तेज है। इसलिए नई नौकरियां पैदा होने और पुराने रोजगार खत्म होने के बीच यदि पर्याप्त समय और प्रशिक्षण नहीं मिला, तो बड़ी संख्या में लोग संक्रमणकाल में बेरोजगारी का सामना कर सकते हैं। असली खतरा एआई नहीं, कौशल की कमी है। एआई को रोजगार का दुश्मन मान लेना शायद समस्या का सही समाधान नहीं है। वास्तविक चुनौती यह है कि क्या हमारा शिक्षा और प्रशिक्षण तंत्र युवाओं को उस भविष्य के लिए तैयार कर रहा है, जिसमें ढ्ढ रोजमर्रा के काम का हिस्सा होगा? आज भी हमारी शिक्षा व्यवस्था का बड़ा हिस्सा परीक्षा और डिग्री पर केंद्रित है। नौकरी बाजार तेजी से बदल रहा है, लेकिन पाठ्यक्रम अक्सर उसी गति से नहीं बदलते। कल का कर्मचारी केवल यह जानकर सफल नहीं होगा कि कंप्यूटर कैसे चलाना है। उसे यह भी समझना होगा कि एआई से बेहतर परिणाम कैसे लिए जाएं, उसके उत्तरों की सत्यता कैसे जांची जाए और उसके इस्तेमाल में नैतिक सीमाएं क्या हैं। इसलिए आने वाले समय में एआई से प्रतिस्पर्धा करने वाले कर्मचारी से ज्यादा महत्वपूर्ण एआई के साथ काम करने वाला कर्मचारी होगा। एआई भारत के लिए खतरा जितना है, उससे कहीं बड़ा अवसर भी हो सकता है। भारत के पास विशाल युवा आबादी, मजबूत आईटी क्षेत्र, तकनीकी प्रतिभा और दुनिया भर में सेवाएं देने का अनुभव है। यदि एआई को केवल नौकरी खत्म करने वाली मशीन के बजाय उत्पादकता बढ़ाने वाले उपकरण के रूप में इस्तेमाल किया जाए तो छोटे कारोबारी से लेकर बड़े उद्योग तक इसका लाभ उठा सकते हैं। एक छोटा व्यापारी एआई की मदद से बाजार का विश्लेषण कर सकता है। किसान मौसम, बाजार और फसल संबंधी जानकारी के बेहतर इस्तेमाल की दिशा में आगे बढ़ सकता है। शिक्षक विद्यार्थियों के लिए व्यक्तिगत अध्ययन सामग्री तैयार कर सकता है। डॉक्टरों के लिए एआई जांच और सूचना विश्लेषण में सहायक हो सकता है। सरकारी विभाग आंकड़ों के विश्लेषण और सेवाओं की निगरानी को अधिक प्रभावी बना सकते हैं। अर्थात सवाल यह नहीं होना चाहिए कि एआई इंसान को हटाएगा या नहीं, बल्कि यह होना चाहिए कि इंसान एआई का इस्तेमाल करके अपनी क्षमता कितनी बढ़ा सकता है। लेकिन हर व्यक्ति समान स्थिति में नहीं होगा। यहीं से एआई की सबसे बड़ी सामाजिक चुनौती सामने आती है। जिस व्यक्ति के पास बेहतर शिक्षा, डिजिटल संसाधन और नई तकनीक सीखने का अवसर होगा, वह एआई से लाभ उठा सकता है। लेकिन जिसके पास न गुणवत्तापूर्ण शिक्षा है, न इंटरनेट की पर्याप्त सुविधा और न प्रशिक्षण का अवसर, उसके लिए एआई रोजगार का संकट बढ़ा सकता है। इससे समाज में एक नई आर्थिक खाई पैदा हो सकती है। यदि सरकार और निजी क्षेत्र ने समय रहते इस अंतर को कम नहीं किया, तो तकनीकी विकास आर्थिक असमानता को और बढ़ा सकता है।ढ्ढ की चर्चा अक्सर कारखानों और कम-कौशल वाले कामों तक सीमित कर दी जाती है। लेकिन वास्तविकता इससे कहीं व्यापक है। आजढ्ढ लेखन, डिजाइन, प्रोग्रामिंग, कानूनी दस्तावेजों के प्रारंभिक विश्लेषण, वित्तीय रिपोर्टों और शोध जैसे कई क्षेत्रों में सहायता कर रहा है। इसका अर्थ यह नहीं कि डॉक्टर, वकील, पत्रकार, शिक्षक या इंजीनियर समाप्त हो जाएंगे। बल्कि उनके काम का स्वरूप बदलेगा। भविष्य में शायद एक पत्रकार से केवल खबर लिखने की अपेक्षा नहीं होगी, बल्कि उससे यह भी अपेक्षा होगी कि वहढ्ढ से प्राप्त सूचना की विश्वसनीयता जांच सके। एक शिक्षक केवल पाठ पढ़ाने वाला व्यक्ति नहीं रहेगा, बल्कि विद्यार्थियों को सही डिजिटल और बौद्धिक दिशा देने वाला मार्गदर्शक बनेगा।

**राजीव शुक्ला -(संपादक)**

# निराश्रित महिला पेंशन योजना महिलाओं के सम्मान और सामाजिक सुरक्षा की सशक्त पहल



**(आदर अदीब पावेल बन्धु)**
**जिला सूचना अधिकारी**

समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए सरकार द्वारा समय-समय पर अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जाती रही हैं। इनमें महिलाओं के कल्याण और सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं का विशेष महत्व है। महिलाओं, विशेषकर निराश्रित, विधवा एवं आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना एक संवेदनशील और महत्वपूर्ण दायित्व है। इसी उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निराश्रित महिला पेंशन योजना संचालित की जा रही है, जो जरूरतमंद महिलाओं के लिए सहारा और सम्मान दोनों का माध्यम बनी है।

निराश्रित महिला पेंशन योजना समाज की उन महिलाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिनके पति की मृत्यु हो चुकी है अथवा जो किसी कारणवश निराश्रित जीवन व्यतीत कर रही हैं और जिनके पास आय का कोई स्थायी स्रोत नहीं है। ऐसी महिलाएं अक्सर आर्थिक कठिनाइयों, सामाजिक असुरक्षा और जीवन-यापन की चुनौतियों से जूझती हैं। ऐसे समय में यह योजना उनके लिए आर्थिक सहायता और सामाजिक सुरक्षा का आधार प्रदान करती है। उत्तर प्रदेश सरकार की यह योजना निराश्रित महिलाओं को मासिक पेंशन के रूप में आर्थिक सहायता उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मसम्मान के साथ जीवन यापन करने में सहयोग देती है। वर्तमान में पात्र लाभार्थियों को प्रतिमाह 1000 रुपये पेंशन प्रदान की जा रही है। यदि आंकड़ों की बात करें तो इस योजना का दायरा निरंतर बढ़ा है। वर्ष 2016-17 में लगभग 17.31 लाख महिलाएं इस योजना से लाभान्वित थीं, जबकि 2025 तक यह संख्या बढ़कर 34 लाख से अधिक हो गई है। यह वृद्धि दर्शाती है कि सरकार ने लाखों नई पात्र महिलाओं को योजना से जोडा है। हालिया बजटीय प्रावधानों में 2025-26 में 38.58 लाख लाभार्थियों तक योजना का विस्तार दर्शाया गया है तथा इसके लिए 3500 करोड़ रुपये का प्रावधान भी प्रस्तावित किया गया। ये आंकडे योजना के व्यापक प्रभाव को प्रमाणित करते हैं। इस योजना का मुख्य उद्देश्य निराश्रित महिलाओं को नियमित आर्थिक सहायता देकर उनके जीवन-यापन को सुगम बनाना है। समाज के कमजोर वर्गों की महिलाएं, विशेषकर विधवाएं, अक्सर परिवार और समाज में उपेक्षा का सामना करती हैं। कई बार उन्हें बुनियादी जरूरतों के लिए भी संघर्ष करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में पेंशन सहायता उनके लिए एक स्थायी सहारा बनती है। योजना के अंतर्गत पेंशन राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से भेजी जाती है, जिससे पारदर्शिता बनी रहती है और बिचौलियों की भूमिका समाप्त होती है। डीबीटी व्यवस्था ने योजना को अधिक प्रभावी और भरोसेमंद बनाया है। इससे लाभार्थियों को समय पर सहायता प्राप्त होती है और योजना की पारदर्शिता सुनिश्चित होती है।निराश्रित महिला पेंशन योजना महिलाओं को केवल आर्थिक मदद ही नहीं देती, बल्कि उनके आत्मसम्मान की रक्षा भी करती है। समाज में अनेक ऐसी महिलाएं हैं, जो पति के निधन के बाद आर्थिक संकट में फंस जाती हैं। ऐसी स्थिति में यह पेंशन उनके लिए जीवन-यापन का आधार बनती है। इससे उन्हें दूसरों पर निर्भरता कम करनी पड़ती है और आत्मसम्मान के साथ जीवन जीने का अवसर मिलता है। यह योजना महिलाओं के सामाजिक सशक्तिकरण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आर्थिक सहायता मिलने से महिलाएं अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति स्वयं कर पाती हैं, जिससे उनमें आत्मविश्वास बढ़ता है। यह सहायता उन्हें समाज में सम्मानजनक स्थिति बनाए रखने में भी मदद करती है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस योजना का विशेष महत्व है, जहां बडी संख्या में विधवा और निराश्रित महिलाएं आर्थिक कठिनाइयों का सामना करती हैं। पेंशन राशि भले सीमित हो, लेकिन यह उनके लिए दवा, भोजन, वस्त्र और अन्य बुनियादी जरूरतों की पूर्ति में सहायक सिद्ध होती है। ग्रामीण गरीब महिलाओं के लिए यह योजना जीवनरेखा जैसी साबित हुई है। यह योजना सामाजिक न्याय की अवधारणा को भी मजबूत करती है। समाज के कमजोर और उपेक्षित वर्गों की महिलाओं तक सरकारी सहायता पहुंचाकर यह योजना समावेशी विकास की भावना को साकार करती है। यह सरकार की संवेदनशीलता और महिला कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता का उदाहरण है। उत्तर प्रदेश सरकार ने योजना के संचालन में तकनीकी और प्रशासनिक सुधारों पर भी बल दिया है। ऑनलाइन आवेदन, सत्यापन प्रक्रिया और डिजिटल भुगतान जैसी व्यवस्थाओं से योजना का लाभ अधिक सुगमता से लाभार्थियों तक पहुंच रहा है। इससे पारदर्शिता और जवाबदेही दोनों में वृद्धि हुई है। आवेदन प्रक्रिया को सरल बनाना भी इस योजना की महत्वपूर्ण विशेषता है। पात्र महिलाएं ऑनलाइन या संबंधित विभाग के माध्यम से आवेदन कर सकती हैं। आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेज, जैसे आय प्रमाणपत्र, पति का मृत्यु प्रमाणपत्र, बैंक खाता विवरण आदि प्रस्तुत किए जाते हैं। सत्यापन के बाद पात्र महिलाओं को योजना से जोड़ा जाता है। सरकार द्वारा समय-समय पर शिविरों, जनजागरूकता कार्यक्रमों और ग्राम स्तर पर प्रचार-प्रसार के माध्यम से अधिकाधिक पात्र महिलाओं तक योजना की जानकारी पहुंचाई जाती है। इससे वे महिलाएं भी लाभ ले पा रही हैं, जो पहले जानकारी के अभाव में वंचित रह जाती थीं। इस योजना का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि यह महिलाओं को सम्मानपूर्वक जीवन जीने की प्रेरणा देती है। आर्थिक सहायता मिलने से महिलाएं अपनी छोटी-बड़ी जरूरतों के लिए दूसरों पर निर्भर नहीं रहतीं। इससे उनमें आत्मनिर्भरता की भावना विकसित होती है। राज्य सरकार द्वारा महिला कल्याण के क्षेत्र में संचालित अन्य योजनाओं के साथ निराश्रित महिला पेंशन योजना एक मजबूत सामाजिक सुरक्षा ढांचे का निर्माण करती है। यह योजना महिलाओं के लिए सुरक्षा, सम्मान और सहयोग का प्रतीक बन चुकी है। योजना के प्रभाव को आंकड़ों से भी समझा जा सकता है। यदि 34 लाख से अधिक महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपये की पेंशन दी जा रही है, तो यह प्रतिवर्ष 4,000 करोड़ रुपये से अधिक की सामाजिक सुरक्षा सहायता के बराबर है। 38.58 लाख लाभार्थियों के लक्ष्य के साथ इसका दायरा और बढ़ रहा है। यह दर्शाता है कि सरकार महिला कल्याण के लिए बड़े पैमाने पर संसाधन लगा रही है। हालांकि योजना के क्रियान्वयन में कुछ चुनौतियां भी सामने आती हैं, जैसे सभी पात्र महिलाओं तक पहुंच सुनिश्चित करना, दस्तावेजी प्रक्रियाओं को और सरल बनाना तथा दूरस्थ क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाना। लेकिन सरकार इन चुनौतियों के समाधान के लिए निरंतर प्रयासरत है। हाल में लाभार्थियों के सत्यापन अभियान चलाकर पारदर्शिता और पात्रता सुनिश्चित करने के प्रयास भी किए गए हैं। निराश्रित महिला पेंशन योजना केवल सहायता राशि प्रदान करने की योजना नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व का उदाहरण है। यह योजना बताती है कि सरकार समाज के कमजोर वर्गों के साथ खड़ी है और उनके सम्मानजनक जीवन के लिए प्रतिबद्ध है। महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में यह योजना अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। आर्थिक सुरक्षा मिलने से महिलाएं जीवन की कठिनाइयों का बेहतर सामना कर पाती हैं। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और सामाजिक भागीदारी भी मजबूत होती है। निराश्रित महिला पेंशन योजना उत्तर प्रदेश सरकार की ऐसी पहल है, जिसने लाखों महिलाओं के जीवन में राहत, सुरक्षा और सम्मान का संचार किया है। 17 लाख से 34 लाख से अधिक लाभार्थियों तक पहुंचना, 1000 रुपये मासिक पेंशन, हजारों करोड़ रुपये का प्रावधान और 38 लाख से अधिक महिलाओं को कवर करने का लक्ष्यकृये सभी इस योजना की सफलता और व्यापकता को दर्शाते हैं। निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि निराश्रित महिला पेंशन योजना महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रभावी योजना है। यह योजना न केवल जरूरतमंद महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करती है, बल्कि उन्हें आत्मसम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता का आधार भी देती है। उत्तर प्रदेश सरकार की यह पहल महिला कल्याण, सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में एक सराहनीय कदम है, जो आने वाले समय में और अधिक महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का माध्यम बनेगी।

# नौकरी छोड़ समाजसेवा की राह पर निकले गाजीपुर के समाजसेवी

**लेखक सचिन बाजपेई**

उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के एक साधारण गांव से निकले सिद्धार्थ राय आज उस इलाके के सबसे जाने-माने समाजसेवी हैं। उन्होंने बड़ी कंपनी की अच्छी-खासी नौकरी छोड़कर समाज सेवा का रास्ता चुना और पिछले 15-18 वर्षों से निरंतर गरीबों, बच्चों और असहाय लोगों की मदद कर रहे हैं। उनके कामों को देखते हुए भारत सरकार ने उन्हें राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित किया और उत्तर प्रदेश सरकार ने स्वामी विवेकानंद यूथ अवार्ड देकर राज्य का सर्वोच्च युवा सम्मान दिया।





## प्रारंभिक जीवन और शिक्षा

सिद्धार्थ राय का जन्म और पालन-पोषण गाजीपुर में हुआ। उन्होंने मथुरा से बीबीए और रायपुर से एमबीए किया। एमबीए में गोल्ड मेडल हासिल करने के बाद उन्हें एक प्रतिष्ठित मल्टीनेशनल कंपनी में अच्छी नौकरी मिल गई। कुछ समय तक उन्होंने दिल्ली में भी काम किया। लेकिन शहर की चमक-दमक और नौकरी की सुरक्षा उनके मन को नहीं भाई। समाज के गरीब और असहाय लोगों की पीड़ा उन्हें बार-बार खींचती रही। अंततः उन्होंने नौकरी छोड़ने का साहसिक फैसला लिया और गांव लौट आए।

## समाज सेवा की शुरुआत और प्रमुख कार्य

सिद्धार्थ राय ने समाज सेवा की शुरुआत छोटे-छोटे प्रयासों से की। धीरे-धीरे उनका काम व्यापक होता गया। उनके प्रमुख कार्यों में शामिल हैं:

- **बच्चों की शिक्षा:** उन्होंने 400 से अधिक गरीब बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में दाखिला दिलाया और उनकी फीस खुद भरी। गांव-गांव में पुराने कंप्यूटर ठीक करवाकर मुफ्त कंप्यूटर सेंटर भी खोले, ताकि गांव के बच्चे डिजिटल शिक्षा से जुड़ सकें।
- **स्वच्छता अभियान:** जिन घरों में शौचालय नहीं थे, वहां उन्होंने सैकड़ों शौचालय बनवाए। स्वच्छता जागरूकता के लिए भी लगातार अभियान चलाए।
- **स्वास्थ्य और दिव्यांग बच्चों की मदद:** गाजीपुर के कई गांवों में बच्चों में एक गंभीर बीमारी फैलने और दिव्यांगता बढ़ने की समस्या पर उन्होंने सक्रियता दिखाई। राज्यपाल को पत्र लिखकर और प्रशासन से संपर्क करके इलाज की व्यवस्था करवाई। गरीब मरीजों के इलाज के लिए भी वे नियमित रूप से मदद करते हैं।
- **गांव की समस्याओं का समाधान:** उन्होंने गांव-गांव में लेटर बॉक्स लगवाए। लोग अपनी समस्याएं लिखकर डालते हैं। हर तीसरे दिन बॉक्स खोले जाते हैं और समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया जाता है।
- **मानवता का अनोखा उदाहरण:** बहन की शादी में उन्होंने जिले के भिखारियों और सड़क पर रहने वाले लोगों को मुख्य अतिथि बनाकर बुलाया। गाड़ियों से लाकर सम्मान के साथ भोजन करवाया और विदाई दी। यह घटना सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में रही। उन्होंने उममीद नामक संगठन के माध्यम से भी कई स्वच्छता और जागरूकता अभियान चलाए।

## एग्रो-टूरिज्म और आत्मनिर्भरता का प्रयास

गांव लौटने के बाद सिद्धार्थ ने सिर्फ समाज सेवा ही नहीं, बल्कि आर्थिक रूप से भी आत्मनिर्भर रहने का रास्ता चुना। उन्होंने अपने खेतों में एग्रो-टूरिज्म सेंटर शुरू किया। तालाब, मछली पालन, मुर्गी, बकरी, घोड़े, ऊंट, गौशाला और देशी रेस्तरां जैसी सुविधाएं विकसित कीं। शहर के लोग यहां आकर ग्रामीण जीवन का अनुभव लेते हैं। इससे उन्हें नौकरी से ज्यादा कमाई होने लगी और आसपास के लोगों को रोजगार भी मिला। उन्होंने आसपास के गांवों में फल-सब्जी के पौधे लगवाकर आत्मनिर्भरता बढ़ाने का प्रयास भी किया।

## सम्मान और पहचान

- भारत सरकार का राष्ट्रीय युवा पुरस्कार
- उत्तर प्रदेश सरकार का स्वामी विवेकानंद यूथ अवार्ड (गाजीपुर के पहले युवा जिन्हें यह सम्मान मिला)
- राज्यपाल और अन्य संस्थाओं द्वारा कई पुरस्कार जनवरी 2025 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से विवेकानंद अवार्ड मिलने के बाद गाजीपुर में उनका भव्य स्वागत किया गया। नंदगंज से ददरीघाट तक स्वागत यात्रा निकाली गई।

## प्रेरणा का स्रोत

सिद्धार्थ राय का मानना है कि समाज के असहाय और निर्धन लोगों की सेवा ही उनके जीवन का मुख्य उद्देश्य है। वे कहते हैं कि जब आम इंसान एक-दूसरे का सहारा बनेंगे तभी समाज मजबूत होगा। उनके काम से साफ है कि एक व्यक्ति भी अगर सही इरादे और लगन से काम करे तो बड़े बदलाव ला सकता है। आज जब कई युवा शहरों की तरफ भाग रहे हैं, सिद्धार्थ राय गांव में रहकर सेवा और उद्यमिता का मिसाल पेश कर रहे हैं। उनकी कहानी युवाओं के लिए प्रेरणा है कि सफलता सिर्फ पैसा और पद में नहीं, बल्कि समाज के लिए किए गए कार्यों में है।

# मुद्दों को तलाशने-तराशने की कवायद

लगभग छह माह बाद उत्तराखंड में सियासत की नई छटा दिखेगी। मतदान की तिथि घोषित होने में अभी कुछ समय बाकी है। कुछ-कुछ मैदानी और पहाड़ी मिश्रित इस राज्य में चुनावी बयार तो बह चली है। मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच ही होना है, हालांकि कई अन्य पार्टियां भी ताल ठोकने को तैयार हैं। इन सबके बीच यह राज्य मुद्दों के एक बड़े 'लेकिन' में फंसा दिखता है। सड़कों का जाल फैलाने के लिए पेड़ों को काटा जा रहा है और कार्यकर्ता पेड़ कटाई का विरोध कर रहे हैं। सवाल है कि यह 'लेकिन' सियासी मुद्दा कैसे बने? यह अलग बात है कि सरकार ने फिलहाल पेड़ कटाई रोक दी है, लेकिन यह रोक रहेगी कब तक? लंबे समय से राज्य में भू-कानून की मांग उठ रही है, और यदि वह लागू हुआ भी तो आधा-अधूरा। फिर सवाल उठता है कि 'लेकिन' इसे चुनावी मुद्दा कैसे बनाया जाए? अतिरेक पर्यटन से राज्य के कुछ इलाकों के लोग परेशान हैं, लेकिन सवाल वही है कि इसे मुद्दा बनाया कैसे जाए? अयोध्या में राम मंदिर दान में हेराफेरी के बाद बद्रीनाथ धाम से भी ऐसी ही खबरें आईं, पर इसे भी सियासी मुद्दा 'लेकिन' बनाया कैसे जाए? सत्ता पक्ष के खिलाफ विपक्ष के मुद्दे तो अनेक हैं, लेकिन इन्हें भुनाने के लिए अगुवाई कौन करे? सत्ता पक्ष के पास छिपाने के साथ ही बताने के लिए भी बहुत कुछ है, लेकिन उन मुद्दों को



चुनावी धार में बदला कैसे जाए? पिछली बार अरविंद केजरीवाल के दल 'आम आदमी पार्टी' को मुंह की खानी पड़ी थी, जिसने एक से बढ़कर एक वादे किए थे। इस बार 'लेकिन' वह करे क्या ?अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी (सपा) से अब भी अनेक लोगों को 'चिढ़' है, जिसका मुख्य मुद्दा उत्तराखंड आंदोलन के दौरान हुआ रामपुर तिराहा कांड है। सपा अब सियासी बिसात बिछा रही है, और इस पुरानी चिढ़ का तोड़ यह सवाल है कि स्व. मुलायम सिंह यादव को तो केंद्र की भाजपा सरकार देश का दूसरा सबसे बड़ा नागरिक सम्मान 'पद्म विभूषण' दे चुकी है। इस पर सपा की सफाई को 'लेकिन' मुद्दे के रूप में आगे बढ़ाया कैसे जाए? यह अलग बात है कि सपा ने उन्हें भारत रत्न देने की मांग की है। मायावती की बहुजन समाज पार्टी (बसपा) का कुछ जनाधार मैदानी उत्तराखंड जैसे उधम सिंह नगर आदि में है, और उसके सामने 'लेकिन' चंद्रशेखर आजाद की पार्टी 'आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम)' खड़ी है। गौर करने की बात है कि चंद्रशेखर 'भीम आर्मी' संगठन के भी प्रमुख हैं और इस संगठन की भी कुछ इलाकों में अच्छी पहुंच है। इन दलों के अलावा उत्तराखंड क्रांति दल, उत्तराखंड स्वाभिमान मोर्चा और वामपंथी दल भी फिलहाल सक्रिय दिख रहे हैं, लेकिन क्या चुनाव में ये दल एक होंगे या अलग-अलग लड़ेंगे ?इन सबके बीच मुख्य लड़ाई तो सत्ताधारी भाजपा एवं मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस में ही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने हाल ही में नई टीम का गठन किया है और बूथ स्तर के पदाधिकारियों की भी नियुक्तियां की गई हैं। ऊपर से सब सामान्य दिख रहे इस मामले में अंदरखाने कई 'लेकिन' हैं। कहने को तो अनेक प्रभारियों को नियुक्त किया गया है, जो संगठन और सरकार के बीच समन्वय करेंगे, परंतु नाराज लोगों का 'लेकिन' क्या होगा? वैसे, नई नियुक्तियों के बाद भाजपा ने यह संदेश देने की कोशिश की है कि पार्टी चुनावी मोड़ में आ चुकी है। सत्ता पक्ष के खिलाफ विपक्ष के पास बद्रीनाथ दान हेराफेरी मामले के अलावा अंकिता भंडारी हत्याकांड, कानून-व्यवस्था और पेपर लीक जैसे मुद्दे भी हैं। वहीं, सत्ता पक्ष यूसीसी (समान नागरिक संहिता), पेपर लीक के खिलाफ कठोर कानून और सड़कों के विस्तार जैसे मुद्दों को लेकर चल रही है। वह अपने स्टार प्रचारकों में पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी अनेक बार लाने की कोशिश में जुटी है, लेकिन योगी क्या अपने राज्य के चुनावी रथ पर उसी वक्त सवार नहीं होंगे?

# दैनिक राशिफल




**मेष-** मेष राशि के जातकों के लिए आज का दिन अवसरों और चुनौतियों दोनों से भरा रह सकता है। किसी महत्वपूर्ण काम को पूरा करने के लिए आपको अपने संकल्प और मेहनत पर भरोसा रखना होगा।

**वृषभ-**वृषभ राशि के लिए आज व्यवहार और बातचीत का तरीका बहुत महत्वपूर्ण रहेगा। आपके शब्द किसी आर्थिक या व्यक्तिगत संबंध को मजबूत भी कर सकते हैं और गलतफहमी की स्थिति भी पैदा कर सकते हैं।

**मिथुन** -मिथुन राशि के जातकों के लिए आज दूरदर्शिता के साथ निर्णय लेने का दिन है। कारोबार से जुड़े लोगों के लिए अपने काम का विस्तार करने के नए अवसर सामने आ सकते हैं।

**कर्क** -कर्क राशि के जातकों को आज अनावश्यक सुख-सुविधाओं पर खर्च करने से बचना चाहिए। अपनी आवश्यकताओं और इच्छाओं के बीच अंतर समझना आपके आर्थिक हित में रहेगा।

**सिंह** -सिंह राशि के जातकों के लिए कार्यक्षेत्र में तेजी से निर्णय लेना लाभकारी हो सकता है। कारोबार और नौकरी से जुड़े मामलों में लंबे समय से अटके किसी निर्णय को आगे बढ़ाने का अवसर मिल सकता है।

**कन्या** -कन्या राशि के लिए आज परिवार से जुड़े मामलों में मिल-जुलकर निर्णय लेना बेहतर रहेगा। सामूहिक चर्चा और आपसी सहमति से लिया गया फैसला घर का वातावरण सकारात्मक बनाए रखने में मदद करेगा।

**तुला-**तुला राशि के जातकों के लिए आज काम का दबाव कुछ कम हो सकता है और उन्हें अपने लिए समय निकालने का अवसर मिल सकता है। निजी संबंधों में भावनाओं और आपसी समझ को प्राथमिकता देने से रिश्ते मजबूत होंगे। संपत्ति से जुड़े किसी मामले में परिस्थितियां आपके पक्ष में बन सकती हैं।

**वृश्चिक**-वृश्चिक राशि के जातकों के लिए आज काम का बोझ अपेक्षा से अधिक हो सकता है। एक साथ कई जिम्मेदारियां आने के कारण मानसिक दबाव और थकान महसूस हो सकती है।

**धनु-**धनु राशि के लिए आज का दिन अच्छे परिणाम मिलने की संभावनाओं से भरा रह सकता है। मेहनत और सही दिशा में किए गए प्रयासों से लाभ बढ़ाने का अवसर मिलेगा।

**मकर** -मकर राशि के जातकों को आज आर्थिक मामलों में विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। किसी व्यक्ति पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करना नुकसान का कारण बन सकता है, इसलिए धन से जुड़े निर्णय सोच-समझकर लें।

**कुंभ** -कुंभ राशि के जातकों को आज अपनी प्रतिभा और क्षमता के कारण पहचान मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में आपके विचारों और प्रयासों की सराहना होने के संकेत हैं।

**मीन** -मीन राशि के जातकों के लिए आज कामकाज में व्यस्तता बढ़ सकती है। नई जिम्मेदारियां मिलने के साथ-साथ कुछ नए लोगों से संपर्क भी स्थापित होगा। सामाजिक मेलजोल के माध्यम से ऐसे संबंध बन सकते हैं जो आगे चलकर आपके लिए उपयोगी साबित हों।

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उस्मान एन्क्लेव, अलीगंज-लखनऊ 226024 से प्रकाशित, संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254
Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## वीयर पीने से मना करने पर महिला से छेड़छाड़ हत्या करने की कोशिश केस दर्ज

**सहजनवा**/थाना गौरी बाजार जिला देवरिया के पांडेय विशवा निवासी अंकिता गौतम पुत्र जयनाथ जिनके पति से दहेज को लेकर न्यायालय में मुकदमा चल रहा है।तीन माह पूर्व एक महिला न्यायालय में मिली। जो गीडा सेक्टर 5 में किराए के मकान में रहती है। 6 अगस्त को महिला ने मुकदमे के भरण पोषण दिलाने के लिये एक व्यक्ति से मिलाया। यह व्यक्ति और महिला पीड़िता और इसके बच्चे को आर्टिका गाड़ी में बैठाकर हाईकोर्ट ले गए। दोनों आरोपी कार्य निपटाने के बाद शाम 6 बजे घर के लिये निकले। कुछ दूर जाने के बाद दोनों ने आधा दर्जन वियर की कैन खरीदा। दोनों आरोपी वियर पीने लगे। और पीड़िता को भी पिलाने की कोशिश किया गया। तो उसने इंकार कर दिया। इस बीच कार में सवार यह व्यक्ति उससे अश्लील हरकते करने लगा। और कुर्ती फाड़कर दुष्कर्म करने का प्रयास करने लगा। विरोध करने पर गला दबा कर जान मारने की कोशिश करते हुए फाटक में सिर लड़ा दिया। और चलती गाड़ी से पीड़िता और बच्चे को धक्का देकर नीचे गिरा दिया और ईट से मारने पीटने लगे। जिससे बेहोश हो गई। और मोबाइल तोड़ दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी ज्योति मिश्रा, रवि प्रताप सिंह के खिलाफ हत्या के प्रयास, छेड़छाड़, तोड़फोड़, मारपीट,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

## दिव्यांगजनों के लिए आज रोजगार मेले का आयोजन

### कई कंपनियां साक्षात्कार के जरिए करेंगी अभ्यर्थियों का चयन

**उन्नाव।** बेरोजगार दिव्यांगजनों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कौशल विकास मिशन की ओर से सोमवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल होकर साक्षात्कार के माध्यम से योग्य दिव्यांग अभ्यर्थियों का विभिन्न पदों पर चयन करेंगे। कौशल विकास मिशन के जिला प्रभारी आशीष कुमार ने बताया कि रोजगार मेले में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि पर अपने शैक्षिक एवं योग्यता संबंधी प्रमाणपत्रों के साथ पहुंचना होगा। कंपनियों की ओर से अभ्यर्थियों की योग्यता के आधार पर साक्षात्कार लेकर चयन प्रक्रिया पूरी की जाएगी। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले का उद्देश्य अधिक से अधिक बेरोजगार दिव्यांगजनों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित समय पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पहुंचकर रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कौशल विकास मिशन के लखनऊ मुख्यालय के दूरभाष नंबर 0522-3619292 पर संपर्क किया जा सकता है।

## झटका मशीन से किशोर की मौत

**सुल्तानपुर** के बल्दीराय तहसील क्षेत्र के हलियापुर थाना अंतर्गत पूरे नोखे मजरे मेघमऊ गांव में रविवार सुबह एक खेत में लगी झटका मशीन के करंट की चपेट में आने से 16 वर्षीय आर्यन तिवारी की मौत हो गई। यह घटना जंगली जानवरों से फसल बचाने के लिए खेतों में लगाई जा रही झटका मशीनों से बढ़ते खतरे को उजागर करती है। जानकारी के अनुसार, आर्यन रविवार सुबह अपने घर के सामने स्थित चरी के खेत में गया था। परिजनों का आरोप है कि पड़ोसी बैजनाथ तिवारी द्वारा फसल की सुरक्षा के लिए खेत की मेड़ पर लगाई गई झटका मशीन में विद्युत तार जोड़ा गया था। इसी दौरान किशोर बाड़ के तार के संपर्क में आ गया और तेज करंट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही बल्दीराय तहसीलदार सुनील कुमार, सीओ बल्दीराय आशुतोष कुमार और हलियापुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ आशुतोष कुमार ने बताया कि परिजनों की ओर से अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# ब्रह्मभोज से लौट रहे ठेकेदार की हत्या, 10 हिरासत में तीन नामजद समेत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** सिकरीगंज थाना क्षेत्र के अहिरौली खुर्द गांव में ब्रह्मभोज कार्यक्रम से लौट रहे बिजली विभाग के ठेकेदार शिव कुमार तिवारी की हत्या से सनसनी फैल गई। किसी बात को लेकर हुए विवाद के बाद मारपीट और गोली व धारदार हथियार से हमला किए जाने का आरोप है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने मामले में तीन नामजद आरोपियों समेत सात संदिग्धों को हिरासत में लिया है। कुल 10 लोगों से पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार, 8 अगस्त 2026 को ग्रामीणों ने सिकरीगंज थाने पर सूचना दी कि अहिरौली खुर्द गांव में एक व्यक्ति के साथ मारपीट की गई है और उसका शव सड़क किनारे पड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि गांव में ब्रह्मभोज का कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें अहिरौली खुर्द निवासी शिव कुमार तिवारी भी शामिल होने गए थे। कार्यक्रम से लौटते समय किसी बात को लेकर उनका कुछ लोगों से विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद बढ़ने के बाद उनके साथ मारपीट की गई और गोली व धारदार हथियार से हमला किया गया। गंभीर रूप से घायल शिव कुमार की मौत हो गई।

घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की। मृतक के परिजनों की तहरीर के आधार पर सिकरीगंज थाने में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले में तीन नामजद आरोपियों के साथ सात अन्य संदिग्धों को हिरासत में लिया है। सभी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस विवाद की वजह, घटना की पूरी कड़ी और वारदात में शामिल अन्य लोगों की भूमिका की जांच कर रही है। घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दिनेश पुरी ने वीडियो बाइट जारी कर मामले की जानकारी दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच में सामने आने वाले तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस सतर्क है और स्थिति पर नजर रखी जा रही है। फिलहाल तीन नामजद समेत 10 लोगों से पूछताछ जारी है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद घटना की वास्तविक वजह और आरोपियों की भूमिका स्पष्ट होगी।

## जमीन विवाद में युवक पर चाकू से हमला, हत्या के प्रयास के आरोप में दो गिरफ्तार



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** गुलरिहा थाना क्षेत्र के खुटहन खास टोला शाहपुर में जमीन विवाद को लेकर युवक पर चाकू से हमला करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने वादिनी और उसके परिवार के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और उसके बेटे पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। घटना 7 अगस्त 2026 की बताई गई है। आरोप है कि वारदात के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़िता की तहरीर के आधार पर गुलरिहा थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था।

पुलिस ने मामले में अजय पुत्र स्वामीनाथ गौड़ और धर्मेन्द्र पुत्र स्वामीनाथ गौड़, दोनों निवासी खुटहन खास टोला शाहपुर, थाना गुलरिहा, को गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 644/2026 के तहत धारा 109(1), 118(1), 191(2), 351(3) और 352 बीएनएस में कार्रवाई की गई है। गिरफ्तारी उपनिरीक्षक सचिन कुमार जायसवाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने की। टीम में उपनिरीक्षक राजेश कुमार, कांस्टेबल अजय सिंह और रिजर्व कांस्टेबल अतीक अहमद शामिल रहे। पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## मंगलवार को बरगादा हनुमान मंदिर में होगा भव्य श्रृंगार व सुंदरकांड



**गोपीगंज।** नगर के पड़ाव स्थित प्राचीन बरगदा हनुमान मंदिर में श्रावण माह के अवसर पर मंगलवार को भव्य श्रृंगार एवं सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंदिर के पुजारी पंडित अज्जू महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्रावण माह में मंदिर में विशेष धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को बजरंगबली का भव्य श्रृंगार किया जाएगा, जिसके बाद विधिवत सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा।


## दूसरे सोमवार शिवालयों में उमड़ेगा आस्था का सैलाब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खजनी, गोरखपुर।** पवित्र श्रावण मास के दूसरे सोमवार को लेकर तहसील क्षेत्र के प्रमुख शिव मंदिरों में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंदिरों की साफ-सफाई, रंगाई-पुताई के साथ आकर्षक सजावट की गई है। श्रद्धालुओं की संभावित भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर समितियों और पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को भी चाक-चौबंद किया है। नगर पंचायत उनवल के टेकवार चौराहे स्थित झारखंडेश्वर महादेव मंदिर, सरया तिवारी स्थित प्राचीन नीलकंठ शिव मंदिर तथा भरोहिया स्थित जैसरनाथ शिव मंदिर में सावन के पूरे महीने धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला जारी है। यहां पूजा-पाठ, आरती, शिव कथा, भंडारा तथा 24 घंटे रामनाम और नमः शिवाय के भजन-कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। श्रावण के सोमवार को इन मंदिरों में क्षेत्र और आसपास के जनपदों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। भोर से ही जलाभिषेक और रुद्राभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की कतार लगने की संभावना है। भक्त भगवान शिव को जल, दूध, बेलपत्र और पुष्प अर्पित कर अपनी मनोकामना पूरी होने की प्रार्थना करेंगे। मंदिर समितियों की ओर से श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, प्रसाद और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। वहीं पुलिस प्रशासन ने भीड़ को नियंत्रित करने, यातायात व्यवस्था बनाए रखने और मंदिर परिसर में सुरक्षा के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने की तैयारी की है। श्रद्धालुओं का मानना है कि झारखंडेश्वर महादेव के दरबार में सच्ची श्रद्धा से की गई प्रार्थना और मांगी गई मनोकामना बाबा भोलेनाथ अवश्य पूरी करते हैं। सोमवार को हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों से प्रमुख शिवालयों के गूंजने की उम्मीद है।

## सड़क हादसों में घायल यात्रियों का डीएम-एसएसपी ने जाना हाल, बेहतर इलाज के दिए निर्देश



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**उन्नाव।** जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में घायल यात्रियों का हाल जानने के लिए जिलाधिकारी घनश्याम मीणा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह जिला अस्पताल पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने अस्पताल में भर्ती घायलों से मुलाकात कर उनकी स्थिति की जानकारी ली और चिकित्सकों से उपचार के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। बताया गया कि थाना बांगरमऊ और थाना बेहटा मुजावर क्षेत्र में अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में कई यात्री घायल हो गए थे। हादसे के बाद घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। जिला अस्पताल पहुंचे डीएम और एसएसपी ने चिकित्सकों से घायलों की स्वास्थ्य स्थिति, उपचार की प्रगति और उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही अधिकारियों ने घायलों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना और उन्हें हरसंभव मदद का भरोसा दिलाते हुए ढांढस बंधाया। दोनों अधिकारियों ने अस्पताल प्रशासन और चिकित्सकों को निर्देशित किया कि सभी घायलों को प्राथमिकता के आधार पर बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उपचार में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए और जरूरत के अनुसार घायलों को तत्काल विशेषज्ञ चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराई जाए। डीएम और एसएसपी के अस्पताल पहुंचने से घायलों के साथ मौजूद परिजनों को भी राहत मिली। अधिकारियों ने संबंधित चिकित्सकों को उपचार व्यवस्था पर लगातार नजर बनाए रखने के निर्देश दिए।

## स्वस्थ युवा, सशक्त राष्ट्र के संकल्प के साथ निकली साइकिल यात्रा

**गोपीगंज।** पर्यावरण संरक्षण और जन-स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से रविवार को भदोही साइकिलिंग क्लब ने विशाल साइकिल यात्रा निकाली। पर्यावरण योद्धा 'साइकिल मैन भदोही' अताउल मुस्तफा अंसारी के नेतृत्व में यात्रा का शुभारंभ राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित बड़े चौराहे से वरिष्ठ चिकित्सक डा. एस.एस. यादव ने हरी झंडी दिखाकर किया। साइकिल यात्रा फूलबाग, सोनखरी, हरिहरपुर होते हुए श्री विश्वनाथ इंटर कॉलेज, धीरपुर बैदा पहुंची। यहां प्रबंधक मनीष मिश्रा के नेतृत्व में शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने यात्रियों का स्वागत किया। कॉलेज परिसर में पंचवटी के तहत पांच पवित्र पौधों का रोपण भी किया गया। यात्रा के दौरान साइकिल चलाएं, ईंधन बचाएं वृक्ष लगाओ, पर्यावरण बचाओऔर करो योग, रहो निरोग जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा। इस दौरान प्रवीण श्रीवास्तव, अनिल पांडेय, डा. राजकुमार शुक्ला सहित बड़ी संख्या में युवा, शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# रिश्वत मांगने के आरोपों की जांच महीनों से अधर में, कार्रवाई का इंतजार

### वायरल ऑडियो के बाद जांच अधिकारी नामित, अब तक नहीं पहुंचा किसी नतीजे पर मामला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**उन्नाव।** पंचायतराज विभाग में एक कर्मचारी पर रिश्वत मांगने के आरोपों की जांच कई माह से लंबित है। जांच पूरी न होने और अब तक किसी प्रकार की कार्रवाई सामने नहीं आने से विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। मामला एक सरकारी सेवक द्वारा दूसरे सरकारी सेवक से कथित रूप से रिश्वत मांगने से जुड़ा होने के कारण इसकी गंभीरता और बढ़ जाती है। बताया जाता है कि कुछ समय पूर्व सोशल मीडिया पर एक ऑडियो वायरल हुआ था। वायरल ऑडियो में डीपीआरओ कार्यालय में तैनात एक ग्राम पंचायत अधिकारी, जो वर्तमान में लिपिक का कार्य देख रहे हैं, द्वारा एक प्रकरण को रफा-दफा कराने के एवज में दूसरे ग्राम विकास अधिकारी से कथित रूप से रिश्वत मांगने की बात सामने आई थी। ऑडियो वायरल होने के बाद मामला विभागीय अधिकारियों तक पहुंचा और जांच के आदेश दिए गए। इसके लिए जांच अधिकारी भी नामित किया गया था।

हालांकि जांच के आदेश हुए कई माह बीत जाने के बावजूद अभी तक जांच पूरी नहीं हो सकी है। नतीजा सामने नहीं आने से पूरे प्रकरण को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। सवाल यह भी उठ रहा है कि जब मामला सरकारी विभाग के कर्मचारियों के बीच कथित रिश्वत मांगने से जुड़ा है तो जांच में इतनी देरी क्यों हो रही है। प्रदेश सरकार लगातार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर जोर देती रही है। ऐसे में सरकारी विभाग से जुड़े इस प्रकरण में जांच लंबित रहने से विभागीय पारदर्शिता और जवाबदेही को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है। इस संबंध में जिला पंचायतराज अधिकारी से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि मामले की जांच पीडी डीआरडीए के स्तर से की जा रही है।

वहीं, भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष किरन सिंह पटेल ने मामले को गंभीर बताते हुए निदेशक पंचायती राज को शिकायती पत्र भेजा है। उन्होंने वायरल ऑडियो और रिश्वत मांगने के आरोपों की निष्पक्ष जांच कराए जाने तथा जांच में आरोप सही पाए जाने पर संबंधित कर्मचारी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई किए जाने की मांग की है। अब देखना यह है कि महीनों से लंबित इस जांच का निष्कर्ष कब सामने आता है और आरोपों की सच्चाई पर विभाग की ओर से क्या कार्रवाई की जाती है।

## दहेज उत्पीड़न से महिला की आत्महत्या, ससुर गिरफ्तार

**सुल्तानपुर** में दहेज उत्पीड़न और आत्महत्या के लिए उकसाने के एक मामले में पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गोसाईगंज थाना पुलिस ने मूंगर चौराहे से आरोपी को पकड़ा और न्यायालय के समक्ष पेश किया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक चारू निगम के निर्देश पर की गई। यह मामला 7 अगस्त को अजीज पुत्र शारदा निवासी तुर्कहिया मूंगर की तहरीर पर दर्ज किया गया था। अजीज ने अपनी बहन हकीकुल निशा (उम्र करीब 20 वर्ष) को ससुराल पक्ष द्वारा दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने, गाली-गलौज करने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था। शिकायत के अनुसार, ससुराल वालों की प्रताड़ना से क्षुब्ध होकर हकीकुल निशा ने नहर में कूदकर आत्महत्या कर ली थी। इस संबंध में गोसाईगंज थाने में पति शमशाद सहित कुल नौ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। विवेचना और साक्ष्यों के आधार पर, पुलिस ने 9 अगस्त को अभियुक्त बरसाती पुत्र राजबहादुर को गिरफ्तार किया। बरसाती, जिसकी उम्र करीब 46 वर्ष है, ग्राम बेनी का पुरवा मूंगर, थाना गोसाईगंज, जनपद सुलतानपुर का निवासी है। उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अनिल सक्सेना, हेड कांस्टेबल धीरेन्द्र कुमार, हेड कांस्टेबल उमेशचन्द्र, हेड कांस्टेबल नरसिंह यादव और कांस्टेबल अमित कुमार शामिल थे।

# सावन में रेलवे स्टेशन पर गूंजा शिव चालीसा, भंडारे में उमड़े श्रद्धालु



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पडरौना।** सावन मास के पावन अवसर पर रविवार को 'हम हैं सुबह के सिकंदर' ग्रुप एवं योगा ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में रेलवे स्टेशन पडरौना परिसर में शिव चालीसा पाठ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं और राहगीरों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। शिव चालीसा पाठ के बाद आयोजित भंडारे में आयोजकों एवं स्वयंसेवकों ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद वितरित किया। इस दौरान रेलवे स्टेशन परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष 'बुलबुल' जायसवाल की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने अन्य सदस्यों के साथ श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सावन केवल आस्था का महीना ही नहीं, बल्कि प्रकृति के नवजीवन का भी प्रतीक है।

भगवान शिव के स्वरूप में प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण का गहरा संदेश मिलता है। उनकी जटाओं में गंगा, मस्तक पर चंद्रमा और गले में नाग प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व का संदेश देते हैं। उन्होंने लोगों से जल, जंगल और प्रकृति की रक्षा का संकल्प लेने का आह्वान किया। आयोजकों ने कहा कि धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों के माध्यम से समाज में सेवा, सद्भाव और सहयोग की भावना को मजबूत करने का प्रयास आगे भी जारी रहेगा। आयोजन को सफल बनाने में सुनील कुमार गुप्ता, मनोज चौरसिया, प्रदीप जायसवाल, विजय सिंह चंदेल, मनोज सिंह, सुनील जायसवाल, सुरेश गोयल, राधामोहन सहाय, सत्यजीत द्विवेदी, राजू जायसवाल, बड़े वर्मा, राजू कुमार, विद्यानंद वर्मा, बासुकी जायसवाल, अवधेश जायसवाल, जितेंद्र जायसवाल, बिपिन चंद्र त्रिपाठी सहित अन्य सदस्यों एवं सहयोगियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# शिव पूजन से दूर होते हैं दुःखः आचार्य विनोद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोला बाजार, गोरखपुर।** श्रावण मास में भगवान शिव की आराधना का विशेष महत्व है। महादेव सर्वसमर्थ हैं और उनकी पूजा-अर्चना से मनुष्य के कष्ट दूर होते हैं तथा जीवन में सुख-शांति का संचार होता है। शास्त्रों में श्रावण मास में शिवलिंग पर दूध की धारा से अभिषेक और रुद्राभिषेक को विशेष फलदायी बताया गया है। उक्त बातें शनिवार को गोला ब्लॉक के देवकली (कुड़वाआम) गांव स्थित पृथ्वीनाथ शिव मंदिर परिसर में चल रही शिव महापुराण कथा के दौरान अयोध्या से पधारे प्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य विनोद जी महाराज ने व्यास पीठ से श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराते हुए कहीं।

आचार्य विनोद जी महाराज ने कहा कि भगवान शिव की आराधना से मनुष्य के अनचाहे दुःख, कष्ट और संकट दूर होते हैं। शिव को रुद्र भी कहा जाता है, क्योंकि रुद्र दुःखों का विनाश करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि शिव वेद स्वरूप हैं। भारतीय सनातन संस्कृति में वेदों की अनुपम महिमा है और उन्हें अनादि एवं अपौरुषेय माना गया है। शिव ब्रह्म के पर्यायवाची हैं और उनकी भक्ति मानव जीवन को आध्यात्मिक शांति प्रदान करती है।

उन्होंने रुद्राभिषेक की महिमा बताते हुए कहा कि श्रद्धा और विधि-विधान से भगवान शिव का अभिषेक करने से मनोकामनाओं की पूर्ति तथा सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार रुद्राभिषेक को संतान सुख, धन-धान्य में वृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना के लिए भी शुभ माना गया है। कथा के शुभारंभ से पूर्व इंजीनियर कृष्ण गोपाल दुबे ने व्यास पीठ की आरती कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे और भक्तिमय वातावरण में भगवान शिव की महिमा का श्रवण किया। इस अवसर पर अस्सी संगम दुबे, अमरचंद दुबे, भवानी प्रसाद दुबे, डॉ. धरणीधर दुबे, विजय दुबे, श्यामदेव यादव, दयाशंकर दुबे, अशोक दीक्षित, राघवेंद्र दुबे, यमुना सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## गौरा चौकी व्यापार मंडल गठित, सुनील बने अध्यक्ष





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मनकापुर गोण्डाः** गौरा चौकी कस्बे के व्यापारियों के हितों की रक्षा और समस्याओं के समाधान के लिए व्यापार मंडल का रविवार को गठन किया गया। बैठक गौरा बुजुर्ग के ग्राम पंचायत सभागार में आयोजित की गई द्य रविवार को गोंडा व्यापार मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र प्रकाश आर्य की उपस्थिति में सर्वसम्मति नई कार्यकारिणी चुनी गई द्य नवगठित कार्यकारिणी में सुनील कुमार अग्रहरी मंडल अध्यक्ष, अनिल कुमार मोदनवाल, विनोद कुमार कमलापुरी, संतोष कुमार, अग्रहरी, जिकरुल्लाह खान, मण्डल उपाध्यक्ष के पद पर, आलोक कुमार अग्रहरी को मंडल महामंत्री, राजेंद्र प्रसाद कमलापुरी को कोषाध्यक्ष, पवन कुमार कमलापुरी सोशल मीडिया प्रभारी, रामराज शर्मा सोशल मीडिया प्रभारी, लीडर मोदनवाल संगठन मंत्री, तथा मंत्री के पद पर मोहम्मद वसीम, महफूजुर रहमान, हीरालाल, छत्रीलाल, राज बब्बर, मोहम्मद फहीम, और वाजिद अली को नियुक्त किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुनील अग्रहरि ने कहा कि हमारा उद्देश्य गौरा चौकी के व्यापारियों की एकता बनाना और उनकी समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाना है। बिना किसी कारण के व्यापारियों के शोषण और उत्पीड़न के विरुद्ध आवाज प्राथमिकता से उठाया जाएगा। सोशल मीडिया प्रभारी रामराज शर्मा ने कहा कि व्यापार मंडल बिना भेदभाव के छोटे-बड़े सभी व्यापारियों की आवाज बनेगा। सरकार की योजनाओं का लाभ व्यापारियों तक पहुंचाने का काम किया जाएगा। व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र प्रकाश ने कहा कि व्यापारी अपने दम पर बिना किसी का सहारा लिए व्यापार मंडल स्वयं ही अपनी समस्याओं का निस्तारण करने में सक्षम हो इसी उद्देश्य को लेकर व्यापार मंडल का गठन किया गया है। उन्होंने सभी व्यापारियों से ऑनलाइन खरीदारी का बायकाट करने को कहा है, साथ प्लास्टिक का कम से कम प्रयोग करने, 18 साल से कम के बच्चों को दुकान पर काम न कराने को कहा है। उन्होंने कार्यक्रम के अंत में गौरा चौकी व्यापार मंडल के पदाधिकारी को बधाई और शुभकामना दी।

## सावन की मासिक शिवरात्रि पर 11 अगस्त को निकलेगी भव्य शिव शोभायात्रा

**उन्नाव।** सावन मास की मासिक शिवरात्रि के पावन अवसर पर 11 अगस्त को उन्नाव के बड़े चौराहे पर भगवान शिव की भव्य प्रतिमा की स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जाएगा। धार्मिक आयोजन को लेकर शिवभक्तों में खासा उत्साह है और तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। भगवान शिव की प्रतिमा स्थापना के अवसर पर बाबा बलखंडेश्वर धाम, परियर से भव्य शिव शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा परियर से प्रारंभ होकर बहरौला, बसधना, हाजीपुर, फत्तेपुर, बनी, पिंडोखा, देवारा सहजनी होते हुए शुक्लागंज के रास्ते उन्नाव पहुंचेगी। शोभायात्रा में भगवान शिव की आकर्षक झांकियां और धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहेंगी। यात्रा में बड़ी संख्या में शिवभक्तों के शामिल होने की संभावना है। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं द्वारा शोभायात्रा के स्वागत की तैयारियां की जा रही हैं। सावन के पवित्र महीने में भगवान शिव की प्रतिमा स्थापना और विशाल शोभायात्रा को लेकर पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। आयोजन को भव्य रूप देने के लिए शिवभक्त और स्थानीय लोग तैयारियों में जुटे हैं। आयोजकों ने सभी शिवभक्तों और श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शोभायात्रा में शामिल होने की अपील की है। आयोजकों का कहना है कि यह धार्मिक आयोजन श्रद्धा और आस्था का प्रमुख केंद्र बनेगा।

# विकासखण्ड हलधरमऊ में 'हर घर तिरंगा' अभियान का भव्य शुभारम्भ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




शहीद स्मारक पर माल्यार्पण एवं 'एक पेड़ माँ के नाम' के तहत पौधरोपण

**गोण्डा।** विकासखण्ड हलधरमऊ में देशभक्ति एवं राष्ट्रीय गौरव की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 'हर घर तिरंगा' अभियान का भव्य शुभारम्भ विधायक कटरा बाजार बावन सिंह जी की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान एवं देश की एकता-अखंडता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। अभियान के शुभारम्भ के अवसर पर विकासखण्ड मुख्यालय हलधरमऊ से चौरीचौराहा तक भव्य तिरंगा यात्रा रैली का आयोजन किया गया। रैली में विकासखण्ड के अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों एवं अन्य गणमान्य नागरिकों ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। हाथों में तिरंगा लेकर निकली रैली में देशभक्ति के नारों से वातावरण गुंजायमान रहा। रैली के माध्यम से लोगों को अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने तथा राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान की भावना को और मजबूत करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विधायक बावन सिंह द्वारा शहीद स्मारक पर पहुंचकर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उन्होंने शहीद स्मारक पर माल्यार्पण कर देश की स्वतंत्रता एवं राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर सपूतों को नमन किया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने भी शहीदों के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान व्यक्त किया।इसके उपरांत माननीय विधायक जी द्वारा 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधरोपण किया गया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण एवं हरित क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के माध्यम से राष्ट्रभक्ति, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सहभागिता का संदेश दिया गया। 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत क्षेत्रवासियों से अपने घरों पर तिरंगा फहराकर राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं गौरव की भावना को मजबूत करने की अपील की गई।

## संक्षिप्त खबरें

### कछला घाट से जल लेकर कावड़ियों के दल कल करेंगे जल अभिषेक



**बरेली/** श्रवण मास के दूसरे सोमवार को चल अभिषेक करने के लिए भोले के श्रद्धालु कछला घाट से जल लेकर आज वापस लौटे सुबह को पैसे मंदिरों में जल अभिषेक करेंगे इसके लिए कांवड़ियों के जत्थे से वापस आना शुरू हो गया इसी क्रम में नकटी नारायणपुर सिठौरा बाहर जागीर बिहारीपुर अब्दुल रहमान नदिया मोतीराम धीमरी आदि ग्रामों से श्रद्धालुओं के जत्थे दूसरे सोमवार को जलाभिषेक करने के लिए। कछला घाट को रवाना हुए थे जो सभी वापस लौटना प्रारंभ हो गए हैं सुबह मंदिरों में जल अभिषेक करेंगे इसी क्रम में डाक कावड़ लेने के लिए श्रद्धालुओं के जब से भारी संख्या में कछला घाट को रवाना हुए हैं इनमें बिहारीपुर अब्दुल रहमान वैवाही समेत अनेकों ग्रामों से श्रद्धालु डाक कावड़ लेकर रवाना हुए हैं यह भी सुबह लौटकर शिव मंदिरों में जल अभिषेक करेंगे और भोले का आशीष प्राप्त करेंगे।

# ज्वेलिन थ्रो में स्वर्ण पदक जीतने वाले शिवम का जाट महासभा ने किया जोरदार स्वागत

## 21 वीं उत्तर प्रदेश राज्य यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में प्रथम स्थान हासिल कर बढ़ाया गौरव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**टूण्डला-** प्रयागराज में आयोजित 21वीं उत्तर प्रदेश राज्य यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में ज्वेलिन थ्रो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले युवा खिलाड़ी शिवम पुत्र ओतवीर सिंह, निवासी छितरई का अखिल भारतीय जाट महासभा फिरोजाबाद के पदाधिकारियों एवं समाज के लोगों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। चैंपियनशिप का आयोजन 7 और 8 अगस्त को प्रयागराज में किया गया था। प्रतियोगिता में शिवम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ज्वेलिन थ्रो में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, गांव और जाट समाज के साथ-साथ पूरे जनपद में खुशी का माहौल है। शिवम के सम्मान में फिरोजाबाद रोड स्थित अनिल चौधरी के आवास पर स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय जाट महासभा के पदाधिकारियों एवं समाज के लोगों ने युवा खिलाड़ी का फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने शिवम की खेल प्रतिभा की सराहना करते हुए उनकी उपलब्धि पर खुशी जताई।



समाज के लोगों ने कहा कि शिवम ने अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के दम पर प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल कर न केवल अपने परिवार का नाम रोशन किया है, बल्कि छितरई गांव और फिरोजाबाद जनपद का गौरव भी बढ़ाया है। उनकी सफलता अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणादायक है। स्वागत समारोह के दौरान शिवम को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं। समाज के लोगों ने उम्मीद जताई कि शिवम आने वाले समय में इसी तरह अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भी सफलता हासिल करेंगे और जनपद का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर जाट समाज के लोगों ने युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने, खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने तथा युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करने पर भी जोर दिया। उपस्थित लोगों ने शिवम की सफलता को समाज और जनपद के लिए गौरव का विषय बताया।

# मजदूरी का पैसा ना मिलने से भुखमरी के कगार पर मजदूर

## ग्राम पंचायत सचिव की मनमानी आ रही सामने

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

~~लखीमपुर खीरी- मामला विकास खंड~~ बांकेगंज की ग्राम पंचायत सराय रमुआपुर का बताया जाता है जहां के पंचायत सचिव और प्रधान की धनलोलुपता के पंचायत भवन की रंगाई पुताई और वाल पेंटिंग कार्य का भुगतान कईमहीनो से नही किया जा रहा है जिसके चलते मजदूर लोग भुखमरी झेलने को विवश है।सूत्र बताते है कि माह अप्रैल मे पंचायत भवन की रगाई और पुताई तथा वाल पेटिंग का कार्यशुरु किया गया था। और माह अप्रैल मे ही कार्य पूर्ण भी हो गया था लेकिन आजतक लेवरो का भुगतान नही किया जा रहा है रंगाई पुताई और वाल पेंटिंग कार्य करने वाले ठेकेदार सुनील कुमार के मुताबिक मैनै कई बार पंचायत सचिव और जे.ई.साहब से अपना भुगतान कराये जाने को कहा तो बस वही डायलाग करवा देंगे दो दिन बाद लेकिन आजतक भुगतान नही कराया गया ।ठेकेदार सुनील कुमार का कहना है कि लेवर उसका घर घेरते है और दरवाजे पर आकर बेइज्जत करते है ।सुनील कुमार की माने तो अपना भुगतान पाने को लेकर पंचायत सचिव और जे.ई.साहब सहित ग्राम प्रधान की चौखट की खाक छानते आज 4माह गुजर गये लकिन पंचायत सचिव और जे.ई.साहब की मनमानी और कमीशन खोरी के चलते उसका भुगतान नही किया. गया ,पीडित सुनील कुमार अपना भुगतान पाने को अधिकारियो के चक्कर लगाते लगाते थक गया लेकिन भुगतना नही मिला तो नही मिला।यदि ठेकेदार सुनील कुमार साहब को बतौर तयशुदा कमीशन देदिया गया होता तो शायद, अब तक भुगतान मिल चुका होता मै इसकी अधिकारिक पुष्टि नही करता हू फिलहाल सूत्र बताते है रंगाई पुताई के नाम चलट रहे कमीशन का सच जानने का प्रयास करने पर पता चला की तीस प्रतिशत तक का चलता है। पीडित का आरोप है कि अब वह जिलाधिकारी खीरी से साक्ष्य के साथ शिकायत कर मामले कीट उच्च स्तरीय जांच टीम गठित कर निष्पक्ष जांच कराये जाने और दोषी लोगो के विरुद कठोर कार्रवाई कराये जाने की मांग की है।

### वेगनआर ने किशोर को मारी टक्कर गंभीर रूप से घायल महानगर में भर्ती



**बरेली/** क्योंलड़िया थाना क्षेत्र के गांव खमरिया मथुरापुर में अहिरोला की तरफ से आ रही वेगन आर कार ने रोड पर कर रहे प्रेमपाल के 4 वर्षीय पुत्र कार्तिक को टक्कर मार दी टक्कर इतनी तीव्र गति से लगी के किशोर रोड से कूद कर कई मीटर दूरी पर जाकर गिरा। जिससे उसका सिर फट गया किशोर की गंभीर चोट आने के कारण यहां पर किसी ने भी उपचार के लिए लेने से मना कर दिया तो परिजन को लेकर महानगर की एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है जहां पर उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है इधर टक्कर लगने के बाद चालक अपनी कर लेकर भागने में सफल रहा। घायल किशोर की मां माधुरी ने पुलिस को गाड़ी नंबर समेत तहरीर दी है पुलिस में गाड़ी का नंबर चेक करने के बाद क्या हुआ गाड़ी रायबरेली की होना पाया गया है पुलिस ने बताया वाहन चालक से संपर्क नहीं हो सका है यदि पीड़ित चाहेगा तो रिपोर्ट दर्ज की जाएगी अभी बच्चे का उपचार चल रहा है।

## हर-हर महादेव के जयकारे लगाते हुए शिवभक्तों का जत्था जल लेने निकला



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/** क्योलड़िया सावन के पावन माह में शुक्रवार को क्योलड़िया गांव से शिवभक्तों का जत्था जलाभिषेक करने के लिए जल लेने रवाना हुआ। जत्थे में शामिल श्रद्धालु हाथों में भगवा ध्वज लेकर हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारे लगाते हुए रवाना हुए। इससे गांव का माहौल भक्तिमय हो गया। ग्राम प्रधान पुष्पा गंगवार और प्रधान पति रविंद्र गंगवार ने भोले भक्तों पर फूल बरसाकर उन्हें रवाना किया। सोमवार को वापसी में मंदिर में भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से जलाभिषेक किया जाएगा। जत्थे में रोहित गंगवार, दीपांशु गंगवार, राम बाबू, प्रेमपाल कश्यप, अमित गंगवार, यशपाल, रामचंद्र, हरिओम, रमेश चंद्र, अतेंद्र सिंह, माया स्वरूप, आकाश, सुधांशु गंगवार, कपिल, भूपेंद्र कुमार, अरुण कुमार, विपिन कुमार, अंश, आयुष, हरीश कुमार, जीतेंद्र पाल, संजय कुमार, सूर्य प्रकाश, सत्येंद्र कुमार, नितिन कुमार और अरुण शामिल रहे। फोटो क्योलड़िया से शिव भक्तों को जल लेने स्वागत कर फूल बरसाकर भेजा गया।

### घाटमपुर में तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर,गंभीर घायल

**कानपुर ग्रामीण।** कानपुर कमिश्नरेट अंतर्गत थाना सजेती के अज्योरी गांव के पास बीतीं देर रात एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी, हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर के उर्सला अस्पताल रेफर कर दिया गया टक्कर मारने के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया,यह सड़क हादसा बीती देर रात करीब 10 बजें हुआ, राहगीरों के अनुसार एक अनियंत्रित तेज रफ्तार कार ने सड़क से गुजर रहे बाइक सवार युवक को सीधी टक्कर मार दी जोरदार टक्कर से बाइक के परखच्चे उड़ गए,और युवक सड़क पर गिर कर लहूलुहान हो गया,,घायल युवक की पहचान सजेती निवासी हेमंत सचान 25 वर्ष पुत्र सुशील सचान के रूप में हुई है,, हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाटमपुर ले जाया गया घाटमपुर में हेमंत की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए कानपुर के उर्सला अस्पताल रेफर कर दिया गया, थाना प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार ने बताया कि घायल का कानपुर में इलाज चल रहा है, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# 15 दिन से दहशत के बीच वन विभाग ने चलाया सर्च अभियान, टीम ने खंगाले जंगल और खेत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/क्योलड़िया-** क्षेत्र में पिछले 15 दिनों से तेंदुए की मौजूदगी को लेकर ग्रामीणों में बनी दहशत के बीच शनिवार को वन विभाग ने सघन सर्च और कांबिंग अभियान चलाया। वन क्षेत्राधिकारी नवाबगंज के के मिश्रा के नेतृत्व में टीम ने वन्यजीव विशेषज्ञ डॉ. जीएस खुशारिया के साथ क्षेत्र के दर्जनों गांवों के जंगल और खेतों को खंगाला। हालांकि, अभियान के दौरान तेंदुए की मौजूदगी से संबंधित कोई पुख्ता प्रमाण नहीं मिला। क्षेत्र में पिछले दो दिनों से तेंदुए के दिखाई देने या उसके पगचिह्न मिलने की कोई सूचना वन विभाग को नहीं मिली है। इससे ग्रामीणों के साथ ही वन विभाग ने भी राहत की सांस ली है। हालांकि एहतियात के तौर पर विभाग की टीमें अभी क्षेत्र में सक्रिय रहेंगी। पिछले दो सप्ताह में क्योलड़िया क्षेत्र के अब्दला, कुंअरपुर तुलसी पट्टी, जवेदा, भऊआ बाजार, मरगापुर-मरगैया और प्रह्लादपुर समेत कई गांवों के ग्रामीणों ने तेंदुआ देखे जाने या पगचिह्न मिलने की सूचनाएं वन विभाग को दी थीं। इसके बाद विभाग ने चार टीमें गठित कर निगरानी शुरू की। भऊआ बाजार में तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजड़ा भी लगाया गया। लगातार तेंदुए की मौजूदगी की सूचना से ग्रामीणों ने खेतों की ओर जाना तक कम कर दिया था।



**बारिश में भटककर गांवों के पास पहुंचते हैं वन्यजीव**

वन क्षेत्राधिकारी के के मिश्रा और वन्यजीव विशेषज्ञ डॉ. जीएस खुशारिया ने ग्रामीणों से सतर्क रहने और जंगल या सुनसान स्थानों पर अकेले नहीं जाने की अपील की। उन्होंने बताया कि नवाबगंज क्षेत्र का कुछ हिस्सा पीलीभीत टाइगर रिजर्व के नजदीक है। बारिश के मौसम में कभी-कभी तेंदुए या अन्य जंगली जानवर शिकार की तलाश में रास्ता भटककर गांवों के आसपास पहुंच जाते हैं। हालांकि, ऐसे वन्यजीव अक्सर वापस जंगल की ओर चले जाते हैं। वन क्षेत्राधिकारी केके मिश्रा ने बताया कि शनिवार को वन्यजीव विशेषज्ञ के साथ कई गांवों में कांबिंग की गई, लेकिन तेंदुए की मौजूदगी का कोई प्रमाण नहीं मिला। एहतियात के तौर पर टीमें अभी सक्रिय रहेंगी और भऊआ बाजार में लगाया गया पिंजड़ा भी लगा रहेगा। ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की गई है। क्योलड़िया क्षेत्र में ग्रामीणों से जानकारी लेते वन्यजीव विशेषज्ञ डॉ. जीएस खुशारिया और वन क्षेत्राधिकारी नवाबगंज के के मिश्रा।

## दिव्यांग महा गठबंधन की चेतावनी,17 अगस्त को होगा विधानसभा प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर ग्रामीण।** आज दिव्यांग महा गठबंधन की बैठक शास्त्री नगर बड़ा सेंट्रल पार्क बगिया गेट नंबर 4 कानपुर नगर में संपन्न हुई,, बैठक में 17 अगस्त को गांधी प्रतिमा हजरतगंज चौराहा लखनऊ में प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन में भाग लेने का निर्णय लिया गया,, दिव्यांग महागठबंधन के महासचिव वीरेंद्र कुमार ने कहा कि सरकार नौकरी रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा सुरक्षा,रोटी कपड़ा और मकान की सौ फीसदी गारंटी के लिए सामाजिक समानता कानून बनाए, पेंशन 5000 महीना करें, नौकरी में आरक्षण कोटा पूरा करें,सभी सरकारी नौकरियों में आरक्षण दे,कि मांग को लेकर गांधी प्रतिमा हजरतगंज लखनऊ में धरना प्रदर्शन में भाग लेने का निर्णय लिया,, वीरेंद्र कुमार ने कहा कि हमने सरकार से मांगो के संबंध में वार्ता के लिए समय मांगा था, लेकिन शासन और सरकार ने आज तक बातचीत करने के लिए समय नहीं दिया, जिससे दिव्यांग जनों में गहरा रोश व्याप्त है, सरकार दिव्यांग जनों की मांगों को पूरा नहीं करना चाहतीं,, इसीलिए बातचीत का समय नहीं दे रहीं हैं,, वीरेंद्र कुमार ने कहा कि सरकार मांगों को पूरा नहीं करती तो आगामी विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश के 54 लाख दिव्यांग व उनके परिजन सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकेंगे,,आज की बैठक में दिव्यांग महा गठबंधन के महासचिव वीरेंद्र कुमार, राहुल कुमार, अल्पना कुमारी, अरविंद सिंह,वैभव दीक्षित गुड्डी दीक्षित गोमती वर्मा, रंजीत सिंह, आदि लोग शामिल रहे।



# हर घर की छत पर लहराएगा तिरंगा

## 13 अगस्त को टूण्डला में निकलेगी जिले की तिरंगा यात्रा, प्रत्येक मंडल को दिए गए 2500 तिरंगे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**टूण्डला।** भाजपा जिला शिविर कार्यालय टूण्डला पर 'हर घर तिरंगा अभियान' के तहत एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 13 अगस्त को टूण्डला में प्रस्तावित जिले की तिरंगा यात्रा को लेकर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई। साथ ही हर घर, हर बूथ और प्रत्येक शक्ति केंद्र पर तिरंगा पहुंचाने को लेकर पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि पार्टी का उद्देश्य है कि जिले में हर शक्ति केंद्र, हर बूथ और हर घर की छत पर तिरंगा लहराए। इसी उद्देश्य को लेकर पदाधिकारियों के साथ विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि तिरंगा केवल एक झंडा नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता, गौरव और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है।उन्होंने बताया कि अभियान को प्रभावी बनाने के लिए प्रत्येक मंडल को 2500 तिरंगे झंडे उपलब्ध कराए गए हैं। इन तिरंगों को मंडल अध्यक्षों, बूथ अध्यक्षों एवं पार्टी के अन्य पदाधिकारियों को वितरित किया गया है, ताकि वे अपने-अपने वार्ड एवं बूथ क्षेत्रों में प्रत्येक घर तक तिरंगा पहुंचाने का कार्य सुनिश्चित कर सकें। बैठक में यह भी तय किया गया कि प्रत्येक बूथ पर पांच-पांच तिरंगे झंडे बूथ समिति के सदस्यों को उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके माध्यम से बूथ स्तर तक अभियान को मजबूती प्रदान करते हुए अधिक से अधिक घरों तक तिरंगा पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।



**13 अगस्त को निकलेगी तिरंगा यात्रा**

बैठक में 13 अगस्त को टूण्डला में आयोजित होने वाली जिले की तिरंगा यात्रा की तैयारियों पर भी चर्चा की गई। पदाधिकारियों को यात्रा को सफल बनाने के लिए आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपी गई। कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। इसके अलावा बैठक में आगामी 'विभाजन की विभीषिका' कार्यक्रम तथा मौन जुलूस सहित पार्टी के आगामी अभियानों की तैयारियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, जिला महामंत्री आकाश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार, नीलम दिवाकर, शैलेन्द्र सिंह, जिला मंत्री पवन चक, दिनेश गुप्ता, जिला सह-संयोजक सोशल मीडिया सचिन जैन, ब्लॉक प्रमुख सुशील चक, नारखी मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रताप सिंह संजू, नगर अध्यक्ष आजाद जैन, नगला बीच अध्यक्ष अजीत कुशवाह, वैष्णो देवी मंडल अध्यक्ष नीरेश रावत, शीयर देवी मंडल अध्यक्ष डॉ. पूरन सिंह, मंडल महामंत्री पचोखरा ब्रजवीर सिंह, राजन सिंह निषाद, दीपक ठैनुआ, अंकित शर्मा, जुबिन भारद्वाज, सुनील पाठक, संदीप जैन, भाषलेंद्र सिंह गोलू, आसुतोष सिंह, गिरवर निषाद, अरुण सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### ग्राम पंचायत में इन्टरलॉकिंग निर्माण कार्य में भारी भ्रस्टाचार

**लखीमपुर खीरी-** विकास खंड बेहजम की ग्राम पंचायत टिकौला मे कराये जा रहे इण्टरलाकिग मे बडे स्तर पर जे ई और ठेकेदार की मिलीभगत से इण्टरलाकिग के नीछे बिना बालू डाले ही इण्टरलाकिग ईट बिछबाये जाने का मामला प्रकाश मे आया है। सूत्र के मुताबिक ठेकेदार मानको को ताक पर रखकर जिस इंटरलॉकिंग सड़क का मानक विपरीत निर्माण करा रहा है वह कितने दिन चलेगी कहा नही जा सकता है। इंटरलॉकिंग के नीचे न तो पत्थर डलबाया गया और न ही बालू ही डलबाई जा रही है।

जो एजिंग बनबा ई जा रही है वह भी पीला ईट और सीमेंट का नाममात्र का प्रयोग किये जाने के आरोप लगाए जा रहे है। ग्रामीण लोगो ने मामले की निष्पक्ष जाँच कराकर दोषी ठेकेदार और जे.ई के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

## एबीवीपी कानपुर प्रांत की सदस्यता कार्यशाला हुई संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** आज रविवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कानपुर प्रांत की सदस्यता कार्यशाला का शुभारंभ कानपुर इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी में विद्या की देवी मां शारदे व युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्पार्पण के साथ किया गया कार्यशाला में कानपुर प्रांत के 21 संगठनात्मक जिलों से लगभग 220 छात्र-छात्राएं व शिक्षक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यशाला में प्रांत उपाध्यक्ष डॉ. अजय आर्य ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि अभाविप अपने स्थापना काल से ही प्रत्येक वर्ष सदस्यता अभियान चलाती है जिसे कार्यकर्ता एक पर्व की तरह मनाते हैं, उन्होंने बताया कि संगठन में नए सदस्यों को जोड़ना अत्यंत आवश्यक है तभी संगठन कार्य आगे बढ़ता है। प्रांत मंत्री दिनेश यादव ने युवा तरुणाई को संबोधित करते हुए बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है जो लगातार 77 वर्षों से छात्र-छात्राओं व शिक्षकों के हित में कार्य करता है साथ ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राष्ट्रवादी विचारधारा और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियां भी संचालित करता है।प्रांत संगठन मंत्री मनीष राय ने अपने उद्बोधन में सभी को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को जोड़ने का कार्य अभाविप कानपुर प्रांत द्वारा किया जाएगा, उन्होंने बताया कि ऐसे सभी विद्यार्थियों का संगठन में स्वागत है जो राष्ट्र को सर्वोपरि मानकर समाजहित में व छात्रहित में कार्य करना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी या शिक्षक प्रांत द्वारा जारी किए गए नंबर पर बातचीत करके अन्यथा अभाविप की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर भी अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अभाविप, कानपुर प्रान्त के सह संगठन मंत्री तरुण बाजपेई ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् कार्यकर्ता निर्माण से व्यक्तित्व निर्माण के ध्येय पर कार्य करने वाला छात्र संगठन है। उन्होंने बताया कि परिषद् के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रांत के प्रत्येक महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया के दौरान हेल्प डेस्क की व्यवस्था तथा नव प्रवेशार्थी विद्यार्थियों का अभिनंदन समारोह आयोजित करने की योजना है। उन्होंने बताया सदस्यता करने हेतु जिला अनुसार वह विभिन्न कॉलेजों व प्रखंडों की टोली भी गठित की गई हैं। कार्यशाला के अन्त में अभाविप चित्रकूट जिले द्वारा 'गिरी पथ' अभियान के पोस्टर का विमोचन भी किया गया। जिसका उद्देश्य कामदगिरि परिक्रमा मार्ग को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने के साथ विद्यार्थियों को सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण से जोड़ना है। इस कार्यशाला में प्रान्त उपाध्यक्ष डॉ. प्रियंका सिंह, मयंक पासवान, आयुषी त्रिपाठी, प्रियंका माथुर, निशेंद्र राजपूत, डॉ. विकास सिंह, सुधांशु त्रिपाठी, एल्विन ज्यूड कुमार, कृष्णा भदौरिया, प्रथम सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।




### थाना किदवईनगर क्षेत्र में मोबाइल स्नैचिंग की दो घटनाओं का सफल अनावरण



**कानपुर।** थाना किदवईनगर क्षेत्र में विगत दिनों हुई मोबाइल स्नैचिंग की दो घटनाओं के संबंध में अलग-अलग अभियोग पंजीकृत किए गए थे। किदवईनगर पुलिस एवं टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से लगातार प्रयास करते हुए दोनों घटनाओं का सफल अनावरण किया गया है। पुलिस द्वारा कुल 04 आरोपियों को पकड़ा गया है, जिनमें 03 नाबालिग एवं 01 बालिग , निवासी हनुमंत विहार थाना क्षेत्र, शामिल है। आरोपियों के कब्जे से घटनाओं में प्रयुक्त बाइक, लूटे गए मोबाइल फोन तथा लगभग 3,000 नकद बरामद किए गए हैं। पकड़े गए सभी आरोपियों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई करते हुए बालिग आरोपी को न्यायालय तथा नाबालिगों को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

# फिरोजाबाद में हर्षोल्लास के साथ शुरू हुआ 'हर घर तिरंगा' अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फिरोजाबाद।** जनपद में स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर 'हर घर तिरंगा' अभियान का औपचारिक शुभारंभ हर्षोल्लास एवं राष्ट्रभक्ति के वातावरण में हुआ। अभियान को लेकर जिले के बच्चों, युवाओं, महिलाओं एवं प्रबुद्ध वर्ग में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। लोग अपने घरों, प्रतिष्ठानों और कार्यस्थलों पर तिरंगा फहराकर राष्ट्र के प्रति अपनी निष्ठा एवं सम्मान व्यक्त कर रहे हैं। अभियान को सफल बनाने में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) से जुड़ी महिला स्वयं सहायता समूहों की महत्वपूर्ण भूमिका सामने आई है। स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा बड़े पैमाने पर उच्च गुणवत्ता वाले तिरंगों का निर्माण किया गया है। इससे एक ओर जिले के नागरिकों के लिए आसानी से तिरंगे उपलब्ध हो रहे हैं, वहीं दूसरी ओर स्थानीय स्तर पर महिला सशक्तिकरण एवं आजीविका के अवसरों को भी बढ़ावा मिला है। जनपद के नागरिक एवं युवा अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराने के साथ उसके साथ सेल्फी भी ले रहे हैं। इसके अलावा आधिकारिक पोर्टल एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तिरंगे को प्रोफाइल पिक्चर के रूप में लगाकर राष्ट्रध्वज के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त कर रहे हैं। अभियान के तहत जिले के विभिन्न विद्यालयों, शासकीय भवनों एवं निजी संस्थानों में तिरंगा फहराने के साथ-साथ स्वच्छता, राष्ट्रभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता से जुड़े जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को राष्ट्रध्वज के सम्मान एवं ध्वज संहिता के पालन के प्रति जागरूक किया जा रहा है।




**डीएम ने की अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील**

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने समस्त जनपदवासियों से 'हर घर तिरंगा' अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि 'हर घर तिरंगा अभियान हमारी राष्ट्रीय एकता, अखंडता और तिरंगे के प्रति अगाध श्रद्धा का प्रतीक है। फिरोजाबाद का प्रत्येक नागरिक अपने घर, दुकान और कार्यस्थल पर पूर्ण सम्मान एवं ध्वज संहिता का पालन करते हुए तिरंगा अवश्य फहराएं। ' उन्होंने कहा कि सभी नागरिक राष्ट्रीय पर्व में सहभागी बनें और तिरंगे के साथ अपनी सेल्फी अपलोड कर जनपद को गौरवान्वित करें। जिलाधिकारी ने नागरिकों से अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और इसे उत्साहपूर्वक सफल बनाने का आह्वान किया।

## संक्षिप्त खबरें

### सुरभि शोध संस्थान में कजरी महोत्सव का भव्य आयोजन



**चुनार, मीरजापुर।** रविवार को सुरभि शोध संस्थान सभागार में भव्य कजरी महोत्सव का आयोजन किया गया। जनपद के पद्मश्री उर्मिला श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। अपने टीम के साथ' कचौड़ी गली सून कइला बलमु मीरजापुर कइला गुलजार हो का गीत सुनाकर महोत्सव का आगाज किया। देश के विभिन्न प्रान्तो, पड़ोसी देशों सहित पूर्वोत्तर भारत की छात्राओं ने मीरजापुर की सांस्कृतिक धरोहर कजरी को जीवंत रखने व संरक्षित करने के उद्देश्य से किये गये आयोजन के दौरान उत्तर-प्रदेश के सोनभद्र जनपद की जनजाति छात्राओं सहित पांच राज्यों की छात्राओं ने समूह मे कजरी 'हरे रामा रिमझिम बरसे पनीया, कृष्ण बने मनिहारी, सखि हो लागल सावन महिनवा,पिया मेंहदी मगांय दा मोतीझील से सुनाकर श्रोताओं को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। तत्पश्चात नागालैंड,आसाम आदि प्रदेशों की छात्राओं ने सावनी गीतो को सुनाकर श्रोताओं को आश्चर्य चकित कर दिया। कार्यक्रम के उद्देश्य व संस्थान के सन्दर्भ मे सुरभि शोध संस्थान के संस्थापक सूर्यकांत जालान व अमित चतुर्वेदी ने विस्तृत जानकारी दिया। इस दौरान पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष श्रीमाली जी श्रुति भूषण मिश्र, दीपक, सरिता, आनंद केशरी सहित संस्थान के समस्त कार्यकर्ता एवं छात्र छात्राये मौजूद रही।

### वाहन चेकिंग अभियान में 897 वाहनों की जांच, 195 के खिलाफ कार्रवाई



**भदोही।** अपराध नियंत्रण, वाहन चोरी पर अंकुश लगाने और श्रावण मास में यातायात व्यवस्था व श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर भदोही पुलिस का सात दिवसीय विशेष वाहन चेकिंग अभियान जारी है। अभियान के छठवें दिन शनिवार को जिले के 50 चेकिंग प्वाइंटो पर 897 वाहनों की जांच की गई। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अभियान के दौरान तीन सवारी और बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले 122 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। शराब अथवा मादक पदार्थ का सेवन कर वाहन चलाने वाले चार चालक पकड़े गए, जबकि 19 वाहन बिना नंबर प्लेट के पाए गए। इसके अलावा 110 संदिग्ध व्यक्तियों/चालकों का यक्ष ऐप के माध्यम से फेस मिलान कर सत्यापन किया गया। यातायात नियमों के उल्लंघन पर 50 अन्य चालान एवं सीजर की कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार विशेष अभियान 3 अगस्त से 9 अगस्त तक प्रतिदिन शाम छह से रात आठ बजे तक चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी, बिना हेलमेट, ड्रंक एंड ड्राइव, बिना अथवा अस्पष्ट नंबर प्लेट और संदिग्ध वाहनों पर विशेष नजर रखी जा रही है। भदोही पुलिस ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट पहनने, तीन सवारी न बैठाने, शराब पीकर वाहन न चलाने तथा वाहन के वैध कागजात और नंबर प्लेट दुरुस्त रखने की अपील की है।

# शिव भक्तों की सेवा में जुटी रेड क्रॉस सोसाइटी, गोपीगंज में लगाया चिकित्सा शिविर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही:-** प्रयागराज से पवित्र गंगाजल लेकर वाराणसी जा रहे शिव भक्तों की सेवा एवं सहायता के लिए रेड क्रॉस सोसाइटी, भदोही शाखा द्वारा गोपीगंज में पिलर नंबर 44 के पास चिकित्सा शिविर लगाया गया है। शिविर के माध्यम से कांवड़ यात्रियों को निरंतर प्राथमिक चिकित्सा एवं आवश्यक दवाओं की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। रविवार को रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ. भारतेंदु द्विवेदी के नेतृत्व में संस्था के सदस्यों ने शिविर में पहुंचकर शिव भक्तों को चिकित्सा सुविधा प्रदान की। इस दौरान पैदल यात्रा के कारण पैरों में छाले एवं अन्य समस्याओं से परेशान शिव भक्तों के पैरों में पट्टियां बांधी गई तथा आवश्यकतानुसार दवाएं उपलब्ध कराई गईं। संस्था के सदस्यों श्री गोपाल कृष्ण, विकास नारायण सिंह, अंबिका प्रसाद अग्रहरि, विनोद कुमार आदि ने सेवा कार्य में सक्रिय सहभागिता निभाई।

शिव भक्तों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्य श्री विकास नारायण सिंह द्वारा यात्रियों को गन्ने का रस भी उपलब्ध कराया गया। भीषण गर्मी एवं लंबी पैदल यात्रा के बीच गन्ने का रस पाकर शिव भक्तों ने राहत महसूस की तथा सेवा कार्य के लिए संस्था के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर गोपीगंज नगर पालिका अध्यक्ष श्री जितेंद्र कुमार ने बताया कि शिव भक्तों की सुविधा के लिए इसी स्थान पर निरंतर भोजन की व्यवस्था भी की गई है। उन्होंने कहा कि यह सेवा व्यवस्था श्रावण मास की पूर्णता तक जारी रहेगी, ताकि प्रयागराज से वाराणसी की ओर जाने वाले शिव भक्तों को यात्रा के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो।

रेड क्रॉस सोसाइटी भदोही शाखा द्वारा लगाए गए चिकित्सा शिविर में मिल रही सेवाओं से शिव भक्तों में विशेष प्रसन्नता देखने को मिली। संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने कहा कि मानव सेवा ही रेड क्रॉस का मूल उद्देश्य है और शिव भक्तों की यात्रा को सुरक्षित, सुगम एवं सुविधाजनक बनाने के लिए संस्था द्वारा हरसंभव सहयोग प्रदान किया जा रहा है। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष श्री हरेंद्र प्रताप सिंह ने चिकित्सा शिविर एवं सेवा कार्य में सहयोग प्रदान करने वाले सभी पदाधिकारियों, सदस्यों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

**पिलर नंबर 44 के पास निरंतर उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सुविधा, पैरों में पट्टी बांधकर एवं दवाएं देकर की जा रही सेवा**

## बैटरी चोर गिरोह का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** थाना सुरियावां पुलिस ने बैटरी चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 8 चोरी की बैटरियां, दो तमंचे 315 बोर, चार जिंदा कारतूस, 5,200 रुपये नकद और चोरी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपितों की गिरफ्तारी से जनपद के विभिन्न थानों में दर्ज छह चोरी की घटनाओं का खुलासा हुआ है। पुलिस के अनुसार 9 अगस्त को मुखबिर की सूचना पर भेटवर नहर पुलिया के पास घेराबंदी कर मोटरसाइकिल सवार दोनों आरोपितों को पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सूरज गुप्ता पुत्र प्रहलाद गुप्ता निवासी नयापुर, थाना भदोही तथा राहुल गुप्ता पुत्र सुरेश गुप्ता निवासी नयापुर, थाना भदोही के रूप में हुई है।

पूछताछ में आरोपितों ने अपने साथी पवन मौर्य के साथ मिलकर जल जीवन मिशन की पानी की टंकियों, स्कूलों और घरों से बैटरी व इन्वर्टर चोरी करने की बात बताई। उनकी निशानदेही पर खंडहरनुमा टीनशेड से छह और चोरी की बैटरियां बरामद की गईं। चोरी का सामान कबाड़ियों को बेचने की बात भी सामने आई है। पुलिस ने सुरियावां के चार, गोपीगंज और ज्ञानपुर के एक-एक मामले समेत कुल छह चोरी की घटनाओं का अनावरण किया है। दोनों आरोपितों के खिलाफ आर्म्स एक्ट समेत संबंधित धाराओं में कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया गया। कार्रवाई एसपी अभिनव त्यागी के निर्देशन, एएसपी शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सुमित त्रिपाठी के नेतृत्व में हुई। टीम में उपनिरीक्षक विनोद कुमार तिवारी, उपनिरीक्षक सच्चिदानन्द राय, उपनिरीक्षक संजय सिंह, कांस्टेबल आशीष शुक्ला, आशीष चौहान, शकील खां, पंकज यादव व अहम सिंह शामिल रहे।

**8 बैटरियां, दो तमंचे व चार कारतूस बरामद; छह चोरी की घटनाओं का खुलासा**

## कावरियो से भरा बाबा बड़े शिव धाम गूंज रहा है जयकारा

**गोपीगंज।** नगर स्थित प्रमुख धार्मिक स्थल बाबा बड़े शिव धाम कावरियो से भर गया है। प्रयागराज से जल भरकर बाबा विश्वनाथ धाम जाने वाले शिव भक्त बाबा बड़े शिव के दरबार मे हाजिरी लगाने के बाद ही गंतव्य की ओर बढ़ रहे है। पावन पवित्र सावन माह मे दूसरे सोमवार व तेरस पर देवाधिदेव का जलाभिषेक करने के लिए बड़ी संख्या में कावरिया प्रयागराज से जल भरकर काशी विश्वनाथ धाम के लिये निकल पड़े हैं।

कावरियो की भीड़ बढ़ने से राजमार्ग जहा कावरिया मय नजर आ रहा है वही काशी प्रयाग के मध्य गोपीगंज नगर स्थित बाबा बड़े शिव धाम मे भी कांवरियों का दल पहुच रहा है। बाबा बड़े शिव धाम सेवा समिति द्वारा अनवरत कांवरियों की सेवा की जा रही है। समिति की ओर से उनके रहने खाने स्नान व दवा आदि की समुचित व्यवस्था की गई है।हरा भरा मंदिर परिसर कावरियो को मंत्रमुग्ध कर रहा है। मंदिर परिसर मे कावरिया बाटी चोखा का भी आंनद ले रहे हैं। सेवा समिति के सचिव राम कृष्ण खड्‌,शकराचारी दुबे,मिठाई लाल गिरी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शिव भक्तो की सेवा कर रहे हैं।

## घोसिया से चार जायरीन उमरा के मुकद्दस सफर पर रवाना

**घोसिया।** नगर पंचायत घोसिया से चार जायरीन उमरा-ए-मुबारक की अदायगी के लिए रविवार को मुकद्दस सफर पर रवाना हुए। उमरा के लिए रवाना होने वालों में वार्ड नंबर-5 हाजी नगर निवासी हाजी इकबाल अहमद एवं उनकी पत्नी गुलनाज बेगम तथा वार्ड नंबर-11 मिश्रानी निवासी अरशद आलम एवं उनकी मा जुलेखा बेगम शामिल हैं। चारों जायरीन अपने निजी वाहन से घोसिया से गोपीगंज रेलवे स्टेशन पहुंचे, जहां से ट्रेन द्वारा दिल्ली के लिए रवाना हुए। दिल्ली पहुंचने के बाद वहां से फ्लाइट के जरिए जेद्दा (सऊदी अरब) पहुंचकर उमरा की अदायगी करेंगे। उमरा के मुकद्दस सफर पर रवाना होने की खबर मिलते ही परिवार, रिश्तेदारों, दोस्तों और शुभचिंतकों में खुशी का माहौल रहा। इस मौके पर आफताब अहमद, मोहम्मद आरिफ सहित बड़ी संख्या में लोगों ने जायरीनों से मुलाकात कर उन्हें उमरा की दिली मुबारकबाद पेश की और उनके सुरक्षित सफर की दुआ की।

## भदोही सदर सीट पर सुभासपा की नजर, अरविंद राजभर बोले एनडीए से अधिक सीटों की करेंगे अपेक्षा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ज्ञानपुर।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी का बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन रविवार को जिला पंचायत सभागार ज्ञानपुर में आयोजित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता पूर्व राज्यमंत्री एवं पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव अरविंद राजभर ने की। मुख्य अतिथि अरविंद राजभर का पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया। आगामी विधानसभा चुनाव में सीटों की दावेदारी को लेकर अरविंद राजभर ने कहा कि सुभासपा ने उत्तर प्रदेश की 83 विधानसभा सीटों पर अपना राजनीतिक प्रभाव दिखाया है। दो अलग-अलग गठबंधनों में रहकर पार्टी ने यह साबित किया है कि इन सीटों पर उसका जनाधार है। उन्होंने दावा किया कि इनमें से करीब 37 सीटों पर पार्टी मजबूत स्थिति में है।

उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में सुभासपा एनडीए से इन सीटों में अधिक सीटों की अपेक्षा करेगी, ताकि पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को चुनाव लड़ने का अवसर मिल सके। भदोही सदर विधानसभा सीट को लेकर उन्होंने स्पष्ट कहा कि पार्टी की इस सीट पर भी नजर है। उनके इस बयान के बाद भदोही की सियासत में सुभासपा की संभावित दावेदारी को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

सपा मुखिया अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए अरविंद राजभर ने कहा कि 'फर्जी पीडीए के चक्कर में पड़ने की आवश्यकता ही नहीं है, जिसमें कन्फ्यूजन ही कन्फ्यूजन है, सॉल्यूशन का पता नहीं है।' उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश की प्रमुख विपक्षी पार्टी होने के बावजूद समाजवादी पार्टी कभी भी जनहित के मुद्दों पर बात नहीं करती। सम्मेलन में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शक्ति सिंह, भदोही विधानसभा प्रभारी राकेश वर्मा, विधानसभा सह प्रभारी संतोष राजभर सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

## 24 घंटे में फर्जी लूट का खुलासा, वादी समेत दो गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**औराई।** औराई थाना पुलिस ने 9.60 लाख रुपये की कथित लूट के मामले का महज 24 घंटे में खुलासा करते हुए वादी समेत दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि लूट की घटना वास्तविक नहीं थी, बल्कि रुपये हड़पने के लिए वादी ने अपने दोस्त के साथ मिलकर लूट की फर्जी कहानी रची थी। पुलिस ने दोनों के कब्जे से 9.60 लाख रुपये की पूरी नकदी बरामद कर ली। रविवार को पुलिस लाइन में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एसपी अभिनव त्यागी ने बताया कि कठारी निवासी गुलाम आजाद पुत्र निजामुद्दीन अंसारी ने 8 अगस्त को औराई थाने में तहरीर देकर बताया था कि 7 अगस्त को उसने अपने दोस्त इमरान पुत्र मोहम्मद हकीम निवासी घोसियां के साथ औराई स्थित एक्सिस बैंक शाखा से 9.60 लाख रुपये निकाले थे। इसके बाद आईटीआई कॉलेज लीलाधरपुर के पास अज्ञात बदमाशों द्वारा रुपये लूट लिए गए।

सूचना पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। गहन जांच और साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने महज 24 घंटे में घटना का पर्दाफाश कर दिया। जांच में सामने आया कि गुलाम आजाद ने अपने दोस्त इमरान के साथ मिलकर रुपये हड़पने की योजना बनाई थी। पुलिस के मुताबिक, गुलाम आजाद एक्सिस बैंक की एजेंसी चलाता है और उसे कमीशन मिलता है। 7 अगस्त को बैंक से 9.60 लाख रुपये निकालने के बाद लालच में उसने इमरान के साथ मिलकर लूट का नाटक रचने की योजना बनाई। योजना के तहत उसने इमरान को आईटीआई कॉलेज लीलाधरपुर के पास बुलाकर रुपये से भरा बैग सौंप दिया। इसके बाद खुद को पीड़ित दिखाने के लिए डायल-112 और पुलिस को लूट की झूठी सूचना दी।

पुलिस ने 9 अगस्त को मुखबिर की सूचना पर औराई बाईपास हाईवे से पुरुषोत्तमपुर तिराहे की ओर जाने वाली कच्ची सड़क पर करीब 200 मीटर आगे घेराबंदी कर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपित रकम आपस में बांटकर फरार होने की फिराक में थे। उनके कब्जे से 9,60,000 रुपये नकद और रकम छिपाने में इस्तेमाल किया गया पिट्ठू बैग बरामद हुआ। मामले में सुसंगत धाराओं की बढ़ोतरी करते हुए दोनों आरोपितों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की गई है। पुलिस ने दोनों को न्यायालय भेज दिया। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी औराई राजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक औराई राजेश कुमार सिंह, निरीक्षक-अपराध सेतान्शु शेखर पंकज, कांस्टेबल रंजीत सिंह, कांस्टेबल वैभव सिंह, हेड कांस्टेबल एकलाख खां, कांस्टेबल पवनेश कुमार, कांस्टेबल शेषनाथ तथा रिजर्व कांस्टेबल रामजी शामिल रहे।

**दोस्त के साथ मिलकर 9.60 लाख रुपये हड़पने की रची थी साजिश, पुलिस ने शत-प्रतिशत रकम की बरामद**

# सिंधोरा डगमगपुर गोआश्रय स्थल पर भारी लापरवाही: ग्रामीणों में आक्रोश और बदहाली से जीना हुआ दूभर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मीरजापुर।** विकास खंड पहाड़ी के सिंधोरा डगमगपुर स्थित बृहद गोआश्रय स्थल पर फैली घोर लापरवाही और कुव्यवस्था के चलते आसपास के ग्रामीणों का रहना दूभर हो गया है। गोआश्रय स्थल से आ रही बदबू और बरती जा रही उदासीनता से स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है, क्योंकि लंबे समय से इस ओर किसी भी अधिकारी या कर्मचारी द्वारा कोई सुधि नहीं ली जा रही थी, जिससे साफ जाहिर हो रहा था कि शासन के आदेशों व निर्देशों का सीधा उल्लंघन किया जा रहा है।

**बीडीओ मुनीश सिंह का औचक निरीक्षण और एनजीओ संचालकों पर फूटा गुस्सा**

शिकायत मिलने के बाद खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) पहाड़ी, मुनीश सिंह ने तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और व्यवस्थाओं का मुआयना किया। गोआश्रय स्थल की बदतर हालत और फैले कुप्रबंधन को देखकर उन्होंने वहां देखरेख कर रहे एनजीओ संचालकों को जमकर और कड़ी फटकार लगाई।

**24 घंटे में दफनाएं कंकाल, खुले में गोवंश मिला तो दर्ज होगा सीधा मुकदमा**

निरीक्षण के दौरान कड़े तेवर दिखाते हुए बीडीओ मुनीश सिंह ने चेतावनी दी कि चौबीस घंटे के अंदर सभी कंकालों को सही तरीके से मिट्टी के अंदर नियमानुसार दफन किया जाए। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि आगे से यदि किसी भी गोवंश को खुले में फेंका गया, तो संबंधितों के खिलाफ सीधे मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। साथ ही, बारिश के पानी से गोवंश को बचाने के लिए तत्काल अस्थाई तौर पर प्लास्टिक की पन्नी की व्यवस्था करने और उनके लिए प्रतिदिन हरे चारे की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

**एक सप्ताह का अल्टीमेटम: प्रतिदिन होगी मॉनिटरिंग, लापरवाही पर होगी शासन स्तर पर कार्रवाई** बीडीओ ने स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए स्पष्ट किया कि वे प्रतिदिन अपने स्तर से इस गोआश्रय स्थल की मॉनिटरिंग कराएंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर व्यवस्थाओं में सुधार नहीं लाया गया, तो कड़ी से कड़ी कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों और शासन को पत्र लिखा जाएगा।

## छलावा साबित हो रहा है मवैया पानी टंकी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीखड़।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत सरकार ने ग्रामीणों को शुद्ध जल पीने के लिए क्षेत्र के गांव गांव में हर घर जल जीवन मिशन के तहत पानी के टंकी का निर्माण कराया है, जिससे ग्रामीणों को पीने के लिए शुद्ध जल मिल सके, जल निगम विभाग व कंपनी के उदासीनता से सरकार की यह योजना सीखड़ क्षेत्र में दम तोड़ती नजर आ रही है।कही पानी नहीं पहुंचा तो कही नल में बगैर टोटी लगाएं छोड़ दिया गया है। ग्रामीणों के बार बार शिकायत करने पर भी अधिकारियों की कान में जूं तक नहीं रेंग रहा है। क्षेत्र के मवैया, बिठ्ठल पुर, सीखड़ ग्राम पंचायतों में बनी पानी टंकी ग्रामीणों के लिए महज छलावा साबित हो रही है।गांव में लगें टंकी से कही आज तक पानी ही नहीं पहुंचा तो कही पाइप लाइन बिछा कर छोड़ दी गई है।

मवैया गांव में लगी पानी टंकी से मिसिरपुरा, पयागपुर सहित तीन गांवों में पानी की सप्लाई की जानी थी, पर कई घरों में अब तक पानी नहीं पहुंचा। गांव के शाश्वत सिंह,किसन सिंह,अमरजीत सिंह, रोहित कुमार सहित दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि विभाग द्वारा पानी टंकी से अभी तक महज 50 प्रतिशत घरों में ही पानी की सप्लाई की जा रही है जबकि 50प्रतिशत लोग आज भी इस योजना से वंचित हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि बार बार शिकायत करने पर भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करने पर विभाग द्वारा गलत रिपोर्ट लगाया जा रहा है। रविवार को जब ग्रामीणों ने भाजपा के जिला मंत्री आलोक सिंह से मुलाकात कर अपनी बात रखी तो उन्होंने उच्च अधिकारियों से बात कर समस्या का निदान करने को कहा। जिससे लोगों को शुद्ध जल पीने को मिल सकें।

**शिकायत करने पर जेई के बेतुके बयान से ग्रामीण नाराज।**

## फ्लैग मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चे हुए सम्मानित



**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** वामा सारथी पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में आज जनपद सोनभद्र के पुलिस लाइन चुर्क स्थित सभागार में फ्लैग मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पुलिस परिवार के बच्चों द्वारा उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया गया तथा बच्चों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए आकर्षक एवं सुंदर फ्लैग तैयार किए। कार्यक्रम में अशिता वर्मा, अध्यक्षा वामा सारथी सोनभद्र, गुंजन जरोली, सचिव वामा सारथी सोनभद्र एवं मोहम्मद नदीम, प्रतिसार निरीक्षक सोनभद्र उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट फ्लैग मेकिंग करने वाले बच्चों को उपस्थित अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया तथा बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत शिक्षण संस्थानों में देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रमों का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही:-** जिलाधिकारी शैलेष कुमार के कुशल निर्देशन में जनपद में हर घर तिरंगा अभियान-2026 को व्यापक जनभागीदारी एवं उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत जनपद के विभिन्न बेसिक, माध्यमिक एवं डिग्री कॉलेजों में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की सहभागिता से विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान एवं देश की एकता-अखंडता के प्रति जागरूकता को और अधिक सुदृढ़ करना रहा।

जनपद के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में प्रातःकाल प्रभात फेरी, मार्च पास्ट एवं तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। हाथों में तिरंगा लेकर विद्यार्थियों ने देशभक्ति के नारों के साथ नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में भ्रमण किया। इस दौरान वातावरण राष्ट्रभक्ति के भाव से ओत-प्रोत नजर आया। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने आमजन को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान तथा हर घर तिरंगा अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में आयोजित प्रार्थना सभाओं के दौरान सामूहिक राष्ट्रगान एवं देशभक्ति गीतों का गायन भी कराया गया। सामूहिक गायन के माध्यम से विद्यार्थियों में राष्ट्रीय एकता एवं देश के प्रति समर्पण की भावना को बल मिला। शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को स्वतंत्रता संग्राम के महान सेनानियों के योगदान एवं राष्ट्रीय ध्वज के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

अभियान के अंतर्गत विभिन्न शिक्षण संस्थानों में सेमिनार एवं संगोष्ठियों का आयोजन कर राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका, स्वतंत्रता आंदोलन के गौरवपूर्ण इतिहास तथा विकसित भारत के संकल्प पर विचार-विमर्श किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक तिरंगा रंगोली, निबंध लेखन, काव्य पाठ एवं वाद्ययंत्र प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा के साथ-साथ देशभक्ति की भावनाओं को भी अभिव्यक्त किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवम पांडेय एवं जिला विद्यालय निरीक्षक अंशुमान के निर्देशन में संबंधित शिक्षण संस्थानों में अभियान से जुड़े कार्यक्रमों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया गया। अधिकारियों ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से अपील की कि वे हर घर तिरंगा अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं तथा राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा एवं सम्मान को सदैव सर्वोच्च प्राथमिकता दें। जिलाधिकारी शैलेष कुमार के कुशल निर्देशन में आयोजित इन कार्यक्रमों से जनपद में राष्ट्रभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता का सकारात्मक वातावरण निर्मित हुआ। शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने अभियान को जनांदोलन का स्वरूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# अब जुगैल की बदलेगी तस्वीर, लगेंगे तीन मोबाइल टॉवर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**» जनप्रतिनिधियों व जिला प्रशासन के प्रयास ला रहे रंग**

**» इंटरनेट तक आसान पहुंच से विकास की मुख्यधारा से जुड़ेंगे ग्रामीण**

**सोनभद्र।** जनपद के दुरस्थ और लंबे समय से मोबाइल नेटवर्क की समस्या से जूझ रहे जुगैल क्षेत्र के लोगों को जल्द बड़ी राहत मिलने वाली है। केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार की पहल, जनप्रतिनिधियों के प्रयास तथा जिला प्रशासन की सक्रियता से जुगैल क्षेत्र के पिपरा, गरदा व जोरावा में जल्द ही बीएसएनएल के 4-जी मोबाइल टॉवर स्थापित किए जाएंगे। जिलाधिकारी के निर्देश पर टॉवर स्थापना की प्रक्रिया तेज कर दी गई है जल्द ही स्थापना का कार्य शुरू हो जाएगा।

जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने बताया कि क्षेत्रफल के हिसाब से जनपद की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत जुगैल में भौगोलिक परिस्थितियों के कारण मोबाइल नेटवर्क तक आम जन की आसान पहुंच बड़ी समस्या थी। कई वर्षों से यहां के निवासी इस समस्या को लेकर परेशान थे। लेकिन अब जल्द ही उनकी यह समस्या दूर हो जाएगी। बताया कि बीएसएनएल पिपरा, गरदा व जोरावा में 4-जी टॉवर स्थापित करेगा। बताया कि एक ग्राम पंचायत में अधिकतम दो टॉवर लगाने का प्रावधान है, लेकिन नेटवर्क की समस्या को दूर करने के लिए उन्होंने बीएसएनएल के डीजी से समन्वय स्थापित कर परिस्थितियों से अवगत कराया गया, जिसके बाद तीन और टॉवरों की स्थापना की स्वीकृति प्रदान की गई। जुगैल ग्राम पंचायत में निर्बाध मोबाइल नेटवर्क की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए, कुल पांच टॉवर लगेंगे। नेटवर्क विहीन क्षेत्रों में संचार सुविधाओं के विस्तार पर प्रकाश डालते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि पूर्व में 25 मोबाइल टॉवर स्वीकृत किए गए थे, जिनमें से 22 टावरों की स्थापना का कार्य भी शुरू हो चुका है। शेष तीन टॉवर वन विभाग से संबंधित औपचारिकताओं के कारण लंबित हैं, जिन पर भी जल्द काम शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि 3 नए टॉवरों को स्वीकृति मिलने के साथ ही जनपद के नेटवर्क विहीन क्षेत्रों में स्थापित होने वाले नए मोबाइल टॉवर की कुल संख्या 28 हो गई है। मोबाइल टॉवरों की स्थापना से आमजन की इंटरनेट तक आसान पहुंच उन्हें विकास मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य करेगी।

जुगैल क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क की कमी के कारण ग्रामीणों को वर्षों से अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। किसी आपात स्थिति में फोन से संपर्क करना मुश्किल होता था, विद्यार्थियों को ऑनलाइन पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में परेशानी आती थी, जबकि किसानों और युवाओं को भी डिजिटल सेवाओं का पूरा लाभ नहीं मिल पाता था। कई बार लोगों को केवल मोबाइल सिग्नल पाने के लिए गांव से दूर ऊंचे स्थानों तक जाना पड़ता था। अब टॉवर स्थापित होने के बाद ग्रामीणों को इन समस्याओं से काफी हद तक राहत मिलेगी। बेहतर मोबाइल नेटवर्क उपलब्ध होने से शिक्षा, स्वास्थ्य, बैंकिंग, डिजिटल भुगतान, ऑनलाइन आवेदन, ई-गवर्नेंस सेवाओं और विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक आसानी से पहुंच सकेगी। आपातकालीन परिस्थितियों में पुलिस, एंबुलेंस और अन्य आवश्यक सेवाओं से तत्काल संपर्क स्थापित करना भी संभव होगा। स्थानीय व्यापारियों, किसानों और युवाओं को भी इंटरनेट आधारित सेवाओं का लाभ मिलेगा, जिससे रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर विकसित होंगे। ग्रामीणों का कहना है कि मोबाइल टॉवर की स्थापना उनकी वर्षों पुरानी मांग थी, जो अब पूरी होने जा रही है। उनका मानना है कि बेहतर संचार व्यवस्था से जुगैल क्षेत्र विकास की मुख्यधारा से और अधिक मजबूती के साथ जुड़ सकेगा तथा डिजिटल भारत के लक्ष्य को भी नई गति मिलेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### सऊदी अरब से पैतृक गांव लाया गया शव, बिलख पड़े परिजन

**बिस्कोहर (सिद्धार्थनगर)।** सऊदी अरब के नजरान शहर में करीब डेढ़ माह पहले हृदयगति रुकने से मृत डोकम अमया गांव निवासी रिजवान अहमद (60) का पार्थिव शरीर रविवार को पैतृक गांव पहुंच गया। शाम को नम आंखों के बीच स्थानीय कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। रविवार सुबह हवाई मार्ग से लखनऊ स्थित अमौसी हवाई अड्डे पर शव पहुंचने के बाद जरूरी वैधानिक औपचारिकताएं पूरी की गईं। दोपहर को हवाई अड्डा प्रशासन ने परिजनों को शव सौंपा, जिसके बाद साढ़े 12 बजे परिजन एंबुलेंस से पार्थिव शरीर लेकर गांव के लिए रवाना हुए। शाम साढ़े चार बजे जैसे ही शव गांव पहुंचा, पूरे इलाके में कोहराम मच गया। करीब 45 दिनों से टकटकी लगाए बैठे लाचार पिता अतहर हुसैन, बेबस पत्नी अनवरी और बिलखते बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल था। परिजनों का क्रंदन देख वहां मौजूद हजारों ग्रामीणों की आंखें नम हो गईं। शाम सवा छह बजे धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ रिजवान को अंतिम विदाई दी गई।

### विद्यालय में हाईमास्ट लगाने की मांग

**बिस्कोहर (सिद्धार्थनगर)।** नगर पंचायत बिस्कोहर के श्री छेदी लाल इंटर कॉलेज बिस्कोहर में हाईमास्ट लगाने की मांग करते हुए प्रधानाध्यापक दीप नारायण सिंह ने कहा कि इंटर कॉलेज के परिसर में शाम होते ही विद्यालय परिसर में अधेरा हो जाता हैं, जिससे पूरे स्कूल में रात को अंधेरा हो जाता हैं। इससे स्कूल में कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती हैं। जो चौकी दार रात में घूम घूम कर पहरा देता है उसे सांप बिच्छू अन्य प्रकार के जानवर से भय बना रहता है। हाईमास्ट लगने से अगल बगल वालों को सुरक्षा होता हैं स्कूल की व्यवस्था भी ठीक हो जाएगा।

### 4 सुपर मार्केट का विधायक ने किया उद्घाटन



**चुनार, मीरजापुर।** नगर के लाल दरवाजा मुहल्ले में रविवार को के 4 सुपर मार्केट का उद्घाटन चुनार विधायक अनुराग सिंह के कर कमलों से संपन्न हुआ। इस दौरान बृजेश चतुर्वेदी, बृजनंदन कुशवाहा, विजय बहादुर सिंह, यासीन राईन, संजय साहू, बचाऊ लाल सेठ, चंद्रहास गुप्ता, नितिन वर्मा, सहित नगर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रतिष्ठान के स्वामी महेंद्र वर्मा ने उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

# महुली हादसे में छः की दर्दनाक मौत के बाद अकेले बचे अमन के बेहतर इलाज

**एक करोड़ रुपये मुआवजे और सरकारी नौकरी की दी जाय- अजय राय**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** शहर के महुली मोहल्ले में जर्जर मकान की छत गिरने से एक ही परिवार के छः सदस्यों की मौत की दर्दनाक घटना के बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय रविवार को पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने हादसे पर गहरा दुःख जताते हुए घटना में जीवित बचे अमन श्रीवास्तव से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद उपलब्ध कराने की मांग उठाई। अजय राय ने कहा कि महुली की घटना बेहद हृदयविदारक है। एक ही परिवार के छः लोगों की जान चली जाना पूरे समाज को झकझोर देने वाला हादसा है। उन्होंने पीड़ित अमन श्रीवास्तव से मुलाकात कर उसे ढांढस बंधाया और उसके बेहतर इलाज एवं भविष्य के लिए सरकार से तत्काल प्रभावी कदम उठाने की मांग की।कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने शहर में चिन्हित किए गए 100 से अधिक जर्जर मकानों को लेकर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि यदि शहर में जर्जर भवनों को पहले से चिन्हित किया गया था तो उनकी सुरक्षा को लेकर समय रहते ठोस कार्रवाई क्यों नहीं की गई। उन्होंने जिलाधिकारी से शहर में चिन्हित सभी जर्जर मकानों की सूची सार्वजनिक करने तथा ऐसे भवनों को लेकर तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की।उन्होंने कहा कि महुली हादसे में परिवार ने अपना सब कुछ खो दिया है। ऐसे में सरकार को पीड़ित परिवार के पुनर्वास और भविष्य की सुरक्षा के लिए ठोस आर्थिक सहायता देनी चाहिए। कांग्रेस ने पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिए जाने की मांग की।साथ ही हादसे में परिवार के इकलौते बचे अमन श्रीवास्तव को तत्काल सरकारी नौकरी देने की भी मांग उठाई गई, ताकि वह अपने जीवन को दोबारा पटरी पर ला सके।इसके पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में भुपिया मऊ चौराहा, कांग्रेस सेवादल के महासचिव भवानी शंकर दूबे एवं जिला सचिव अभय प्रताप सिंह के नेतृत्व में चिलबिला एवं जिला महासचिव संतोष सिंह के नेतृत्व में गोड़े में सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने अगवानी की।इस दौरान पीसीसी सदस्य एवं जिला उपाध्यक्ष डॉ. प्रशांतदेव शुक्ल, नगर अध्यक्ष मोहम्मद इश्तियाक, कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, जिला उपाध्यक्ष विजय शंकर त्रिपाठी, शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष काशी नारायण मिश्र, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सरोज कश्यप, मनरेगा प्रभारी रवि भूषण सिन्हा, जिला प्रवक्ता मासूम हैदर, फतेह बहादुर सिंह, अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष सरोज कुमार सरोज, कार्यालय सचिव रियाज सुल्तान, सदर ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद वसीम, मंगरौरा ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र मिश्रा, जिला सचिव सुधांशु शुक्ल, चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ दीपक शुक्ला, खेल प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष दुर्गेश तिवारी, जिला महिला उपाध्यक्ष सोनी तिवारी, अरबाज मोहम्मद जावेद, जिला सचिव मो. दिलशाद, विश्वास सिंह, देवमणि पांडेय, लखनऊ नूर आलम, सौरभ कश्यप, अंजनी पाण्डेय, सोनू यादव, रामभवन मिश्रा, इंदल सरोज,रंजीत सरोज,पुन्नीलाल चौहान आदि उपस्थित रहे द्य कांग्रेस नेताओं ने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए प्रशासन से तत्काल राहत और दीर्घकालिक पुनर्वास की व्यवस्था किए जाने की मांग की।

### सेवा, सम्मान और सद्भावना के संदेश के साथ मनाया जाएगा रोशनलाल ऊमरवैश्य का जन्मदिन



**प्रतापगढ़।** समाजसेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय रहने वाले सुप्रसिद्ध समाजसेवी एवं एलायंस क्लब इंटरनेशनल के अंतर्राष्ट्रीय निदेशक रोशनलाल ऊमरवैश्य का जन्मदिन इस वर्ष सामाजिक सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जाएगा। जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए सेवा और सामाजिक सरोकार से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 10 अगस्त को अपराह्न दो बजे से वृद्धाश्रम महुली, चिलबिला-पट्टी रोड में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में भोजन दान, काव्यपाठ और वृद्धजनों के सम्मान सहित कई कार्यक्रम होंगे। आयोजन के माध्यम से समाज में आपसी भाईचारा, प्रेम, सामाजिक समरसता और बुजुर्गों के प्रति सम्मान का संदेश देने का प्रयास किया जाएगा। वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को सम्मानित किया जाएगा और भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। काव्यपाठ के माध्यम से कार्यक्रम में साहित्यिक रंग भी देखने को मिलेगा।

### महुली हादसे में छः मौतों से दहला कायस्थ समाज, पीड़ित परिवार से मिले महासभा पदाधिकारी



**प्रतापगढ़।** महुली में मकान ढहने से कायस्थ परिवार के छः, लोगों की दर्दनाक मौत की घटना से क्षेत्र में शोक की लहर है। हादसे के बाद पीड़ित परिवार को सांत्वना देने और हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाने के लिए अखिल भारतीय कायस्थ महासभा उत्तर प्रदेश के पदाधिकारी घटना स्थल पहुंचे। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. इन्द्रसेन श्रीवास्तव के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया।

प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. मुकेश श्रीवास्तव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुकेश श्रीवास्तव सहारा, प्रदेश महामंत्री श्याम चन्द्र श्रीवास्तव, प्रतापगढ़ जिलाध्यक्ष सत्य प्रकाश श्रीवास्तव, पट्टी अध्यक्ष रजनीश कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट, सदर तहसील अध्यक्ष नवीन श्रीवास्तव एडवोकेट, जिला महामंत्री दीपक श्रीवास्तव एडवोकेट, जिलाध्यक्ष शिक्षक प्रकोष्ठ राजीव श्रीवास्तव, जिला कार्यक्रम प्रभारी मनोज कुमार श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष महिला सभा ज्योति श्रीवास्तव, रीता श्रीवास्तव समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।प्रतापगढ़ जिलाध्यक्ष सत्य प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि महुली की घटना बेहद हृदयविदारक है। एक ही परिवार के छः सदस्यों को खोना पूरे समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। दुःख की इस घड़ी में कायस्थ महासभा पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है। महासभा के पदाधिकारियों के पहुंचने की सूचना पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रेमलता सिंह के पुत्र एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल सिंह, रानीगंज विधायक डॉ. आरके वर्मा, पूर्व विधायक राजकुमार पाल सहित अन्य गणमान्य लोग भी मौके पर पहुंचे। जनप्रतिनिधियों ने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना जताते हुए हर स्तर से सहायता दिलाने का भरोसा दिया।

## शक्तिनगर पुलिस को मिली बड़ी सफलता, अवैध गांजा के साथ एक नफर अभियुक्त गिरफ्तार



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों व अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में थाना शक्तिनगर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों की बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए 01 किलो 571 ग्राम अवैध गांजा के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। दिनांक08.08.2026 को समय करीब 14:20 बजे थाना शक्तिनगर पुलिस टीम द्वारा शिवम गुप्ता उर्फ पुष्पा पुत्र शिवचरण गुप्ता, निवासी ग्राम कोहरौल, थाना शक्तिनगर, जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 19 वर्ष को के.एन.वाई. शिव मंदिर के पास, डफाली बस्ती, जामशीला, थाना क्षेत्र शक्तिनगर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 01 किलोग्राम 571 ग्राम नाजायज गांजा बरामद हुआ।

गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है तथा अभियुक्त को मा. न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। **गिरफ्तार अभियुक्त-** शिवम गुप्ता उर्फ पुष्पा पुत्र शिवचरण गुप्ता, निवासी ग्राम कोहरौल, थाना शक्तिनगर, जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 19 वर्ष।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में सत्येन्द्र कुमार राय, प्रभारी निरीक्षक, थाना शक्तिनगर, उ0नि0 अजय कुमार श्रीवास्तव, चौकी प्रभारी बीना, उ0नि0 राम बचन सिंह यादव, का0 सत्यम सरोज, चौकी बीना शामिल रहे।

### जामा मस्जिद गली का चेम्बर बना मुसीबत, पूर्व सभासद ने निर्माण की मांग

**गोपीगंज।** नगर के पुलिस चौकी व जामा मस्जिद के बीच से होकर प्राचीन दुर्गा मंदिर व बाजार को जोड़ने वाले गली के आगे बना चेम्बर क्षतिग्रस्त हो जाने से स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में नगर पालिका परिषद गोपीगंज के पूर्व सभासद अनीस अहमद लीडर ने अधिशासी अधिकारी को पत्र देकर उसकी तत्काल निर्माण कराने की मांग की है। सभासद ने अधिशासी अधिकारी बीना सिंह को मांग पत्र देकर अवगत कराया कि जामा मस्जिद गली के आगे बना चेम्बर क्षतिग्रस्त हो गया था। दो दिन पूर्व रात में पालिका द्वारा कराए गए सफाई के दौरान गली के सामने पूरा गड्ढा बन गया है गड्ढे मे पानी भर जाने से स्थिति विकट हो गई है, इस चेम्बर से ही गली मार्ग शुरू होती है जहा से होकर लोग गली में आते जाते हैं, गली से ही लोग साइकिल व पैदल प्राचीन दुर्गा मंदिर में पूजा-पाठ के व आवश्यक कार्य के लिए अंदर मार्केट मे भी जाते हैं। चेम्बर टूटने के कारण लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। इससे क्षेत्रवासियों को रोजाना दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व सभासद ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि जनहित को देखते हुए उक्त चेम्बर का शीघ्र निर्माण कराया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

## नशा मुक्त भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण: प्रो. नीता यादव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु के आनंद छात्रावास स्थित सभागार में रविवार को 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत-संकल्प अभियान' के अंतर्गत नशा मुक्ति से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं छात्रावास के विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करते हुए नशा मुक्त एवं विकसित भारत के निर्माण में उनकी सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीता यादव ने कहा कि नशा आज समाज के समक्ष एक गंभीर चुनौती है, जिसका सबसे अधिक प्रभाव युवा पीढ़ी पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी ऊर्जा है और यदि युवा नशे से दूर रहकर अपनी ऊर्जा को शिक्षा, खेल, रचनात्मक गतिविधियों एवं राष्ट्र निर्माण में लगाएंगे, तो विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति के लिए जागरूकता के साथ-साथ परिवार, शिक्षण संस्थानों और समाज की सामूहिक सहभागिता आवश्यक है।

इस अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ. अविनाश प्रताप सिंह ने कहा कि नशा मुक्ति केवल व्यक्तिगत संकल्प का विषय नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। युवाओं को स्वयं नशे से दूर रहने के साथ-साथ अपने मित्रों, परिवार और समाज के अन्य लोगों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे नशा मुक्त भारत के इस अभियान को केवल स्वयं तक सीमित न रखें, बल्कि अपने आसपास के लोगों को भी इससे जुड़ने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है और स्वस्थ, शिक्षित एवं संस्कारित युवा ही विकसित भारत का मजबूत आधार बनेंगे। कार्यक्रम में प्रो. सत्येंद्र कुमार दुबे, प्रो. लक्ष्मण सिंह, प्रो. कौशलेंद्र चतुर्वेदी, डॉ. विशाल गुप्ता, डॉ. नीरज कुमार सिंह, डॉ. अमरजीत यादव, डॉ. अमित साहनी एवं डॉ. अब्दुल हफीज सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक तथा छात्रावास के विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने नशे से स्वयं दूर रहने तथा समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए जागरूकता फैलाने की शपथ एवं सामूहिक संकल्प लिया। सभी ने नशा मुक्त भारत के अभियान को आगे बढ़ाने तथा अधिक से अधिक युवाओं को इस सामाजिक अभियान से जोड़ने का संकल्प व्यक्त किया।

### मिशन शक्ति के तहत जागरूक हुई महिलाएं-बालिकाएं



भदोही। मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के तहत रविवार को भदोही पुलिस ने जिले के विभिन्न ग्रामों, कस्बों, मोहल्लों, शिक्षण संस्थानों एवं मंदिरों में जागरूकता कार्यक्रम व चौपाल आयोजित कर महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में आयोजित कार्यक्रमों में महिलाओं को उनके अधिकारों, आत्मरक्षा के उपाय, गुड टच-बैड टच की पहचान तथा महिला अपराधों से बचाव के बारे में जानकारी दी गई। पुलिस ने छेड़खानी या किसी तरह की परेशानी होने पर भयभीत न होकर तत्काल पुलिस से संपर्क करने की अपील की। इस दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को 1090 वूमेन पावर लाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन, 102 व 108 एंबुलेंस तथा 101 अग्निशमन सेवा सहित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। पुलिस टीमों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का सावधानीपूर्वक इस्तेमाल करने और यातायात नियमों का पालन करने के लिए भी जागरूक किया। ग्राम चौपालों में ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं के त्वरित एवं विधिपूर्ण निस्तारण का भरोसा दिलाया गया।

### आगरा में फर्जी कॉल सेंटर पर छापा, ई-कामर्स की आड़ में कई राज्यों में चल रही थी साइबर ठगी

**आगरा।** ताजगंज के बसई चौकी क्षेत्र स्थित आरके पुरम के पास एक अपार्टमेंट में फर्जी कॉल सेंटर चल रहा था। ई-कॉमर्स कारोबार की आड़ में साइबर अपराधियों के साथ मिलकर ठगी का खेल चल रहा था। शनिवार की रात साढ़े दस बजे पुलिस ने फ्लैट पर छापा मारकर दो युवतियों समेत चार लोगों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। कई राज्यों में धोखाधड़ी की शिकायतें मिलने के बाद साइबर क्राइम थाने और सेल की टीम कॉल सेंटर की तीन दिन से रेकी कर रही थी। आरके पुरम के पास अपार्टमेंट के पास चार मंजिला इमारत में दस फ्लैट हैं। जिसमें बेसमेंट और भूतल पर दुकानें हैं। बाकी दो तल पर फ्लैट बने हुए हैं। चार वर्ष पहले सदर के राजपुर चुंगी निवासी अरविंद ने प्रथम तल पर फ्लैट लिया था।

# सीएम योगी ने बांसी में 311 करोड़ की विकास परियोजनाओं की दी सौगात, कांग्रेस, सपा पर साधा निशाना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता









**सिद्धार्थनगर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रतन सिंह इंटर कॉलेज बांसी में विधानसभा बांसी एवं डुमरियागंज की 311 करोड़ की लागत की 107 परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया तथा बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। जनपद के विकास पर आधारित लघु फिल्म प्रदर्शित की गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियो को स्वीकृति पत्र एवं प्रमाण पत्र दिया गया। जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज विधानसभा बांसी एवं डुमरियागंज की 311 करोड़ की 107 परियोजनाओं का लोकार्पण शिलान्यास किया जा रहा है। सिद्धार्थ ही ज्ञान प्राप्त होने के बाद गौतम बुद्ध के रूप में जाने जाते हैं। गौतम बुद्ध के बचपन के नाम सिद्धार्थ के नाम पर इस जनपद का नामकरण सिद्धार्थनगर हुआ। 2500 वर्ष पूर्व यह धरती अपने वैभव के लिए विश्व विख्यात रही है यह क्षेत्र 75 वर्ष तक विकास में पीछे रहा और आकांक्षी जनपद बनकर रह गया। नीति आयोग द्वारा चयनित 112 जनपदों में जनपद सिद्धार्थनगर ने 25 करोड़ की पुरस्कार राशि प्राप्त की है विकास के पथ पर अग्रसर रहने वाला यह जनपद बनेगा। उन्होंने कहा कि मेरा सौभाग्य है मुझे बांसी आने का मौका मिला है आज मैं काकोरी ट्रेन एक्शन से जुड़े कार्यक्रम में था। 9 अगस्त 1925 को काकोरी में भारत की स्वाधीनता के यज्ञ में लगाने के लिए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने उसे समय खजाने को लेकर देश के क्रांतिकारियों को अर्पित किया था उस घटना को काकोरी ट्रेन एक्शन नाम देकर उनका सम्मान करने का काम किया गया है देश को आजाद कराने के लिए वीर सपूतों ने अपने आप को देश को समर्पित किया। पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत को बदलते देख रहे हैं पहले देश को पिछड़ा कहा जाता था आज भारत विरोधियों की आंख में आंख डालकर बात करने वाला देश है भारत युवाओं के लिए स्टार्टअप लेकर खड़ा है भारत निवेश का बेहतरीन गंतव्य है। दुनिया के सभी निवेश को आमंत्रित कर रहा है। पिछले 12 वर्षों में 25 करोड लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं 25 करोड लोगों के जीवन में परिवर्तन हुआ है। उत्तर प्रदेश आज उत्तम प्रदेश बन रहा है 2014 में पूरे देश में 431 मेडिकल कॉलेज थी 2025 में 818 मेडिकल कॉलेज हैं। 7 एम्स थे आज पूरे देश में 23 एम्स हैं।

2014 से पहले एमबीबीएस की 51348 सीट थी आज 128926 एमबीबीएस की सीट है। आज युवा जब सीकर नहीं जब क्रेटर बन रहा है। अब यूपी में दंगा नहीं सब चंगा। है सुरक्षा में कोई से नहीं लग सकता है बेटी एवं व्यापारी सुरक्षित हैं माधव प्रसाद त्रिपाठी के नाम पर जनपद सिद्धार्थ नगर में मेडिकल कॉलेज बनकर तैयार है। बुद्ध का प्रसाद काला नमक चावल की मांग बहुत अधिक है इसको ओडीओपी में शामिल कर इसके ब्रांडिंग और पैकेजिंग के लिए कार्य किया जा रहा है कपिलवस्तु में सीएफसी केंद्र स्वीकृत किया गया है। पिछले 9 वर्षों में 9 लाख से अधिक सरकारी नौकरी देने का काम उत्तर प्रदेश सरकार ने किया है गोरखपुर शामली एक्सप्रेस वे बन रहा है। मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग की सुविधा युवाओं को दी जा रही है विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जा रही है इन कोचिंग में जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, उप जिला अधिकारी, डॉक्टर, इंजीनियर, बैंक पीओ तथा अन्य लोग क्लास लेंगे। आईटीआई में ए आई के बारे मेंबताया जा रहा है। बेटियों की सुरक्षा में सेंड नहीं लगा सकता 5 लाख तक उपचार की निशुल्क व्यवस्था की गई है उज्ज्वला योजना के अंतर्गत फ्री गैस कनेक्शन फ्री राशन दिया जा रहा है 9 वर्ष पूर्व प्रदेश में 41 मेडिकल कॉलेज थे 9 वर्षों में 83 हो गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिना किसी भेदभाव के सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों को मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने 80 वे स्वतंत्रता दिवस की सभी को बधाई दी।

मा सांसद डुमरियागंज जगदंबिका पाल ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश का स्वागत करते हुए कहा कि यह माधव बाबू को धरती है मुख्यमंत्री ने जनपद सिद्धार्थनगर को आकांक्षी जनपद से अग्रणी जनपद बनने के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई है जिसका लाभ लोगों को मिल रहा है। मुख्यमंत्री द्वारा आशा आंगनबाड़ी कार्यकत्री रसोईया चौकीदार आदि का मानदेय बढ़ाए जाने पर विभिन्न संगठनों द्वारा धन्यवाद पत्र दिया गया है शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा मुख्यमंत्री द्वारा दिया गया है। विश्व में सिद्धार्थनगर की पहचान गौतम बुद्ध से है गौतम बुद्ध ने अहिंसा करुणा का संदेश दिया। काला नमक चावल जनपद की पहचान है जिसे पूरे विश्व में एक जनपद एक उत्पाद में शामिल करने का काम किया गया है। आज सिद्धार्थनगर में 18000 हेक्टेयर में काला नमक चावल की खेती हो रही है 40000 किसान इससे जुड़े हैं नई रेल लाइन निर्माण का कार्य प्रगति पर है हरित क्रांति में उत्तर प्रदेश आगे है दुग्ध उत्पादन में उत्तर प्रदेश नंबर एक पर है। इस अवसर पर सांसद जगदंबिका पाल, विधायक जय प्रताप सिंह, विधायक श्याम धनी राही, विधायक विनय वर्मा, सदस्य विधान परिषद ध्रुव कुमार त्रिपाठी, सदस्य विधान परिषद सुभाष यदुवंश, प्रशासक जिला पंचायत शीतल सिंह, पूर्व विधायक डॉ सतीश द्विवेदी, पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष भाजपा दीपक मौर्या, प्रबंधक रतन सेन इंटर कॉलेज बांसी रानी वसुंधरा कुमारी, आयुक्त बस्ती मंडल बस्ती वैभव श्रीवास्तव, पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती संजीव त्यागी, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन, पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक महाजन, आदि उपस्थित थे।

# सरकारी ठेके में 50 हजार की 'फर्जी एफडीआर'

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**उन्नाव।** सरकारी क्रय केंद्र का परिवहन ठेका हासिल करने के लिए लगाई गई 50 हजार रुपये की एफडीआर सत्यापन में फर्जी और कूटरचित पाए जाने के बाद हड़कंप मच गया। खाद्य एवं विपणन विभाग की जांच में एफडीआर के फर्जी होने की पुष्टि के बाद मामला अब पुलिस तक पहुंच गया है। सदर कोतवाली पुलिस ने प्रीति कंस्ट्रक्शन की प्रोपराइटर प्रीति गुप्ता समेत अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी, फर्जी दस्तावेज तैयार करने और उसे असली बताकर इस्तेमाल करने सहित गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। मामला उन्नाव मंडी द्वितीय के क्रय केंद्रों के परिवहन ठेके से जुड़ा है। विभागीय अभिलेखों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 और 2026-27 के लिए क्रय केंद्र पर परिवहन कार्य का ठेका मेसर्स प्रीति कंस्ट्रक्शन को दिया गया था। ठेका प्रक्रिया के तहत निर्धारित प्रतिभूति राशि जमा करने के लिए फर्म की ओर से 50 हजार रुपये की एफडीआर प्रस्तुत की गई।

एफडीआर पर इसे भारतीय स्टेट बैंक, पिसावां, सीतापुर से जारी होना दर्शाया गया था। साथ ही इसे सम्भागीय खाद्य नियंत्रक, लखनऊ सम्भाग के पक्ष में बंधक किए जाने का उल्लेख था। लेकिन विभागीय स्तर पर जब एफडीआर का सत्यापन कराया गया तो दस्तावेज की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हो गए। जांच में एफडीआर को कूटरचित और फर्जी बताया गया।

**विभागीय सत्यापन के बाद पुलिस तक पहुंचा मामला**

मामला सामने आने के बाद उच्चाधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई। सम्भागीय खाद्य नियंत्रक, लखनऊ सम्भाग और जिला खाद्य विपणन अधिकारी, उन्नाव के स्तर से कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसके बाद विपणन निरीक्षक निशा शुक्ला ने सदर कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्रीति कंस्ट्रक्शन की प्रोपराइटर प्रीति गुप्ता समेत अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**फर्जी एफडीआर बनी कैसे? बैंक से जारी कैसे दिखाई गई?**

अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर 50 हजार रुपये की कथित फर्जी एफडीआर तैयार किसने की? यदि दस्तावेज कूटरचित है तो उसमें बैंक से संबंधित विवरण किस आधार पर दर्ज किए गए? इसे सरकारी ठेका प्रक्रिया में किसने लगाया और विभाग के सामने इसे असली दस्तावेज के रूप में किसने प्रस्तुत किया? पुलिस जांच में एफडीआर के बैंक रिकॉर्ड, दस्तावेज पर दर्ज विवरण और हस्ताक्षरों का सत्यापन कराया जा सकता है। साथ ही ठेका प्रक्रिया से जुड़े दस्तावेजों की भी जांच होगी। इससे यह सामने आ सकता है कि कथित फर्जी एफडीआर कब तैयार हुई, किसने तैयार की और सरकारी विभाग तक किस माध्यम से पहुंची।

सरकारी ठेका हासिल करने के लिए फर्जी दस्तावेज का आरोप, मामला गंभीर

यह मामला इसलिए भी गंभीर माना जा रहा है क्योंकि कथित फर्जी दस्तावेज का इस्तेमाल किसी निजी लेनदेन में नहीं बल्कि सरकारी क्रय केंद्र के परिवहन ठेके की प्रतिभूति के तौर पर किए जाने का आरोप है। धान के साथ मक्का, बाजरा और ज्वार की खरीद के लिए संचालित क्रय केंद्रों तथा आगामी गेहूं खरीद परिवहन व्यवस्था से जुड़े इस ठेके में फर्जी दस्तावेज के इस्तेमाल का आरोप सामने आने से पूरी प्रक्रिया सवालों के घेरे में है। हालांकि एफआईआर में लगाए गए आरोप अभी पुलिस जांच के अधीन हैं। जांच में यह स्पष्ट होगा कि कथित फर्जी एफडीआर तैयार करने, उसे सरकारी प्रक्रिया में प्रस्तुत करने और उसका इस्तेमाल करने में किस-किस की भूमिका रही।

**उन्नाव मंडी द्वितीय के परिवहन ठेके में बड़ा खेल, सत्यापन में खुली पोल—प्रीति कंस्ट्रक्शन की प्रोपराइटर समेत अन्य पर एफआईआर**

# त्रिबेनीगंज में फर्जी अल्ट्रासाउंड सेंटर किया गया सील, जांच टीम के पहुँचते ही संचालक-कर्मी फरार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुपौल।** लगता है त्रिबेनीगंज अनुमंडल क्षेत्र फर्जी नर्सिंग होम, अस्पताल ,पैथोलॉजी एक्सरे के साथ अल्ट्रासाउंड ,दवा दुकान का हब बन गया है।बिना स्वास्थ्य विभाग के परमिशन के ही हाल के दिनों में इसकी संख्या में लगातार बृद्धि देखी जा रही हैं। बिना भय के न इसका खुलेआम संचालन हो रहा है बल्कि मरीजो के आर्थिक शोषण के साथ उनके जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। लेकिन स्वास्थ्य विभाग मोनी बाबा की भूमिका में है। बाजार क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग के अनुमति केकथित रूप से अवैध रूप से संचालित निजी नर्सिंग होम, अस्पताल, क्लिनिक, लैब और अल्ट्रासाउंड सेंटरों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई जारी है। शनिवार को संध्या अनुमंडलीय अस्पताल के सुपरिटेंडेंट डॉ. उमेश कुमार के नेतृत्व में प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एक निजी नर्सिंग होम को सील करने के बाद एक संदिग्ध उम्दा अल्ट्रासाउंड सेंटर पर भी छापेमारी की। जांच टीम के पहुंचते ही सेंटर का संचालक और वहां मौजूद कर्मी फरार हो गए। इसके बाद जाँच टीम ने अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील कर दिया। जांच के दौरान सेंटर से मरीजों के नाम दर्ज बड़ी संख्या में पंजी भी मिले। स्वास्थ्य विभाग की टीम के अनुसार प्रथमदृष्टया सेंटर के संचालन में कई अनियमितताएं सामने आई है ।जाँच के दौरान सेंटर में मौजूद कर्मी ने एक डॉक्टर का एफिडेविट और शैक्षणिक प्रमाणपत्र टीम के समक्ष प्रस्तुत किया। जांच में डॉक्टर के कागजात सही पाए गए। दिखाए गए दस्तावेज के अनुसार डॉक्टर आदित्य जी. कुशवाहा, भोजपुर जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के सेमरांव गांव के निवासी हैं। उनके नाम से बिहार मेडिकल काउंसिल का पंजीयन मार्च 2016 का बताया गया है। वहीं वर्ष 2014 में आर्यभट्ट नॉलेज यूनिवर्सिटी, पटना से एमबीबीएस तथा वर्ष 2017 में एकेयू, पटना से डीएमआरडी की डिग्री प्राप्त करने की जानकारी दस्तावेज में दी गई है। हालांकि जांच के क्रम में उक्त डॉक्टर सेंटर पर उपस्थित नहीं थे। टीम को अल्ट्रासाउंड सेंटर के संचालन से संबंधित पंजीयन अथवा अन्य वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। इसे लेकर जांच टीम ने नाराजगी जताते हुए सेंटर के संचालन पर सवाल उठाए। एक साल से संचालन की बात, विभाग की निगरानी पर भी उठ रहे हैंसवाल जांच टीम के अनुसार उम दा अल्ट्रासाउंड सेंटर के तकरीबन एक वर्ष से बाजार क्षेत्र में संचालित होने की जानकारी मिली है। इस दौरान बड़ी संख्या में मरीजों की जांच किए जाने की बात भी सामने आई है। सेंटर से मरीजों के नाम दर्ज पंजी मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग अब पूरे मामले की जांच में जुट गया है। वहीं, सेंटर के कथित संचालक के संबंध में अलग-अलग दावे सामने आ रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, बिना पंजीयन संचालन और प्रभावशाली लोगों के संरक्षण के आरोप भी लगाए जा रहे हैं। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

स्वास्थ्य विभाग ने भी इस संबंध में अभी किसी व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किए जाने की पुष्टि नहीं की है। सेंटर को सील किए जाने के बाद अब यह जांच का विषय है कि वहां किसकी अनुमति से अल्ट्रासाउंड जांच की जा रही थी और मरीजों की जांच कौन करता था। जांच पूरी होने के बाद दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जाँच टीम में अस्पताल उपाधीक्षक डॉ उमेश कुमार, बीडीओ परमानंद प्रसाद, हेल्थ मैनेजर एस. अदीब अहमद और पुलिस बल मौजूद थे।




**कहते हैं सुपरिटेंडेंट**

**अल्ट्रासाउंड सेंटर की जांच के क्रम में संचालक नहीं और डॉक्टर नही मिले। कर्मी द्वारा प्रस्तुत डॉक्टर के कागजात जांच में सही पाए गए, लेकिन सेंटर के संचालन की अनुमति अथवा पंजीयन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं मिला। सेंटर को सील कर दिया गया है और मामले कीविस्तृत जांच की जा रही है।**

# आंदोलनकारी छात्रों के इलाज का पूरा खर्च उठाएगी झारखंड सरकार: स्वास्थ्य मंत्री

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रांची, झारखंड:-** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने आंदोलनरत छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य को लेकर बड़ा मानवीय फैसला लिया है। उन्होंने राज्य के सभी सरकारी एवं निजी अस्पतालों को निर्देश देते हुए कहा है कि आंदोलन के दौरान यदि कोई छात्र-छात्रा बीमार पड़ता है या उसे अस्पताल में भर्ती कराने की आवश्यकता होती है, तो उसका समुचित और बेहतर इलाज सुनिश्चित किया जाए। स्वास्थ्य मंत्री ने स्पष्ट किया कि आंदोलनकारी छात्र-छात्राओं से इलाज के नाम पर किसी प्रकार की राशि नहीं ली जाएगी। उनके उपचार से संबंधित आवश्यक खर्च राज्य सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा वहन किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर उन्होंने व्यक्तिगत स्तर पर भी हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने की बात कही है। डॉ. इरफान अंसारी ने अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिया कि किसी भी परिस्थिति में आंदोलनकारी छात्रों को चिकित्सा सुविधा से वंचित नहीं किया जाए। उनकी स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए तत्काल उपचार उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि आंदोलन स्थल पर मेडिकल इमरजेंसी की स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग की मेडिकल टीमों को लगातार तैनात रखा गया है और छात्रों के स्वास्थ्य पर निगरानी रखी जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री ने आंदोलनरत छात्रों से भावुक अपील करते हुए कहा कि युवा अपने अधिकारों और मांगों को लेकर दिन-रात आंदोलन कर रहे हैं। सरकार उनकी भावनाओं और समस्याओं को गंभीरता से समझती है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगों को रखना सभी का अधिकार है, लेकिन आंदोलन के दौरान स्वास्थ्य को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए। डॉ. अंसारी ने कहा कि मेरे आंदोलनकारी युवा मेरे बच्चे हैं। आपकी पीड़ा मेरी पीड़ा है। मैं नहीं चाहता कि अपने हक और अधिकार की लड़ाई लड़ते-लड़ते मेरे किसी बच्चे की जान खतरे में पड़े। उन्होंने छात्रों से अनशन और भूख हड़ताल से बचने की अपील करते हुए कहा कि जीवन सबसे अनमोल है। उन्होंने कहा कि छात्र अपनी मांगों को लेकर धरना दें, अपनी आवाज बुलंद करें और लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करें, लेकिन अपनी सेहत और जिंदगी को दांव पर न लगाएं।

**सरकार मांगों को लेकर गंभीर : स्वास्थ्य मंत्री**

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आंदोलनकारी छात्रों की मांगों को नजरअंदाज नहीं कर रही है। उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और झारखंड कांग्रेस प्रभारी के. राजू भी इस विषय को गंभीरता से देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की कोशिश है कि बातचीत, संवेदनशीलता और आपसी सहमति के माध्यम से छात्रों की समस्याओं का सकारात्मक समाधान निकाला जाए। उन्होंने आंदोलनकारी युवाओं से सरकार पर भरोसा बनाए रखने की अपील की। डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि सरकार आपने बनाई है, इसलिए सरकार पर विश्वास रखिए। आपकी सरकार आपके साथ है और स्वास्थ्य मंत्री आपके साथ खड़ा है। आपकी मांगों की लड़ाई अपनी जगह है, लेकिन आपकी जिंदगी उससे भी ज्यादा कीमती है। उन्होंने अंत में कहा कि छात्र अपनी मांगों के लिए लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष करें, लेकिन अपनी जान को जोखिम में न डालें। उन्होंने कहा कि आंदोलनकारी युवाओं की सुरक्षा और उनका स्वस्थ रहना उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

# JPSC-JSSC परीक्षाओं में धांधली के विरोध में निकाला पैदल मार्च

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रांची, झारखंड:-** JPSC, JSSC एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित धांधली और अनियमितताओं के विरोध में लेखक सह सामाजिक कार्यकर्ता गिरधारी महतो ने रविवार को पैदल मार्च निकाला। यह मार्च कचहरी परिसर से शुरू होकर जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम, रांची तक किया जा रहा है। पैदल मार्च के दौरान गिरधारी महतो ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता और निष्पक्षता बेहद जरूरी है। परीक्षाओं में कथित धांधली से मेहनत करने वाले हजारों अभ्यर्थियों के भविष्य पर प्रतिकूल असर पड़ता है। उन्होंने सरकार और संबंधित परीक्षा संस्थाओं से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। परीक्षा व्यवस्था को पूरी तरह पारदर्शी बनाने, समय पर परीक्षाएं आयोजित करने और अभ्यर्थियों की शिकायतों का शीघ्र समाधान करने की जरूरत है। गिरधारी महतो ने कहा कि उनका यह पैदल मार्च युवाओं के अधिकार और निष्पक्ष परीक्षा व्यवस्था की मांग को लेकर है। उन्होंने राज्य के युवाओं और अभ्यर्थियों से इस अभियान में शांतिपूर्ण तरीके से जुड़ने की अपील की। मार्च के दौरान विभिन्न मुद्दों को लेकर नारेबाजी भी की गई। कार्यक्रम का समापन जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में किया जाएगा, जहां आगे की रणनीति पर चर्चा की जाएगी।




# भगवान बिरसा मुंडा की विरासत को समर्पित भव्य जतरा को मंत्री चमरा लिंडा ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**राँची, झारखंड:-** झारखण्ड की समृद्ध आदिवासी संस्कृति और वीर शहीद भगवान बिरसा मुंडा की अमर विरासत को जीवंत रखने वाले एक भव्य आयोजन का आज शुभारंभ हुआ। अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग झारखण्ड सरकार के मंत्री चमरा लिंडा ने भगवान बिरसा मुंडा स्मृति पार्क (बिरसा मुंडा कारागृह) जेल मोड़ से भगवान बिरसा मुंडा जतरा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान प्रधान सचिव, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग कृपानन्द झा, आदिवासी कल्याण आयुक्त, कुलदीप चौधरी, विशेष सचिव सह निदेशक सूचना जन संपर्क विभाग, राजीव लोचन पदाधिकारी, परियोजना निदेशक ITDA रांची, मनीषा तिर्की, जिला जन संपर्क पदाधिकारी रांची, उर्वश पांडेय एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। यह ऐतिहासिक जतरा भगवान बिरसा मुंडा स्मृति पार्क (बिरसा मुंडा कारागृह) जेल मोड़ से प्रारंभ होकर करम टोली चौक होते हुए एसएसपी आवास से होते हुए मोरहाबादी पहुँचेगी। पूरे मार्ग में जनजातीय संस्कृति की अनुपम झलक देखने को मिलेगी। जतरा में झारखण्ड के सभी जिलों से लगभग 10 हजार कलाकार शामिल हुए हैं। ये कलाकार राज्य की विभिन्न जनजातियों—संथाल, मुंडा, हो, उरांव, खड़िया, खरवार और अन्य—से संबंधित हैं। उन्होंने अपने-अपने पारंपरिक स्थानीय वेश-भूषा, आभूषण और वाद्ययंत्रों (ढोल, नगाड़ा, मांदर, बाँसुरी आदि) से सुसज्जित होकर इस भव्य आयोजन में भाग लिया है। जतरा में कुल 6 आकर्षक झाँकियों का भी प्रदर्शन किया गया, जिनमें भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और आदिवासी संस्कृति के विभिन्न पहलुओं को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। यह जतरा केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भगवान बिरसा मुंडा के त्याग, बलिदान और आदिवासी अस्मिता के संरक्षण का प्रतीक है। इसमें शामिल कलाकारों की विशाल संख्या और विविध जनजातीय प्रतिनिधित्व झारखण्ड की सांस्कृतिक एकता और गौरव को प्रदर्शित करता है। मंत्री चमरा लिंडा ने इस अवसर पर सभी कलाकारों, आयोजकों और प्रतिभागियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन आदिवासी युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़ते हैं और झारखण्ड की समृद्ध विरासत को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। मंत्री ने जतरा की सफलता की कामना करते हुए सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। इस भव्य आयोजन में बड़ी संख्या में आम नागरिक, संस्कृति प्रेमी और अधिकारीगण भी उपस्थित रहे, जिन्होंने कलाकारों के उत्साहपूर्ण प्रदर्शन की भरपूर सराहना की।



# ट्यूबवेल इंजनों एवं ट्रांसफार्मरों के पार्ट्स चोरी करने वाले अंतर्जनपदीय गिरोह का पर्दाफाश



**कानपुर।** कानपुर कमिश्नरेट के थाना बिल्हौर पुलिस द्वारा ट्यूबवेल इंजनों एवं ट्रांसफार्मरों के पार्ट्स चोरी करने वाले अंतर्जनपदीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी देते हुए पुलिस उपायुक्त पश्चिम एस एम कासिम आबिदी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान अमित, अंकित, शिवम, राकेश एवं प्रांशू के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध पूर्व में भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तों के कब्जे से चोरी किए गए पार्ट्स, मोबाइल फोन एवं 3,280 नकद बरामद किए गए हैं। बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# बॉक्साइट ट्रकों एवं माइंस का कार्य शीघ्र शुरू होगा: धीरज प्रसाद साहू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लोहरदगा, झारखंड:-** लोहरदगा-गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल पूर्व राज्यसभा सांसद एवं एसोसिएशन के संरक्षक धीरज प्रसाद साहू से उनके आवास पर मिला। प्रतिनिधिमंडल ने गुमला जिले में जिला खनन पदाधिकारी (डीएमओ) का पद करीब डेढ़ महीने से रिक्त रहने के कारण उत्पन्न समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि डीएमओ के स्थानांतरण के बाद अब तक गुमला जिले में नए जिला खनन पदाधिकारी की पदस्थापना नहीं हुई है। इसके कारण बॉक्साइट माइंस को चालान निर्गत नहीं हो पा रहा है। परिणामस्वरूप गुमला जिले में हिंडाल्को की करीब आधा दर्जन माइंस पिछले लगभग 15 दिनों से बंद हैं। माइंस बंद होने से करीब 1,500 ट्रकों का परिचालन भी ठप है। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि बॉक्साइट खनन और परिवहन से जुड़े कार्य प्रभावित होने के कारण ट्रक मालिकों के साथ-साथ लोडर, अनलोडर, चालक, सहचालक, गैरेज संचालक, पेट्रोल पंप संचालक, मोटर पार्ट्स एवं टायर दुकानदारों सहित हजारों लोगों की आजीविका प्रभावित हो रही है। एसोसिएशन का कहना है कि बॉक्साइट खनन लोहरदगा, गुमला और लातेहार क्षेत्र की अर्थव्यवस्था एवं रोजगार का महत्वपूर्ण आधार है। प्रतिनिधिमंडल की बात सुनने के बाद धीरज प्रसाद साहू ने गुमला उपायुक्त से इस मामले पर बातचीत की। उन्होंने कहा कि वे भी इस समस्या से राज्य सरकार को अवगत कराएंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री से भी इस संबंध में बात की जा रही है तथा राज्य के आला अधिकारियों से भी चर्चा की जाएगी, ताकि गुमला जिले में शीघ्र जिला खनन पदाधिकारी की पदस्थापना हो सके और बॉक्साइट खनन एवं परिवहन का कार्य पुनः सुचारु रूप से शुरू हो। उन्होंने कहा कि खनन एवं परिवहन कार्य के प्रभावित होने से बड़ी संख्या में लोगों की आजीविका पर असर पड़ रहा है। इसलिए इस समस्या का जल्द समाधान आवश्यक है।

प्रतिनिधिमंडल में लोहरदगा-गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह, सचिव मुद्रिका यादव, कोषाध्यक्ष अभय कुमार सिंह, उपाध्यक्ष इम्तियाज उर्फ बबलू, सहसचिव बरज सिंह, रहमत अंसारी, मीडिया प्रभारी राजेश शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।



# बीच पहाड़ी-पारुलिया ग्रामीण पथ जर्जर, आवागमन हुआ कठिन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड:-** प्रखंड मुख्यालय पाकुड़िया से 6 किलोमीटर दूर बीच पहाड़ी पंचायत के पंचायत मुख्यालय बीच पहाड़ी गांव से तेतुलिया पंचायत के पारुलिया मोड़ तक आरईओ की पक्की सड़क अत्यधिक जर्जर हो गई है। सड़क की बदहाल स्थिति के कारण ग्रामीणों का आवागमन कठिन हो गया है। विशेष रूप से वर्षा के दिनों में लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने यह जानकारी 9 अगस्त को दी। पूछने पर ग्रामीणों ने बताया कि उक्त आरईओ सड़क का निर्माण कई वर्ष पूर्व आरईओ विभाग द्वारा कराया गया था। निर्माण के कुछ महीनों बाद ही सड़क पर मेटल बिछाने के बाद प्राक्कलन के अनुरूप रोलिंग एवं प्रीमिक्सिंग आदि कार्य नहीं किए जाने के कारण सड़क से चिप्स उखड़ने लगे थे। धीरे-धीरे सड़क जर्जर होती चली गई। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई वर्षों से पथ की स्थिति जर्जर रहने के कारण लोगों के आवागमन में लगातार कठिनाई बढ़ रही है। ग्रामीणों का मानना है कि यदि प्राक्कलन के अनुरूप योजनाओं का निर्माण कराया जाए तो गुणवत्ता बरकरार रहेगी और सड़कें भी टिकाऊ होंगी। बहरहाल, ग्रामीणों ने बीच पहाड़ी-पारुलिया आरईओ सड़क की विशेष मरम्मती कराने की मांग विधायक प्रोफेसर स्टेफन मरांडी से की है, ताकि ग्रामीणों के आवागमन में सुविधा हो सके।

# 55वें जनता दरबार में विधायक मनोज यादव ने सुनीं क्षेत्रवासियों की समस्याएं



**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने रविवार को बरही स्थित अपने आवास पर 55वें जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे लोगों ने विधायक से मुलाकात कर अपनी व्यक्तिगत एवं क्षेत्रीय समस्याओं और शिकायतों से अवगत कराया। विधायक मनोज कुमार यादव ने बारी-बारी से लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके समाधान को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों से फोन पर बातचीत की। उन्होंने अधिकारियों को जनसमस्याओं का त्वरित एवं प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनता दरबार में लोगों ने सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, सरकारी योजनाओं का लाभ, प्रमाण पत्र सहित अन्य समस्याओं को विधायक के समक्ष रखा। विधायक ने लोगों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा और संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी। विधायक ने कहा कि जनता की समस्याओं को सुनना और उनके समाधान के लिए प्रयास करना उनकी जिम्मेदारी है। जनता दरबार के माध्यम से क्षेत्रवासियों को अपनी समस्याएं सीधे उनके समक्ष रखने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि जनसेवा उनके राजनीतिक जीवन का मूल उद्देश्य है और क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए वे लगातार तत्पर हैं।उन्होंने कहा कि जन-जन की सेवा ही हमारा सर्वोपरि संकल्प है। विधायक ने कहा कि क्षेत्रवासियों के हित और विकास से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए आगे भी जनता दरबार के माध्यम से लोगों से सीधे संवाद जारी रखा जाएगा।

# विश्व आदिवासी दिवस पर लोहरदगा में बिरसा मुंडा को दी गई श्रद्धांजलि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कुडू, लोहरदगा, झारखंड:-** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर शुक्रवार को लोहरदगा जिला कार्यालय के समीप स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस मौके पर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जे एल के एम) के जिला अध्यक्ष किशोर उरांव के नेतृत्व में पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जे एल के एम के कार्यकर्ता और आदिवासी समाज के लोग उपस्थित रहे। सभी ने पारंपरिक वेशभूषा में बिरसा मुंडा के आदर्शों और जल-जंगल-जमीन की रक्षा के आंदोलन को याद किया।

**सुख-शांति और भाईचारे का संदेश**

माल्यार्पण के बाद जे एल के एम के जिला अध्यक्ष किशोर उरांव ने पूरे झारखंड वासियों को विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि 'आज का दिन सिर्फ उत्सव का नहीं, बल्कि अपने अधिकार, संस्कृति और पहचान को बचाने के संकल्प का दिन है। भगवान बिरसा मुंडा ने हमें अन्याय के खिलाफ लड़ना सिखाया। 'उरांव ने प्रदेश और देश के सभी आदिवासी भाइयों-बहनों के लिए सुख, शांति, समृद्धि और भाईचारे की कामना की। उन्होंने कहा कि जे एल के एम आदिवासी समाज के शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और जल-जंगल-जमीन के अधिकारों के लिए हमेशा संघर्ष करता रहेगा।

**कार्यकर्ताओं ने लिया संकल्प**

इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने बिरसा मुंडा के बताए रास्ते पर चलकर समाज में व्यास कुरीतियों को दूर करने और युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में पारंपरिक नृत्य और गीतों के माध्यम से आदिवासी संस्कृति की झलक भी प्रस्तुत की गई।

# अगस्त क्रांति दिवस पर हजारीबाग जिला कांग्रेस कार्यालय में महात्मा गांधी को दी गई श्रद्धांजलि

**अगस्त क्रांति भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन का महत्वपूर्ण अध्याय है : विनोद कुशवाहा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंड:-** अगस्त क्रांति दिवस के अवसर पर हजारीबाग जिला कांग्रेस कार्यालय स्थित कृष्ण बल्लभ आश्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश संयोजक विनोद कुशवाहा सहित कांग्रेस के कार्यकर्ताओं एवं क्रांतिकारियों ने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम के दौरान अगस्त क्रांति आंदोलन के ऐतिहासिक महत्व पर चर्चा करते हुए देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को भी याद किया गया। विनोद कुशवाहा ने कहा कि अगस्त क्रांति भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन का एक महत्वपूर्ण अध्याय है, जिसने देशवासियों में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ निर्णायक संघर्ष की भावना को मजबूत किया। महात्मा गांधी के नेतृत्व में चलाए गए भारत छोड़ो आंदोलन ने स्वतंत्रता की लड़ाई को नई दिशा और गति प्रदान की थी। प्रदेश संयोजक विनोद कुशवाहा ने कहा कि महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा, त्याग और संघर्ष के विचार आज भी समाज और देश के लिए प्रेरणादायक हैं। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करना और उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक सद्भाव और जनहित के मुद्दों को लेकर निरंतर सक्रिय रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प लिया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत करने तथा आम जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने की बात कही। कार्यक्रम का समापन कांग्रेस के नारों के साथ हुआ। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में जय कांग्रेस, विजय कांग्रेस का उद्घोष किया।




# जनजातीय गौरव उत्सव में शामिल होंगी डॉ. आशा लकड़ा, आयोजन का दिया गया निमंत्रण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रांची/हजारीबाग, झारखंड:-** हजारीबाग के बड़ाखाड़ा परिसर में आगामी 17 से 24 अगस्त तक आयोजित होने वाले जनजातीय गौरव उत्सव को लेकर राष्ट्रीय जनजातीय आयोग की सदस्य एवं भाजपा की राष्ट्रीय सचिव डॉ. आशा लकड़ा से शिष्टाचार भेंट की गई। इस दौरान उन्हें कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए उत्सव में शामिल होने का निमंत्रण दिया गया। आयोजकों ने बताया कि जनजातीय गौरव उत्सव जनजातीय संस्कृति, परंपरा, कला, उद्यमिता और सामाजिक सशक्तिकरण को समर्पित है। आयोजन के माध्यम से जनजातीय एवं महिला उद्यमियों को अपनी प्रतिभा और उत्पादों को प्रदर्शित करने का मंच दिया जाएगा। साथ ही स्थानीय कला, संस्कृति और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाएगा। यह आयोजन बिरसा मुंडा जन कल्याण योजना प्रचार अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार, राष्ट्रीय अभियान प्रमुख राजमणि, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष रामकिशोर सावंत एवं हजारीबाग जिला अध्यक्ष बलदेव बाबू के नेतृत्व में किया जा रहा है। आयोजकों के अनुसार, उत्सव के माध्यम से भगवान बिरसा मुंडा की विचारधारा, जनजातीय गौरव और स्वदेशी संस्कृति को जन-जन तक पहुंचाने के साथ जनजातीय समाज और महिला उद्यमियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का प्रयास किया जाएगा। डॉ. आशा लकड़ा ने कार्यक्रम की जानकारी लेने के बाद आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं और कार्यक्रम में सहभागिता के निमंत्रण को स्वीकार किया।



# श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा में एलपीजी वितरण को लेकर 'तारीख पर तारीख

## उपभोक्ताओं ने लगाए परेशान करने के आरोप, डीसी से हस्तक्षेप और जांच की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**श्रीभूमि-** जिले के दुल्लभछड़ा क्षेत्र में रसोई गैस (एलपीजी) वितरण व्यवस्था को लेकर उपभोक्ताओं में भारी असंतोष है। निर्धारित समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं होने और बार-बार 'आज या कल' कहकर समय टालने के आरोप संबंधित एजेंसी पर लगाए गए हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि पिछले करीब एक महीने से गैस वितरण व्यवस्था में अनियमितता के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय उपभोक्ताओं के अनुसार, रामकृष्णनगर स्थित गाजी गैस एजेंसी की ओर से पहले प्रत्येक गुरुवार को दुल्लभछड़ा डाकघर के सामने नियमित रूप से एलपीजी सिलेंडर वितरित किए जाते थे। हालांकि, करीब एक महीने से इस व्यवस्था में कथित तौर पर अनियमितता देखने को मिल रही है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि गैस की आपूर्ति कब होगी, इसकी स्पष्ट जानकारी भी उन्हें नहीं दी जा रही है। उपभोक्ताओं के मुताबिक, जब वे एजेंसी के अधिकारियों से गैस की आपूर्ति के संबंध में जानकारी लेते हैं तो कभी कहा जाता है कि 'आज लोड हो रहा है', तो कभी 'कल आएगा' कहकर उन्हें इंतजार करने को कहा जाता है। इस तरह कोई निश्चित तारीख या समय बताए बिना उपभोक्ताओं को बार-बार इंतजार कराया जाता है, लेकिन निर्धारित समय पर गैस उपलब्ध नहीं हो पाती। इस स्थिति के कारण दूर-दराज के इलाकों से सिलेंडर लेने के लिए दुल्लभछड़ा पहुंचने वाले आम लोगों को विशेष रूप से परेशानी उठानी पड़ रही है। उपभोक्ताओं का सवाल है कि जब अन्य क्षेत्रों में निर्धारित समय के अनुसार एलपीजी वितरण किया जा सकता है, तो दुल्लभछड़ा डाकघर के सामने नियमित रूप से गैस वितरण क्यों नहीं हो रहा है? स्थानीय उपभोक्ताओं ने आशंका जताई है कि संबंधित व्यवस्था में लापरवाही के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है या नहीं, इसकी जांच की जानी चाहिए। उन्होंने जिला प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कराने और गैस आपूर्ति में कथित अनियमितता के वास्तविक कारणों का पता लगाने की मांग की है। उपभोक्ताओं ने मांग की है कि भविष्य में निर्धारित समय के अनुसार नियमित रूप से एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही, उपभोक्ता उत्पीड़न पर रोक लगाते हुए गैस वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता बरती जाए। स्थानीय लोगों ने जिला उपायुक्त (डीसी) का ध्यान इस समस्या की ओर आकर्षित करते हुए जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। उपभोक्ताओं का कहना है कि लंबे समय से उन्हें गैस के लिए अनिश्चितता और इंतजार का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में प्रशासन को मामले में हस्तक्षेप कर नियमित और समयबद्ध एलपीजी वितरण सुनिश्चित करना चाहिए। यदि जांच में किसी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता सामने आती है, तो संबंधित जिम्मेदार लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए।

### श्रावण के द्वितीय सोमवार पर शहर में डायवर्सन

**कानपुर।** श्रावण मास के द्वितीय सोमवार के अवसर पर दिनांक 9.08.2026 रविवार रात्रि 11:00 बजे से दिनांक 10.08.2026 सोमवार रात्रि 12:00 बजे तक शहर के कई स्थानों पर डायवर्जन एवं पार्किंग व्यवस्था पुलिस प्रशासन ने की है। यातायात पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार गंगाबैराज से कर्बला चौराहा/ कंपनी बाग चौराहा की ओर कोई भी मध्यम एवं भारी वाहन नहीं जा सकेंगे, ऐसे वाहन मंधना होते हुए अपने गंतव्य को जा सकेंगे। यशकोठारी चौराहा से सिंहपुर, कल्यानपुर एवं यशकोठारी चौराहा से बिठूर क़स्बा की ओर कोई भी मध्यम एवं भारी वाहन नहीं जा सकेंगे, ऐसे वाहन मंधना होते हुए अपने गंतव्य को जा सकेंगे। बीमा चौराहा से सिद्धनाथ घाट की ओर कोई भी मध्यम एंव भारी वाहन नहीं जा सकेंगे,ऐसे वाहन सीधे जे0के0 चौराहा से होते हुए अपने गंतव्य को जा सकेंगे। पुलिस प्रशासन ने पार्किंग की व्यवस्था भी की है जो इस प्रकार रहेगी। बक्कल पार्किंग परमट मंदिर, टेफ्को मेन गेट से बक्कल पार्किंग तक रोड के बायीं तरफ, ग्रीन पार्क स्टेडियम के पीछे रोड के दोनों तरफ यूनियन बैंक तिराहे से DAV तिराहा तक, ग्रीन पार्क चौराहा से शराबगद्दी तिराहे तक सड़क के दोनों तरफ, चुंगी चौराहा के सामने खाली प्लाट (कल्यानपुर - बिठूर रोड), चौबेपुर - बिठूर मार्ग के पास खाली प्लाट पर।

# फोरलेन परियोजना में तेजी की मांग, गडकरी से मिले सांसद चब्बेवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**होशियारपुर/नई दिल्ली।** सांसद डॉ. राज कुमार चब्बेवाल ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर राष्ट्रीय राजमार्ग-503ए के घुमन-हरगोबिंदपुर-टांडा खंड को चार लेन में बदलने और परियोजना का काम जल्द शुरू कराने के लिए हस्तक्षेप की मांग की। बैठक के दौरान डॉ. चब्बेवाल ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि पैकेज-2 के तहत 43.400 से 85.788 किलोमीटर तक का यह महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट पहले आवंटित किया गया था। हालांकि, गुरदासपुर जिले में अधिग्रहित भूमि का कब्जा नहीं मिलने के कारण भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने अनुबंध रद्द कर दिया था। सांसद ने बताया कि परियोजना की संशोधित विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के सक्षम प्राधिकारी को सौंप दी गई है। उन्होंने मंत्री से जल्द आवश्यक मंजूरी दिलाने का आग्रह किया, ताकि नए सिरे से निविदाएं आमंत्रित कर लंबे समय से रुके चार लेन निर्माण कार्य को शुरू कराया जा सके। डॉ. चब्बेवाल ने कहा कि इस राजमार्ग खंड के उन्नयन से क्षेत्र की संपर्क व्यवस्था बेहतर होगी तथा यात्रियों का आवागमन अधिक सुगम और सुरक्षित होगा। बढ़ते यातायात और क्षेत्र की विकास जरूरतों को देखते हुए परियोजना में तेजी लाना बेहद जरूरी है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने डॉ. चब्बेवाल को मामले में जल्द आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया और परियोजना को शीघ्र आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया।

# थानों में जनसुनवाई 368 शिकायतों का निस्तारण, वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनीं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नई दिल्ली।** आम लोगों की शिकायतों के त्वरित निस्तारण और पुलिस सेवाओं को अधिक सुलभ बनाने के उद्देश्य से दिल्ली पुलिस की ओर से चलाए जा रहे थाना दिवस-जनसुनवाई अभियान के तहत शनिवार को राजधानी के विभिन्न थानों में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान नागरिकों की ओर से कुल 368 शिकायतें और समस्याएं अधिकारियों के सामने रखी गई। दिल्ली पुलिस के अनुसार, सभी 368 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया।दिल्ली के उपराज्यपाल सरदार तरनजीत सिंह संधू के निर्देश पर जून 2026 में इस पहल की शुरुआत की गई थी। इसका उद्देश्य आम लोगों को अपनी शिकायतें और समस्याएं सीधे पुलिस अधिकारियों तक पहुंचाने के लिए एक सुलभ मंच उपलब्ध कराना है। पुलिस आयुक्त अनुराग कुमार के नेतृत्व में इस पहल को आगे बढ़ाया जा रहा है। 8 अगस्त को आयोजित जनसुनवाई के दौरान विभिन्न जिलों के पुलिस थानों में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने थानों में पहुंचे नागरिकों से सीधे बातचीत की और उनकी शिकायतों को सुना। अधिकारियों ने संबंधित मामलों में आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए और शिकायतों के शीघ्र निस्तारण पर जोर दिया।दिल्ली पुलिस के अनुसार, इस जनसुनवाई में लोग पुलिस से संबंधित शिकायतों, सार्वजनिक सुरक्षा, सहायता की आवश्यकता, पुलिस की कार्यप्रणाली से जुड़े मामलों तथा अन्य समस्याओं को अधिकारियों के सामने रख सकते हैं। थाना दिवस-जनसुनवाई के तहत प्रत्येक शनिवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक यह व्यवस्था जारी रहेगी।पुलिस का कहना है कि जनसुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी से शिकायतों के निस्तारण में तेजी लाने के साथ पुलिस की जवाबदेही भी मजबूत होगी। इस पहल के माध्यम से पुलिस और आम जनता के बीच सीधे संवाद को बढ़ावा देने तथा लोगों का पुलिस व्यवस्था के प्रति विश्वास मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है।

# पुलिस ने 16 युवा नवाचारियों को किया सम्मानित,समर इंटर्नशिप कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विकसित किए तकनीकी समाधान

## पुलिस की कार्यप्रणाली और नागरिक सेवाओं को बेहतर बनाने में मिलेगी मदद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने पुलिस मुख्यालय में आयोजित समारोह में दिल्ली पुलिस समर इंटर्नशिप कार्यक्रम-2026 के तहत तकनीकी समाधान विकसित करने वाले 16 विद्यार्थियों को सम्मानित किया। पुलिस आयुक्त अनुराग कुमार ने सभी युवा नवाचारियों को प्रमाणपत्र और स्मृति चिह्न प्रदान किए।दिल्ली पुलिस और प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों के बीच सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू किए गए इस इंटर्नशिप कार्यक्रम की शुरुआत 8 जून 2026 को हुई थी। कार्यक्रम के लिए देश के प्रमुख विश्वविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों के विद्यार्थियों से 400 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे। चयन प्रक्रिया के बाद आईआईटी दिल्ली, दिल्ली तकनीकी विश्वविद्यालय, गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, जामिया हमदर्द, गुरु तेग बहादुर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी समेत अन्य संस्थानों के 16 विद्यार्थियों का चयन किया गया। दिल्ली पुलिस के प्रौद्योगिकी एवं परियोजना कार्यान्वयन प्रभाग के अधिकारियों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने चार तकनीकी समाधान विकसित किए। पुलिस के अनुसार, इन समाधानों से प्रशासनिक कार्यों को अधिक प्रभावी बनाने, आंतरिक प्रक्रियाओं को सुचारू करने और नागरिक सेवाओं को बेहतर बनाने में मदद मिल सकती है।

इसके अलावा कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित तकनीक के इस्तेमाल से दिल्ली पुलिस के डिजिटल बदलाव को भी गति मिलने की उम्मीद है। समारोह में पुलिस आयुक्त अनुराग कुमार ने विद्यार्थियों के प्रयास, नवाचार और तकनीकी दक्षता की सराहना की। उन्होंने कहा कि आधुनिक पुलिस व्यवस्था की जरूरतों के अनुरूप तकनीकी समाधान विकसित करने में शैक्षणिक संस्थानों और पुलिस के बीच सहयोग महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी 16 विद्यार्थियों को उनके योगदान के लिए प्रशंसा प्रमाणपत्र और स्मृति चिह्न प्रदान किए।दिल्ली पुलिस के अनुसार, समर इंटर्नशिप कार्यक्रम-2026 के सफल आयोजन से पुलिस और शैक्षणिक संस्थानों के बीच सहयोग को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को पुलिसिंग से जुड़ी वास्तविक चुनौतियों को समझने का अवसर मिला और उनके तकनीकी प्रयासों से विकसित समाधान भविष्य में दिल्ली पुलिस के आधुनिकीकरण और डिजिटल सेवाओं को बेहतर बनाने में उपयोगी साबित हो सकते हैं।

# सड़क धंसने के बाद मरम्मत कार्य में तेजी, दिन-रात मौके पर डटीं निगम आयुक्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लुधियाना।** किचलू नगर रोड पर सड़क धंसने की घटना के बाद नगर निगम ने आसपास की इमारतों को सुरक्षित रखने और मरम्मत कार्य जल्द पूरा करने के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं। नगर निगम आयुक्त ओजस्वी अलंकार लगातार मौके पर पहुंचकर मरम्मत कार्य की निगरानी कर रही हैं। उपायुक्त हिमांशु जैन और नगर निगम आयुक्त ओजस्वी अलंकार ने शुक्रवार देर रात मौके पर पहुंचकर चल रहे मरम्मत कार्य का निरीक्षण किया। इसके बाद नगर निगम आयुक्त ने शनिवार दोपहर भी घटनास्थल का जायजा लिया। उपायुक्त जैन और नगर निगम आयुक्त अलंकार करीब तीन से चार घंटे तक मौके पर मौजूद रहे और स्थिति का जायजा लेते हुए मरम्मत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस दौरान नगर निगम के संयुक्त आयुक्त विनीत कुमार, संयुक्त आयुक्त तपन भनोट, क्षेत्रीय आयुक्त जसदेव सेखों, अधीक्षण अभियंता एकजोत सिंह, अधीक्षण अभियंता शाम लाल गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। नगर निगम आयुक्त ओजस्वी अलंकार ने कहा कि आसपास की इमारतों को सुरक्षित रखना निगम की प्राथमिकता है। मरम्मत कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों और मशीनरी को मौके पर लगाया गया है। संबंधित अधिकारियों को दिन-रात कार्य जारी रखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों को मौके पर रहकर स्थिति की लगातार निगरानी करने और नियमित रूप से प्रगति की जानकारी देने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

### सजेती थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग ने की आत्महत्या, बीमारी से जूझ रहे थे



**कानपुर ग्रामीण।** कानपुर कमिश्नरेट अंतर्गत थाना सजेती क्षेत्र के कोहरा गांव में 65 वर्षीय बुजुर्ग उद्धव सिंह अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली,, परिजनों के अनुसार वह पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से बीमार चल रहे थे। उद्धव सिंह का शव उनके कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला,, घटना की जानकारी मिलते ही परिजन उन्हें आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाटमपुर लाया गया,,, जहां डॉक्टरो ने परीक्षण के बाद उन्हें म्रत घोषित कर दिया,, म्रतक के भाई जन्मेजय सिंह ने बताया कि उधवसिह का कानपुर में एक अस्पताल से मानसिक बीमारी का इलाज चल रहा था,, परिजनों ने आंशका जताई हैं कि मानसिक तनाव के चलते ही उन्होंने यह आत्मघाती कदम उठाया,, सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# किसानों के मसलों को सुलझाने के लिए सरकार लेवल पर सीरियस बातचीत हो रही है: स्पीकर संधवान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोटकपूरा-** पंजाब विधानसभा स्पीकर कुलतार सिंह संधवान के घर के बाहर किसानों के प्रोटेस्ट को लेकर स्पीकर कुलतार सिंह संधवान और डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन के अधिकारियों ने किसान नेताओं के साथ मीटिंग की। मीटिंग के दौरान किसान नेताओं ने अपनी मांगों और मसलों को डिटेल में रखा, जिन पर पॉजिटिव माहौल में बातचीत हुई। इस मौके पर स्पीकर कुलतार सिंह संधवान ने कहा कि किसान नेताओं के साथ आज की बातचीत बहुत पॉजिटिव और कंस्ट्रक्टिव रही है। उन्होंने कहा कि किसान नेताओं ने बहुत ही लॉजिकल तरीके से अपने मसलों को सरकार के ध्यान में लाया है और इन मसलों पर सरकार लेवल पर बातचीत हो रही है। एस. संधवान ने कहा कि जो मुद्दे उनके अधिकार क्षेत्र में आते हैं, उन पर वह सही कार्रवाई करेंगे और जिन पर सरकार के लेवल पर बात होनी है, उन्हें वह खुद सरकार के ध्यान में लाएंगे। उन्होंने कहा कि किसानों की जायज़ मांगों को हल करने के लिए सरकार से लगातार बातचीत जारी रखी जाएगी। हरिनौण में हुई बुरी घटना के बारे में बात करते हुए स्पीकर एस. संधवान ने कहा कि वह पहले भी उस परिवार की पर्सनली मदद करते रहे हैं और आगे भी परिवार को हर मुमकिन मदद देते रहेंगे। उन्होंने कहा कि वह परिवार से किए वादे पर कायम हैं और उसे पूरा करने की हर मुमकिन कोशिश की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस मामले के तहत सरकार की तरफ से दी जाने वाली 2 लाख रुपये की मदद पहले ही परिवार के अकाउंट में ट्रांसफर कर दी गई है और यह रकम परिवार को दे दी गई है।

उन्होंने कहा कि सरकार की पॉलिसी और नियमों के मुताबिक परिवार को भविष्य में जो भी और मदद मिल पाएगी, उसे पक्का करने की कोशिश की जाएगी। स्पीकर एस. संधवान ने कहा कि अगर किसी पॉलिसी में बदलाव की ज़रूरत है, तो इस बारे में भी सरकार से बात की जाएगी, ताकि योग्य परिवारों को बनती राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि किसानों के मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए सरकार के लेवल पर उन्हें हल करने की हर मुमकिन कोशिश की जाएगी। उन्होंने किसान नेताओं को भरोसा दिलाया कि उनकी आवाज़ पूरी गंभीरता के साथ सरकार तक पहुंचाई जाएगी और आपसी बातचीत से मुद्दों को हल करने को प्राथमिकता दी जाएगी। इस मौके पर डिप्टी कमिश्नर राहुल चाबा ने किसान नेताओं की बात ध्यान से सुनते हुए कहा कि किसानों से जुड़े मुद्दों को ज़िला प्रशासन गंभीरता से ले रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों द्वारा उठाए गए मुद्दों को संबंधित विभागों के ध्यान में लाया जाएगा और नियमों के अनुसार उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि ज़िला प्रशासन हर वर्ग के साथ लगातार संपर्क बनाए हुए है और किसी भी मुद्दे को आपसी बातचीत और कानूनी प्रक्रिया के ज़रिए हल करने को प्राथमिकता दी जाती है। उन्होंने किसान नेताओं से अपील की कि वे अपने मुद्दों को लेकर प्रशासन के साथ लगातार संपर्क में रहें और शांति से अपनी बात रखें। मीटिंग में SSP मोगा सरताज सिंह चहल, एडिशनल डिप्टी कमिश्नर केशव गोयल, स्क्र्योगेश्वर सिंह गोराया, स्ङ्घरू कोटकपूरा राजिंदर सिंह, तहसीलदार परमिंदर सिंह और ष्ठस्क्कसंजीव कुमार समेत दूसरे अधिकारी और किसान नेता मौजूद थे।

### MLA डॉ. अजय गुप्ता ने लोगों की बेहतर सेहत के लिए इलाके के हर वार्ड में फॉगिंग मशीनें भेजीं

**अमृतसर-** सेंट्रल असेंबली इलाके के MLA डॉ. अजय गुप्ता ने आज लोगों की बेहतर सेहत के लिए इलाके के हर वार्ड में फॉगिंग मशीनें भेजीं। MLA डॉ. गुप्ता ने कहा कि बारिश के मौसम में डेंगू के लार्वा और मच्छरों को पनपने से रोकने के लिए फॉगिंग मशीनें भेजी गई। उन्होंने कहा कि मच्छर मलेरिया और डेंगू फैलाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि मच्छरों को खत्म करने के लिए इलाके में लगातार फॉगिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि फॉगिंग के साथ-साथ सेंट्रल असेंबली इलाके के हर वार्ड में दवाइयों का छिड़काव भी किया जा रहा है। MLA डॉ. अजय गुप्ता ने कहा कि मलेरिया, डेंगू और दूसरी बीमारियों से बचने के लिए लोगों को सावधान रहना चाहिए। उन्होंने लोगों को सलाह दी कि वे अपने घरों के बाहर या पौधों के गमलों में पानी जमा न होने दें। उन्होंने कहा कि इलाके में फॉगिंग के लिए चार भारी गाड़ियां और 10 दोपहिया वाहन लगातार काम करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य लोगों को सभी तरह की बुनियादी सुविधाएं देना है।

# किसानों के मसलों को सुलझाने के लिए सरकार लेवल पर सीरियस बातचीत हो रही है: स्पीकर संधवान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोटकपूरा-** पंजाब विधानसभा स्पीकर कुलतार सिंह संधवान के घर के बाहर किसानों के प्रोटेस्ट को लेकर स्पीकर कुलतार सिंह संधवान और डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन के अधिकारियों ने किसान नेताओं के साथ मीटिंग की। मीटिंग के दौरान किसान नेताओं ने अपनी मांगों और मसलों को डिटेल में रखा, जिन पर पॉजिटिव माहौल में बातचीत हुई। इस मौके पर स्पीकर कुलतार सिंह संधवान ने कहा कि किसान नेताओं के साथ आज की बातचीत बहुत पॉजिटिव और कंस्ट्रक्टिव रही है। उन्होंने कहा कि किसान नेताओं ने बहुत ही लॉजिकल तरीके से अपने मसलों को सरकार के ध्यान में लाया है और इन मसलों पर सरकार लेवल पर बातचीत हो रही है। एस. संधवान ने कहा कि जो मुद्दे उनके अधिकार क्षेत्र में आते हैं, उन पर वह सही कार्रवाई करेंगे और जिन पर सरकार के लेवल पर बात होनी है, उन्हें वह खुद सरकार के ध्यान में लाएंगे। उन्होंने कहा कि किसानों की जायज़ मांगों को हल करने के लिए सरकार से लगातार बातचीत जारी रखी जाएगी। हरिनौण में हुई बुरी घटना के बारे में बात करते हुए स्पीकर एस. संधवान ने कहा कि वह पहले भी उस परिवार की पर्सनली मदद करते रहे हैं और आगे भी परिवार को हर मुमकिन मदद देते रहेंगे। उन्होंने कहा कि वह परिवार से किए वादे पर कायम हैं और उसे पूरा करने की हर मुमकिन कोशिश की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस मामले के तहत सरकार की तरफ से दी जाने वाली 2 लाख रुपये की मदद पहले ही परिवार के अकाउंट में ट्रांसफर कर दी गई है और यह रकम परिवार को दे दी गई है। उन्होंने कहा कि सरकार की पॉलिसी और नियमों के मुताबिक परिवार को भविष्य में जो भी और मदद मिल पाएगी, उसे पक्का करने की कोशिश की जाएगी। स्पीकर एस. संधवान ने कहा कि अगर किसी पॉलिसी में बदलाव की ज़रूरत है, तो इस बारे में भी सरकार से बात की जाएगी, ताकि योग्य परिवारों को बनती राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि किसानों के मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए सरकार के लेवल पर उन्हें हल करने की हर मुमकिन कोशिश की जाएगी। उन्होंने किसान नेताओं को भरोसा दिलाया कि उनकी आवाज़ पूरी गंभीरता के साथ सरकार तक पहुंचाई जाएगी और आपसी बातचीत से मुद्दों को हल करने को प्राथमिकता दी जाएगी। इस मौके पर डिप्टी कमिश्नर राहुल चाबा ने किसान नेताओं की बात ध्यान से सुनते हुए कहा कि किसानों से जुड़े मुद्दों को ज़िला प्रशासन गंभीरता से ले रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों द्वारा उठाए गए मुद्दों को संबंधित विभागों के ध्यान में लाया जाएगा और नियमों के अनुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि ज़िला प्रशासन हर वर्ग के साथ लगातार संपर्क बनाए हुए है और किसी भी मुद्दे को आपसी बातचीत और कानूनी प्रक्रिया के ज़रिए हल करने को प्राथमिकता दी जाती है। उन्होंने किसान नेताओं से अपील की कि वे अपने मुद्दों को लेकर प्रशासन के साथ लगातार संपर्क में रहें और शांति से अपनी बात रखें। मीटिंग में स्स्क्र मोगा सरताज सिंह चहल, एडिशनल डिप्टी कमिश्नर केशव गोयल, स्क्र योगेश्वर सिंह गोराया, स्ङ्घरूकोटकपूरा राजिंदर सिंह, तहसीलदार परमिंदर सिंह और ष्ठस्क्क संजीव कुमार समेत दूसरे अधिकारी और किसान नेता मौजूद थे।

# सड़क के गड्ढे ने ली सरपंच अमरजीत सिंह की जान, SDM खन्ना ने NHAI को कारण बताओ नोटिस जारी किया



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खन्ना, लुधियाना।** सब डिविजनल मजिस्ट्रेट (SDM) खन्ना स्वाति तिवाना ने प्रोजेक्ट डायरेक्टर, नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (NHAI), प्रोजेक्ट इम्प्लीमेंटेशन यूनिट, लुधियाना को गांव रतनहेरी के रहने वाले सरपंच अमरजीत सिंह की 6 अगस्त, 2026 को एक जानलेवा सड़क हादसे में हुई मौत के बारे में कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस में कहा गया है कि शुरुआती जानकारी के मुताबिक, हादसा नेशनल हाईवे के कैरिजवे पर एक बड़े और बिना मरम्मत वाले गड्ढे की वजह से हुआ। गड्ढे की वजह से, अमरजीत सिंह अपनी गाड़ी से कंट्रोल खो बैठे और सड़क पर गिर गए, इसी दौरान उन्हें पीछे से आ रहे एक ट्रक ने टक्कर मार दी और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले की पुलिस जांच के आदेश पहले ही जारी कर दिए गए हैं। SD ने नोटिस में नेशनल हाईवे के संबंधित हिस्से की सुरक्षित और मोटरेबल हालत बनाए रखने के लिए ज़िम्मेदार एजेंसियों की जवाबदेही पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि सड़क पर खतरनाक गड्ढा होना, समय पर उसकी मरम्मत न होना और ज़रूरी बैरिकेड, साइन या चेतावनी न लगाना रोड सेफ्टी नियमों का गंभीर उल्लंघन माना जा सकता है। NHAI को नोटिस मिलने के 24 घंटे के अंदर अपना जवाब देने को कहा गया है। यह साफ़ करने को कहा गया है कि लापरवाही से हुई मौत के लिए ज़िम्मेदार अधिकारियों, कंसेशनेयर या मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्टर के खिलाफ़ कानून के मुताबिक कार्रवाई क्यों न की जाए और मामला जांच एजेंसी को क्यों न भेजा जाए। इसके अलावा, संबंधित हिस्से के मेंटेनेंस और इंस्पेक्शन के लिए ज़िम्मेदार अधिकारियों, इंजीनियरों और कॉन्ट्रैक्टर कर्मचारियों की डिटेल्स भी पुलिस को देने को कहा गया है। मामले की रिपोर्ट NHAI के रीजनल ऑफिसर और मिनिस्ट्री ऑफ़ रोड ट्रांसपोर्ट एंड हाईवेज़ को भेजने और ज़रूरत के हिसाब से डिपार्टमेंटल और कॉन्ट्रैक्ट पर कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया गया है। SDM ने संबंधित गड्ढे को तुरंत ठीक करने और खन्ना सब-डिवीजन में आने वाले पूरे नेशनल हाईवे सेक्शन का सेफ्टी ऑडिट करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही, पिछले तीन महीनों के रोड इंस्पेक्शन लॉग, गड्ढे ठीक करने के रिकॉर्ड और मेंटेनेंस/कंसेशन एग्रीमेंट की कॉपी जमा करने को कहा गया है। उन्होंने साफ किया कि सड़क इस्तेमाल करने वालों की सेफ्टी जिला प्रशासन की सबसे बड़ी प्राथमिकता है और जान के नुकसान से जुड़ी किसी भी लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा। यह नोटिस मरने वाले के कानूनी वारिसों के अधिकारों और चल रही पुलिस जांच पर बिना किसी नुकसान के जारी किया गया है।

# राष्ट्रीय पत्रकार परिषद भदोही इकाई की समीक्षा बैठक संपन्न

## संगठन को मजबूत करने के लिए पत्रकारों से एकजुट होकर कार्य करने का किया आह्वान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज भदोही।** राष्ट्रीय पत्रकार परिषद भदोही इकाई की समीक्षा बैठक आज जिलाध्यक्ष रामकुमार वर्मा के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक में संगठन की गतिविधियों की समीक्षा करने के साथ ही आगामी कार्ययोजना को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। विशेष रूप से संगठन में अधिक से अधिक पत्रकारों को जोड़ने और सदस्यता अभियान को गति देने पर जोर दिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रामकुमार वर्मा ने कहा कि किसी भी संगठन की मजबूती उसके सक्रिय और समर्पित सदस्यों से होती है। पत्रकार समाज का महत्वपूर्ण अंग हैं और लोकतंत्र में उनकी भूमिका बेहद अहम है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पत्रकार परिषद को जनपद में और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने के लिए सदस्यता अभियान को व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा। उन्होंने संगठन से जुड़े पत्रकारों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय पत्रकार साथियों से संपर्क कर उन्हें परिषद की विचारधारा और उद्देश्यों से अवगत कराएं तथा अधिक से अधिक पत्रकारों को संगठन से जोड़ने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती के साथ पत्रकारों के हितों और उनकी समस्याओं को मजबूती से उठाने की दिशा में भी निरंतर कार्य किया जाएगा। बैठक में सदस्यता बढ़ाने के अलावा संगठन की आगामी गतिविधियों, पत्रकारों के बीच बेहतर समन्वय, क्षेत्रीय स्तर पर संगठन की सक्रियता बढ़ाने तथा पत्रकार हित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने पर भी विचार-विमर्श किया गया पदाधिकारियों ने अपने-अपने सुझाव रखे और संगठन को जमीनी स्तर पर और प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने पर सहमति जताई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि संगठन के प्रत्येक पदाधिकारी और सदस्य की जिम्मेदारी है कि वह परिषद की गतिविधियों को गांव, ब्लॉक और तहसील स्तर तक पहुंचाने में अपनी भूमिका निभाए। उन्होंने कहा कि आपसी समन्वय और एकजुटता के साथ कार्य करने से संगठन की आवाज और अधिक मजबूत होगी। बैठक के दौरान उपस्थित पत्रकारों ने भी संगठन के विस्तार और पत्रकार हितों से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखे। सभी ने सदस्यता अभियान को सफल बनाने तथा परिषद को जनपद में मजबूत आधार देने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला महासचिव गुलाम गौस रिजवी, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रीता बिंद, जिला उपाध्यक्ष शीतल श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष अशोक उपाध्याय, सुरेश विश्वकर्मा, रामप्रकाश यादव, विनोद कुमार बिंद समेत दर्जनों पत्रकार एवं परिषद के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# आजाद पार्क से गूंजा देशभक्ति का संदेश, 'हर घर तिरंगा अभियान-2026' का शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** आजादी के अमृत भाव और राष्ट्रभक्ति के संदेश के साथ रविवार को प्रयागराज में 'हर घर तिरंगा अभियान-2026' का भव्य शुभारंभ हुआ। अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा स्थल से अभियान की शुरुआत करते हुए शहर में तिरंगा रैली निकाली गई। हाथों में तिरंगा लेकर निकले लोगों ने देशभक्ति के नारों के साथ स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और शहीदों के बलिदान को याद किया। कार्यक्रम के तहत चंद्रशेखर आजाद पार्क के गेट नंबर-1 से तिरंगा रैली निकाली गई, जिसे मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती हर्षिका सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में अधिकारी-कर्मचारी, विद्यार्थी, स्वयंसेवी संगठनों से जुड़े लोग तथा गणमान्य नागरिक शामिल हुए। तिरंगे के साथ आगे बढ़ती रैली ने पूरे वातावरण को राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग दिया। रैली के अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा स्थल पर पहुंचने के बाद मुख्य अतिथि एवं उपस्थित लोगों ने अमर शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान और देश की आजादी के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदान को याद किया गया। कार्यक्रम का संयोजन पाण्डुलिपि अधिकारी गुलाम सरवर एवं क्षेत्रीय अभिलेख अधिकारी राकेश कुमार वर्मा द्वारा किया गया, जबकि कार्यक्रम का संचालन संस्कृति विभाग के हरिश्चंद्र दुबे ने किया।

# भगवान का घर गंदा,अपना घर साफ, हे मानव तेरा, ये कैसा इंसाफ-कुवर जी तिवारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी, प्रयागराज।** सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान अरैल द्वारा दारागंज स्थित - नागवासुकी मंदिर प्रयागराज में भव्य स्वच्छता अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि आस्था के पवित्र स्थल मंदिर में चारों ओर गंदगी का अंबार देख मन बहुत दुःखी हुआ। आमजन मानस एवं सम्बंधित कर्मचारियों को स्वच्छता के प्रति सजग होना चाहिए, जिससे मंदिरों में साफ़ सफाई बनी रहें। वरिष्ठ समाजसेविका सुनीता सोम मिश्रा ने नागवासुकी मंदिर में गंदगी के अंबार को देखकर कहा*, कि ना क्षेत्रिय पार्षद,ना नगरनिगम एवं ना मंदिर प्रशासन कोई भी पवित्र मंदिर स्थल की साफ सफाई की जिम्मेदारी नही लेंना चाहता है। तो क्या प्रधानमंत्री जी के द्वारा की गई अपील 'स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत' का सपना बेबुनियाद एवं खोखला है। कम से कम शासन प्रशासन को आस्था के मंदिरों पर साफ सफाई हेतु संज्ञान लेना चाहिए। कार्यक्रम में सर्वश्री कुंवर जी तिवारी, सुनील मिश्रा, धीरज यादव, सहदेव चौरसिया,ऋषि दीक्षित, नवनीत मिश्रा,विकास मिश्रा, इंदु प्रकाश सिंह, शशिकांत पांडेय,नीरज पांडेय ,ओमप्रकाश श्रीवास्तव,धीरज राजवानी, सक्षम, शिवम चौरसिया, तुलसी तिवारी आदि उपस्थित रहे

# स्वस्थ युवा, सशत राष्ट्र साइकिल महायात्रा से जागरूकता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोपीगंज,प्रयागराज।** धरती और मानव स्वास्थ्य की रक्षा के लिए रविवार को 'भदोही साइकिलिंग क्लब' के तत्वावधान में एक भव्य जागरूकता साइकिल महायात्रा का आयोजन किया गया। 'साइकिल मैन भदोही' अताउल मुस्तफा अंसारी के नेतृत्व में शुरू हुई इस यात्रा ने पूरे क्षेत्र में राष्ट्रप्रेम और पर्यावरण चेतना की लहर दौड़ा दी। यात्रा का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ भारत को स्वच्छ, हरा-भरा और समृद्ध बनाने का संकल्प हर नागरिक तक पहुंचाना था। जिला के लोकप्रिय चिकित्सक डॉ. एस.एस. यादव ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। बड़े चौराहे से शुरू होकर फूलबाग, सोनखरी और हरिहरपुर होते हुए यात्रा श्री विश्वनाथ इंटर कॉलेज, धीरपुर बैदा पहुंची। कॉलेज पहुंचने पर प्रबंधक मनीष मिश्रा के नेतृत्व में शिक्षकों और छात्रों ने पुष्पवर्षा व जयघोष के साथ पर्यावरण प्रहरियों का भव्य स्वागत किया। परिसर में पंचवटी के रूप में पांच पवित्र पौधे रोपे गए। मनीष मिश्रा ने कहा कि सशक्त राष्ट्र के लिए स्वस्थ नागरिक जरूरी हैं। उन्होंने नियमित योग-व्यायाम अपनाने और छोटे कामों के लिए साइकिल इस्तेमाल करने की अपील की।

चितईपुर, डुहिया, परशुरामपुर, उमरिया, जगापुर, भिखारीपुर और बैदा खास होते हुए यात्रा लौटी। पूरे मार्ग पर 'साइकिल चलाएं, ईंधन बचाएं', 'वृक्ष लगाओ, पर्यावरण बचाओ' और 'करो योग, रहो निरोग' के नारे गूंजे। 'हिंदुस्तान जिंदाबाद' और 'वंदे मातरम्' के उद्घोष के साथ प्रतिभागियों ने उत्तर प्रदेश को स्वस्थ बनाने का संकल्प लिया। प्रवीण श्रीवास्तव, अनिल पांडेय, डॉ. राजकुमार शुक्ला सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने इस मुहिम में हिस्सा लिया।

# विश्व आदिवासी दिवस पर लक्षनपुर से निकली बाइक रैली

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोरांव प्रयागराज।** कोरांव विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर रविवार को लक्षनपुर से आदिवासी समाज के युवाओं ने भव्य बाइक रैली निकाली। रैली में बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के युवा एवं सैकड़ों साथी शामिल हुए। रैली का नेतृत्व आदिवासी समाज के युवा समाजसेवी सतेंद्र कोल, राजकुमार कोल, ममता आदिवासी, राधा कोल, उत्कर्ष कोल और विनोद कोल ने किया। बाइक रैली लक्षनपुर से रातेवरा मोड़ होते हुए कोईलहा तक निकाली गई। रैली के दौरान युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। समाज के लोगों ने एकजुटता और सामाजिक जागरूकता का संदेश देते हुए विश्व आदिवासी दिवस मनाया। रैली के कोरांव पहुंचने पर समाजवादी साथियों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया। इस दौरान अजय कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष, ललन सिंह पटेल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य, शिवदानी पाल, सफात अली, अनिल मौर्य सहित कई लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने आदिवासी समाज की एकता, अधिकारों, संस्कृति और सामाजिक सम्मान को मजबूत करने पर जोर दिया। बाइक रैली के माध्यम से युवाओं ने समाज को संगठित और जागरूक करने का संदेश दिया।

# बस में महिला यात्री के लाखों के जेवरात चोरी


स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी,प्रयागराज।** जबलपुर से प्रयागराज आ रही एक प्राइवेट बस में सफर कर रही महिला यात्री के सूटकेस से लाखों रुपये के जेवरात चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना के बाद नैनी में हंगामा हुआ, जिसके बाद पुलिस ने बस चालक से पूछताछ शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, राजरूपपुर प्रयागराज की रहने वाली सुजाता पत्नी आशीष का ससुराल जबलपुर के बेल गांव में है। वह शनिवार रात तारा ट्रेवल्स की बस से अपने मायके वापस लौट रही थी। सुजाता ने बताया कि उन्होंने अपना सूटकेस और बैग बस की डिक्की में रखवा दिया था। बस चालक रामभान साकेत बस लेकर प्रयागराज के लिए रवाना हुआ और रविवार को बस प्रयागराज पहुंची।घर पहुंचने पर जब सुजाता ने बैग और सूटकेस खोला तो ताला टूटा हुआ था और अंदर रखे जेवरात गायब थे। जेवरात गायब देख महिला परेशान हो गई और अपने भाई और मां के साथ वापस नैनी के लेप्रोसी चौराहे पहुंची। वहां बस चालक को देखकर उसने हंगामा शुरू कर दिया। महिला का आरोप है कि सूटकेस में सोने-चांदी के लाखों रुपये के जेवरात रखे थे जो चोरी हो गए हैं।सूचना पर डायल 112 के माध्यम से पुलिस मौके पर पहुंची। फूलमंडी चौकी प्रभारी ऋषभ पटेल ने बताया कि महिला ने सोने-चांदी के जेवरात चोरी होने की बात कही है, जबकि प्रारंभिक जांच में सूटकेस में रखे आर्टिफिशियल जेवरात चोरी होने की बात सामने आ रही है।पूछताछ में बस चालक रामभान साकेत ने कहा कि सामान डिक्की के अंदर रखा हुआ था और उसे सामान गायब होने की जानकारी नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# अल्ट्रासाउंड करने वाली मशीनों की उम्र और रखरखाव जांचने का जिम्मेदार कौन ?

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पूरनपुर (पीलीभीत)।** प्रतिदिन डॉक्टरों के द्वारा गर्भावस्था, पेट, अंगों के आंतरिक रोगों, पथरी, सूजन, ब्लड फ्लो से जुड़े मरीजों को अल्ट्रासाउंड की सलाह दी जाती है। जिससे मरीजों का सही व सटीक इलाज हो सके। मरीजों के द्वारा 700 से 800 रुपये देने के बावजूद उन्हें सही जांच रिपोर्ट मिल सकेगी, इसकी कोई गारंटी नही होती है। कारण बिना आवश्यक खर्च किये मोटी कमाई की सोच रखने वाले अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालक पुरानी अल्ट्रासाउंड मशीनों की उम्र और रखरखाव को नजरअंदाज कर देते हैं, जिससे मरीज को गलत रिपोर्ट मिलने की आशंका बनी रहती है। अल्ट्रासाउंड करने वाली मशीनों की उम्र और रखरखाव जांचने का जिम्मेदार कौन है ? और वह अपना कार्य बखूबी जिम्मेदारी से निभा रहा है यह बात किसी को भी पता नहीं चल पा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अल्ट्रासाउंड (सोनोग्राफी) मशीनों का सामान्य कामकाजी जीवनकाल 7 से 12 वर्ष होता है, जबकि पोर्टेबल मशीनें 5 से 7 साल तक अच्छी तरह चलती हैं। यदि समय पर सर्विसिंग और पार्ट्स बदले जाएं, तो मशीनें ठीक काम करती हैं। यदि अल्ट्रासाउंड केंद्र संचालक मशीनों का रखरखाव और उसकी उम्र को नजरअंदाज कर मोटा मुनाफा कमाने की नीयत से अल्ट्रासाउंड करने की औपचारिकता निभा कर मरीजों से धन उगाही करें तो मरीजों का आर्थिक नुकसान ही नहीं बल्कि उनकी जान पर बना आने का कारण भी बन सकता है। यदि जिम्मेदार ईमानदारी से जांच करें तो ज्ञात होगा कि पूरनपुर में भी कोई न कोई ऐसा अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालित हो रहा होगा, जिसके संचालक के द्वारा एक दशक से पूर्व सोनोग्राफी की मशीन खरीदी गई हों। और वहां धड़ल्ले से सही और गलत रिपोर्ट को नजरअंदाज का अपना आर्थिक हित साधा जा रहा हो। कुछ स्थानीय लोगों ने इस मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए कहा कि स्वास्थ्य महकमें के जिम्मेदारों को यह बात सुनिश्चित करना चाहिए कि अल्ट्रासाउंड सेंटर पर अल्ट्रासाउंड करने वाली मशीन कितनी पुरानी है, वर्तमान में उसकी कार्यक्षमता बिल्कुल ठीक है, अथवा अल्ट्रासाउंड मशीन द्वारा प्रदान की जाने वाली रिपोर्ट में किसी प्रकार की त्रुटि की संभावना नहीं है। जब संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी बीसी पंत से वार्ता की गई तो उन्होंने कहा कि अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर जांच रिपोर्ट सटीक मिल रही है या नहीं, इसके लिए एक नोडल अधिकारी तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर अल्ट्रासाउंड करने वाली मशीनों की आयु व उनकी तकनीकी गुणवत्ता की वह जांच कराएंगे।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत देशभक्ति के रंगों में रंगे राजकीय पॉलिटेक्निक के छात्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** भारत सरकार के राष्ट्रव्यापी 'हर घर तिरंगा अभियान-2026' के तहत राजकीय पॉलिटेक्निक पूरनपुर में देशभक्ति और जन-जागरूकता कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में संस्थान के विद्यार्थियों और समस्त स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को राष्ट्रीय ध्वज के इतिहास, महत्ता, सम्मान और उसकी गरिमा के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के प्रधानाचार्य ए. बिल्सन द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर और देश की एकता व अखंडता का संदेश देकर किया गया। इस अभियान के अंतर्गत संस्थान में कई विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें तिरंगा जागरूकता रैली और तिरंगा शपथ, पोस्टर, स्लोगन, रंगोली और निबंध लेखन प्रतियोगिता भाषण, क्विज, देशभक्ति गीत और तिरंगे के साथ सेल्फी शामिल थे। यहां ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड अजय गुप्ता ने कहा कि तिरंगा केवल एक राष्ट्रीय ध्वज नहीं है, बल्कि भारत की स्वतंत्रता, एकता, विविधता, लोकतांत्रिक मूल्यों और हमारे वीर स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों से तिरंगे का सदैव सम्मान करने और इस अभियान को जन-जन तक पहुँचाने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

# बीमारी से तंग आकर महिला ने कुएं में कूदकर दी जान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी, प्रयागराज।** औद्योगिक क्षेत्र थाना अंतर्गत पुरवा खास गांव में रविवार सुबह एक 32 वर्षीय महिला ने बीमारी से तंग आकर कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना से गांव में हड़कंप मच गया।जानकारी के अनुसार मृतका की पहचान रविता देवी पत्नी अजय भारती के रूप में हुई है। रविता अपने दो बच्चों ऋषु (4 वर्ष) और रिहान्श (6 वर्ष) के साथ गांव में रहती थी। पति अजय भारती पिछले 6 महीने से मुंबई में मजदूरी करते हैं। ग्रामीणों के अनुसार रविता काफी समय से बीमार चल रही थी और उसका इलाज भी चल रहा था। उसकी मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं बताई जा रही है। परिवार और गांव वालों का अनुमान है कि बीमारी से परेशान होकर ही उसने यह कदम उठाया। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण कुएं के पास पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद महिला के शव को सूखे कुएं से बाहर निकाला। कुएं में पानी नहीं था और गैस भरी हुई थी। पुलिस का अनुमान है कि महिला की मौत दम घुटने के कारण हुई है।औद्योगिक थाना प्रभारी कमलेश कुमार पटेल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। मामले की जांच की जा रही है।परिवार में रविता के ससुर का निधन पहले ही हो चुका है। देवर विजय और जेठ राजकुमार अलग रहते हैं। घटना की जानकारी पति अजय को फोन पर दी गई है।

# बरेली की पहचान आला हज़रत हैं उनका एहसान इस मुल्क पर है : हा0 नूर अहमद अज़हरी




> दुनिया भर से लाखों अकीदतमंद हर साल बरेली का रुख़ करते हैं यह शहर सिर्फ़ एक शहर नहीं, बल्कि इल्म, फ़िक्र, तहज़ीब और इश्क़े रसूल सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम का मरकज़ है। उन्होंने कहा कि आला हज़रत किसी एक तबक़े, किसी ख़ानदान या किसी संस्था की मिल्कियत नहीं, बल्कि पूरे भारत की साझा विरासत और मुल्क की अमानत हैं। जिस शख़्सियत ने अपने इल्म, फ़तवा, तहरीर और किरदार से भारत का नाम पूरी दुनिया में बुलंद किया हो उसे सरकारी स्तर पर वह मुक़ाम मिलना चाहिए जिसका वह हक़दार है।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** अज़हरी एकेडमी के चेयरमैन हाफ़िज़ नूर अहमद अज़हरी ने प्रेस वार्ता के द्वारा कहा कि अगर आज बरेली का नाम दुनिया के कोने कोने में अदब और एहतराम के साथ लिया जाता है तो इसकी सबसे बड़ी वजह इमामे अहले सुन्नत मुजद्दिदे दीन ओ मिल्लत आला हज़रत इमाम अहमद रज़ा ख़ाँ क़ादरी बरकाती फ़ाज़िले बरेलवी अलैहिर्रहमा की अज़ीमुश्शान ज़ात है। दुनिया भर से लाखों अकीदतमंद हर साल बरेली का रुख़ करते हैं यह शहर सिर्फ़ एक शहर नहीं, बल्कि इल्म, फ़िक्र, तहज़ीब और इश्क़े रसूल सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम का मरकज़ है। उन्होंने कहा कि आला हज़रत किसी एक तबक़े, किसी ख़ानदान या किसी संस्था की मिल्कियत नहीं, बल्कि पूरे भारत की साझा विरासत और मुल्क की अमानत हैं। जिस शख़्सियत ने अपने इल्म, फ़तवा, तहरीर और किरदार से भारत का नाम पूरी दुनिया में बुलंद किया हो उसे सरकारी स्तर पर वह मुक़ाम मिलना चाहिए जिसका वह हक़दार है। हाफ़िज़ नूर अहमद अज़हरी ने भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार से पुरज़ोर मुतालबा करते हुए कहा कि उर्स-ए-रज़वी के मौक़े पर बरेली जंक्शन का नाम 'बरेली शरीफ़ जंक्शन ', बरेली एयरपोर्ट का नाम 'आला हज़रत एयरपोर्ट' और बरेली से प्रयागराज तक बनने वाले एक्सप्रेस-वे का नाम 'आला हज़रत एक्सप्रेस-वे' रखा जाए। उन्होंने तालीमी बेदारी मुहिम के तहत कहा कि मुल्क में एक अंतरराष्ट्रीय यूनिवर्सिटी आला हज़रत के नाम से बनवाई जाए। उन्होंने कहा कि यह किसी एहसान का नहीं बल्कि भारत की एक महान धार्मिक और बौद्धिक विरासत को उसका जायज़ सम्मान देने का मामला है। उन्होंने कहा कि जो क़ौमें अपने मुहसिनों को भुला देती हैं, तारीख़ भी उन्हें भुला देती है। भारत एक मज़बूत जम्हूरियत है और मज़बूत जम्हूरियत की पहचान यही है कि वह अपने सभी महापुरुषों और राष्ट्रीय धरोहरों का बराबरी के साथ सम्मान करे। अगर सरकार वास्तव में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के उसूल पर यक़ीन रखती है तो उसे इन मांगों पर फ़ौरन अमल करना चाहिये। हाफ़िज़ नूर अहमद अज़हरी ने दो टूक अल्फ़ाज़ में कहा कि जब तक हमारी यह वाजिब, इंसाफ़पसंद और संवैधानिक मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक हमारी आवाज़ ख़ामोश नहीं होगी। हम हर लोकतांत्रिक और संवैधानिक मंच पर यह मुतालबा बुलंद करते रहेंगे। अगर ज़रूरत पड़ी तो पूरे मुल्क में बड़े पैमाने पर शांतिपूर्ण और संवैधानिक जनआंदोलन चलाया जाएगा, जिसकी तमाम ज़िम्मेदारी हुकूमत पर होगी।

# हर घर तिरंगा अभियान को लेकर व्यापारियों ने निकाली जागरूकता रैली

## क्षेत्रीय विधायक चेयरमैन आदि ने दुकानों पर बांटे तिरंगे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पूरनपुर (पीलीभीत)।** हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए रविवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की ओर से नगर में जागरूकता रैली निकाली गई। क्षेत्रीय विधायक बाबूराम पासवान, व्यापार मंडल के प्रांतीय उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी, नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह के नेतृत्व में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने प्रतिष्ठान-प्रतिष्ठान जाकर व्यापारियों को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा वितरित किया। इस दौरान व्यापारियों से अपील की गई कि 10 से 17 अगस्त तक अपने-अपने प्रतिष्ठानों और घरों पर तिरंगा लगाकर हर घर तिरंगा अभियान में सहभागिता करें। पदाधिकारियों ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज केवल एक कपड़ा नहीं, बल्कि देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। तिरंगा लगाते समय उसकी गरिमा और सम्मान का विशेष ध्यान रखा जाए। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने दुकानदारों से कहा कि 17 अगस्त के बाद तिरंगे को सम्मानपूर्वक उतारकर सुरक्षित स्थान पर रखा जाए। अभियान का उद्देश्य पूरनपुर में अधिक से अधिक घरों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराकर लोगों में राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करना है। रैली के दौरान व्यापारियों और नागरिकों से अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की गई। इस दौरान हंसराज गुलाटी, विधायक बाबूराम पासवान, चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह, अशोक खंडेलवाल, जाहिद खान, विजय पाल सिंह विक्की, बलजीत खैरा, नवीन अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, उमर खान, संजय गुप्ता, अनिल अग्रवाल, सचिन गुप्ता, आयुष गुप्ता, राजा गुप्ता, श्याम गुप्ता, सर्वेश गुप्ता, कौशल जायसवाल, राजेंद्र गुलाटी, राहुल जायसवाल, गौरव पांडेय एडवोकेट और अहमद मियां सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# कावंरिया सेवा समिति के तत्वावधान मे भंडारे का आयोजन

**नैनी, प्रयागराज।** कावंरिया सेवा समिति के तत्वावधान में रविवार को मेवालाल की बगिया चौराहे पर विशाल



भंडारे का आयोजन किया गया । आयोजक कर्ता राजेश गुप्ता ने बताया की हर वर्ष की इस वर्ष भंडारे का आयोजन किया गया। मुख्य रूप से मुख्य आयोजनकर्ता राजेश गुप्ता, विनोद जायसवाल, घनश्याम जायसवाल,धर्मराज पटेल, पार्षद राकेश जायसवाल, राजेश शर्मा, समर बहादुर सिंह, गुड्डू जायसवाल लाला जायसवाल, राहुल जायसवाल पत्रकार आदि रहे।

# प्रयागराज में राहुल गांधी के छात्रों की गूंज का आयोजन बेहद सफल

## 'यूरोक्रेसी में, पैरामिलिट्री में, विश्वविद्यालय,न्यायपालिका,मीडिया में प्रचारक बैठाए गए हैं: राहुल गांधी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**दया शंकर त्रिपाठी**

**ब्यूरो प्रयागराज।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के शनिवार को प्रयागराज में केपी ग्राउंड में 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में छात्रों की अपार भीड़ और सीधे सीधे नरेंद्र मोदी, अमित शाह और अडानी के साथ मोहन भागवत अर्थात आरएसएस पर तीखे हमले से लखनऊ और दिल्ली में बैठी भाजपा सरकार की चूलें हिल गयी हैं और सत्ता पार्टी में बदहवासी का माहौल उत्पन्न हो गया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रयागराज में 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बीजेपी का बैंक बैलेंस 150 करोड़ था, आज 10 हजार करोड़ हो गया।

**सरकार ने चक्र बिहु में फंसा दिया।**

आरएसएस के वाइस चांसलर बैठाकर हर संस्था में आरएसएस के प्रचारक बैठाए गए हैं। ब्यूरोक्रेसी में पैरामिलिट्री में प्रचारक, विश्वविद्यालय,न्यायपालिका,मीडिया में प्रचारक बैठाए गए हैं। नरेंद्र मोदी, अमित शाह और अडानी ने रोजगार खत्म किया।




राहुल गांधी ने कहा कि डाटा युवाओं का, क्षमता युवाओं की, लेकिन सिस्टम ने उन्हीं युवाओं को चक्रव्यूह में फंसा रखा है। देश के युवा पढ़ाई करते हैं, इसमें परिवारों का लाखों-करोड़ रुपया खर्च होता है। फिर सिस्टम एक सर्टिफिकेट देता है, लेकिन उससे आपको रोजगार नहीं मिलता है। आज 1,000 में से सिर्फ 12 लोगों को ही पक्की नौकरी मिलती है लोगों से उनका डाटा छीनकर बड़ी-बड़ी कंपनियों को दे दिया जाता है। फिर आपको कहा जाता है- रील और कन्टेंट बनाइए। भारत के युवा इस देश की सबसे बड़ी ताकत है और इनकी संभावना दुनिया में बेजोड़ हैं। उन्होंने कहा कि आप भारत की ताकत और गर्व हो। देश के युवाओं ने अंधेरे में रोशनी जलाने का काम किया है। हिंदुस्तान के युवाओं ने डर का सामना कर, देश को बदलने का काम किया है। हमें प्यार से इस करप्ट सिस्टम को बदलना होगा। राहुल गांधी ने हजारों छात्रों और युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मैं आज आपसे आपके दर्द, डेटा और दौलत के बारे में बात करना चाहता हूं। हिंदुस्तान में 40 करोड़ युवा हैं, जो इस देश की ताकत हैं। इसलिए 21वीं सदी में देश दो चीजों के कारण आगे बढ़ सकता है। पहला, युवाओं की ताकत और दूसरा, युवाओं का डाटा। युवा + डाटा = 21वीं सदी की इकॉनमी। आपके डाटा के बिना ढ्ढ का कोई मतलब नहीं है। डाटा से ढ्ढ बनाया जा सकता है, लेकिन ढ्ढ से डाटा नहीं बनाया जा सकता। राहुल गांधी ने आगे कहा कि भारत के 40 करोड़ युवा इसकी सबसे बड़ी ताकत हैं और अमेरिका, चीन और रूस कोई भी भारत के युवाओं की संभावना का मुकाबला नहीं कर सकता। लेकिन भारत में रोजगार के सारे दरवाजे बंद हैं। उन्होंने देश में शैक्षणिक योग्यता के मूल्य को लेकर भी चिंता व्यक्त की और कहा कि आज भारत में शिक्षा का प्रमाण पत्र का कोई मतलब नहीं है क्योंकि ये आपको नौकरी नहीं दे सकते। राहुल गांधी ने कहा कि डाटा युवाओं का, क्षमता युवाओं की, लेकिन सिस्टम ने उन्हीं युवाओं को चक्रव्यूह में फंसा रखा है। देश के युवा पढ़ाई करते हैं, इसमें परिवारों का लाखों-करोड़ रुपया खर्च होता है। फिर सिस्टम एक सर्टिफिकेट देता है, लेकिन उससे आपको रोजगार नहीं मिलता है। आज 1,000 में से सिर्फ 12 लोगों को ही पक्की नौकरी मिलती है लोगों से उनका डाटा छीनकर बड़ी-बड़ी कंपनियों को दे दिया जाता है। फिर आपको कहा जाता है- रील और कन्टेंट बनाइए। लेकिन आप जान लीजिए- रील 21वीं सदी का नया नशा है इन सबके बाद, युवाओं से कहा जाता है कि ब्लिंकिट, उबर में काम करो। मजदूरी करो, रील बनाओ, लेकिन आपको इस देश में नौकरी नहीं मिल सकती। राहुल गांधी ने कहा कि दर्द आपका, डाटा आपका, दौलत इनकी। पूरा सिस्टम बीजेपी-आरएसएस -पूंजीपतियों के फायदे के लिए चलाया जाता है। पैसाः अडानी की आमदनी 10 साल में 30 गुना बढ़ी। सत्ताः बीजेपी का बैंक बैलेंस 150 करोड़ रुपये से 10 हजार करोड़ रुपए पर पहुंच गया। सोचः संस्थाओं में आरएसएस के प्रचारक फिट किए जा रहे हैं। कॉलेज में, विश्वविद्यालय में, ब्यूरोक्रेसी में, मीडिया में आरएसएस के लोग भरे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी-आरएसएस के इस सिस्टम ने रोजगार खत्म किया, विश्वविद्यालयों पर कब्जा किया, आपके ऊपर हमला किया है।

राहुल गांधी ने इस कार्यक्रम में स्टेज पर बुलाकर कुछ प्रतियोगी छात्रों से भी बात की। एक अभ्यर्थी ने कहा कि राहुल गांधी जी, मैं आपका धन्यवाद करना चाहता हूं, क्योंकि आप हम छात्रों और युवाओं की आवाज उठा रहे हैं। देश के युवा आपके साथ हैं। जब से योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने हैं, तब से लगातार पेपर लीक हो रहा है। इन सभी पेपर लीक के मामले मैं उंगलियों पर गिना सकता हूं। जैसेः 2017 दरोगा भर्ती परीक्षा पेपर लीक, 2018 यूपी कांस्टेबल भर्ती परीक्षा पेपर लीक, 2020-21 यूपी स्ढ्ढ भर्ती परीक्षा पेपर लीक, 2022 लेखपाल भर्ती परीक्षा पेपर लीक, 2023 ञ्ह्र/ञ्ह्र भर्ती परीक्षा पेपर लीक, 2023 यूपी कांस्टेबल भर्ती परीक्षा पेपर लीक। पटना से आई एक छात्र नेता ने कहा कि दिल्ली में 20 जुलाई को छात्रों और युवाओं पर हुई बर्बरता के खिलाफ 22 जुलाई को छात्र पटना में शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वाले थे। लेकिन बिहार सरकार और बिहार पुलिस ने उनके साथ क्रूरता की। छात्रों को मारा-पीटा गया और उन्हें रातों-रात गैरकानूनी तरीके से हिरासत में ले लिया। बिहार में ये सिलसिला कई दिनों तक चला। फिर सीवान में प्रदर्शन करने वाले छात्रों और युवाओं परञ्च-47 से फायर कर दिया जाता है, जिसमें छात्र गंभीर रूप में घायल हुए। हम छात्र हैं, प्रोटेस्टर नहीं। आज छात्रों की हालत ये है कि पहले वो पढ़ाई करें, लेकिन जब पेपर लीक हो जाए और हक के लिए प्रोटेस्ट करे तो उनपर लाठीचार्ज किया जाता है। देश के युवा इसी चक्रव्यूह में फंसे रहते हैं। कार्यक्रम में एक और छात्र ने कहा कि यूपी सरकार के पास पद हैं, लेकिन वो भर्ती ही नहीं निकाल रही है। हमने कई बार धरना दिया, लाठियां खाईं और कईयों को ज्ञापन दिया, लेकिन हमारी कोई सुनवाई नहीं हुई। यूपी में कई सारी भर्तियां ऐसी हैं, जो लटकी हुई हैं और जब पेपर लीक होता है तो हम छात्र किसी से अपना दुख तक बयां नहीं कर पाते। हमारी मांग यही है कि सरकार समय पर भर्तियां निकाले, एग्जाम कैलेंडर फिक्स करे- ताकि युवाओं का समय और पैसा बर्बाद न हो। कार्यक्रम के अंत में राहुल गांधी ने कहा कि हम नफरत और हिंसा से कभी काम नहीं करेंगे। हिंदुस्तान की संस्कृति सत्य और अहिंसा की है। किसी भी स्टूडेंट के दिल में नफरत नहीं, सिर्फ मोहब्बत होनी चाहिए। हमें प्यार और मोहब्बत से इस करप्ट सिस्टम को खत्म.. टाटा, बाय-बाय करना है। जो भी युवा अपने हक की लड़ाई लड़ रहे हैं, मै उनके साथ हूं और आगे भी खड़ा रहूंगा।

# 455 ग्राम अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

## तस्करों के पास से पुलिस ने बुलेट व दो मोबाइल किये बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



पूरनपुर (पीलीभीत)। पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 455 ग्राम अवैध अफीम, 1,900 रुपये नकद, बुलेट मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी आने-जाने वाले ट्रक चालकों व अन्य लोगों को अफीम बेचने की फिराक में थे। कोतवाली पुलिस के मुताबिक रविवार को मुखबिर से सूचना मिली कि खुटार रोड स्थित मजार तिराहे के पास मोटरसाइकिल सवार दो युवक अवैध मादक पदार्थ लेकर खड़े हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और दोनों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान जीशान खान पुत्र नौशाद खान, निवासी मोहल्ला खानकाह, के कब्जे से 235 ग्राम अफीम, एक बुलेट मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन बरामद हुआ। वहीं दिलशाद रजा पुत्र सलीम, निवासी मोहल्ला खानकाह के कब्जे से 220 ग्राम अफीम और मोबाइल फोन बरामद किया गया। पुलिस ने दोनों के पास से कुल 1,900 रुपये नकद भी बरामद किए। मामले में थाना पूरनपुर में मुकदमा अपराध संख्या 348-2026 के तहत धारा 8-18 एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश होने के लिए भेज दिया गया था।

# वन्यजीव संरक्षण में नरेश कुमार लोधी का बढ़ा सम्मान, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया ने दिया विशिष्ट सेवा सम्मान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नरेश कुमार लोधी वर्ष 2004 से डल्यूडल्यूएफ-इंडिया से जुड़कर वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहे हैं। नेपाल सीमा क्षेत्र तथा जंगलों से सटे गांवों में विकास और रोजगार के अवसर उपलध कराने की दिशा में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके प्रयासों से एक हजार से अधिक महिलाओं और पुरुषों को विभिन्न आजीविका गतिविधियों से जोड़ा गया, जिससे ग्रामीण परिवारों को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिली।**

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** वन्यजीव संरक्षण, मानव-वन्यजीव संघर्ष निवारण तथा सीमावर्ती और वन क्षेत्रों में ग्रामीणों की आजीविका के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए नरेश कुमार लोधी को विश्व प्रकृति निधि-भारत (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया) की ओर से विशिष्ट सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान वन्यजीव संरक्षण और समाजसेवा के क्षेत्र में उनके लंबे समय से किए जा रहे कार्यों की सराहना के रूप में प्रदान किया गया है। नरेश कुमार लोधी वर्ष 2004 से डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया से जुड़कर वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहे हैं। नेपाल सीमा क्षेत्र तथा जंगलों से सटे गांवों में विकास और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके प्रयासों से एक हजार से अधिक महिलाओं और पुरुषों को विभिन्न आजीविका गतिविधियों से जोड़ा गया, जिससे ग्रामीण परिवारों को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिली। उन्होंने युवाओं और वन विभाग के कर्मचारियों के लिए कई प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से वनकर्मियों को वन्यजीव संरक्षण, निगरानी और मानव-वन्यजीव संघर्ष की परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए प्रशिक्षित किया गया।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व, दक्षिण खीरी वन प्रभाग, अमानगढ़ टाइगर रिजर्व और रानीपुर टाइगर रिजर्व सहित विभिन्न क्षेत्रों में एम-स्ट्राइप्स (M-STrIPES) प्रणाली के सफल प्रयोग एवं प्रशिक्षण में महत्वपूर्ण योगदान रहा। इससे वन्यजीवों की निगरानी और संरक्षण कार्यों को प्रभावी बनाने में सहायता मिली, मानव-वन्यजीव संघर्ष कम करने के लिए उनके प्रयासों से पीलीभीत टाइगर रिजर्व में 'बाघ मित्र' कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस पहल की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भी सराहना की जा चुकी है और अब इसे देश के विभिन्न वन प्रभागों एवं राज्यों में अपनाया जा रहा है।नरेश कुमार लोधी को वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में योगदान के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है। इससे पूर्व तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने उन्हें समाजसेवा के क्षेत्र में राष्ट्रपति रोवर पुरस्कार प्रदान किया था।दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह में डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया के अधिकारी मौजूद रहे।

अपरिहार्य कारणों से नरेश कुमार लोधी दिल्ली नहीं पहुंच सके। इसके बाद पीलीभीत में श्री मनीष सिंह ने उन्हें विशिष्ट सेवा सम्मान प्रदान किया। सम्मान मिलने पर डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया और वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# समेसी में लगा बहू-बेटी समेलन, महिलाओं को सुरक्षा और हेल्पलाइन की दी जानकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नगराम, लखनऊ।** मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत रविवार को नगराम थाना क्षेत्र के समेसी गांव में बहू-बेटी सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें पुलिस टीम ने महिलाओं और बेटियों को सुरक्षा, उनके अधिकारों, सरकारी योजनाओं और आपात स्थिति में पुलिस से मदद लेने के तरीकों की जानकारी दी। महिलाओं को किसी भी तरह के उत्पीड़न की स्थिति में चुप न रहने और तत्काल पुलिस को सूचना देने के लिए जागरूक किया गया। सम्मेलन में पुलिस टीम ने घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, शारीरिक एवं मानसिक प्रताड़ना समेत अन्य अपराधों के प्रति महिलाओं को जागरूक किया। पुलिसकर्मियों ने कहा कि किसी भी तरह की हिंसा या प्रताड़ना होने पर महिलाएं कानून की मदद ले सकती हैं। साथ ही महिलाओं को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। आपात स्थिति में 112, महिला संबंधी शिकायत के लिए 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 और साइबर अपराध की शिकायत के लिए 1930 पर संपर्क करने की जानकारी दी गई।



### साइबर ठगी से सावधान रहने की अपील

पुलिस टीम ने साइबर अपराधों के प्रति भी महिलाओं को जागरूक किया। ऑनलाइन ठगी, फर्जी फोन कॉल, ओटीपी मांगने, सोशल मीडिया के जरिए धोखाधड़ी और बैंक खातों से संबंधित जालसाजी से सावधान रहने की अपील की गई। पुलिस ने कहा कि किसी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी, एटीएम पिन, बैंक संबंधी जानकारी और निजी दस्तावेज साझा न करें। साइबर ठगी होने पर तत्काल 1930 पर शिकायत दर्ज कराने के साथ संबंधित थाने को सूचना देने की सलाह दी गई।

### बहू-बेटियों से संवाद कर सुनीं समस्याएं

कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने गांव की बहू-बेटियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं और शिकायतें सुनीं। महिलाओं को भरोसा दिलाया गया कि किसी भी परेशानी की स्थिति में वे बिना झिझक पुलिस से संपर्क कर सकती हैं। उन्हें महिला हेल्प डेस्क, महिला सुरक्षा केंद्र, साइबर क्राइम और यूपी कॉप ऐप के संबंध में भी जानकारी दी गई। इस दौरान थाना नगराम से उपनिरीक्षक अल्पा कटियार, उपनिरीक्षक चंद्रशेखर, महिला आरक्षी सुमन पटेल और आरक्षी संजय चौहान मौजूद रहे। पुलिस टीम ने कहा कि महिलाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने और मिशन शक्ति अभियान का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आगे भी जारी रहेंगे।

# घर में फांसी के फंदे पर लटका मिला युवक का शव, मचा हड़कंप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**निगोहां, लखनऊ।** निगोहां थाना क्षेत्र के नारायण खेड़ा गांव में शनिवार को 28 वर्षीय युवक का शव घर के अंदर फांसी के फंदे पर लटका मिलने से हड़कंप मच गया। युवक का शव देखते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नारायण खेड़ा गांव निवासी दुर्गा प्रसाद का 28 वर्षीय पुत्र अवधेश कुमार शनिवार को घर के अंदर फंदे पर लटका मिला। परिजनों की नजर पड़ने पर घटना की जानकारी हुई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर परिजनों व आसपास के लोगों से जानकारी जुटाई। थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि युवक के फांसी लगाने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। युवक ने यह कदम किन परिस्थितियों में उठाया, इसकी जानकारी अभी नहीं हो सकी है। पुलिस के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयान के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। घटना के बाद से परिवार में मातम पसरा हुआ है।

# शारदा नदी के कटान से ग्रामीणों में आक्रोश



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर।** ट्रांस शारदा क्षेत्र के ग्राम हजारा, शास्त्री नगर और आसपास के गांवों में शारदा नदी के भीषण कटान से परेशान ग्रामीणों ने रविवार को महिलाओं और पुरुषों के साथ जोरदार प्रदर्शन किया। कटान प्रभावित गांवों के प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताते हुए कटान रोकने के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि करीब 10 दिनों में नदी लगभग 60 एकड़ कृषि भूमि को अपने आगोश में ले चुकी है, जिससे दो दर्जन से अधिक किसानों की फसल और जमीन बर्बाद हो गई है। कटान अब आबादी से करीब 300 मीटर की दूरी तक पहुंच गया है। ग्रामीणों ने प्रभावित किसानों को मुआवजा देने, अस्थायी कटानरोधी कार्य शुरू कराने तथा स्थायी समाधान के लिए स्पर और बांध निर्माण की मांग की। इस दौरान ग्रामीणों ने एसडीएम/प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। चेतावनी दी कि जल्द कार्रवाई न होने पर मंगलवार से भूख हड़ताल और अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा।

# निगोहा प्रेस क्लब की पहली वर्षगांठ पर गूंजा पत्रकारिता का संकल्प

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**निगोहा, लखनऊ।** रायबरेली रोड स्थित निगोहा प्रेस क्लब कार्यालय पर रविवार को क्लब का प्रथम स्थापना दिवस धूमधाम और गरिमामय माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम में मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र के साथ ही लखनऊ के विभिन्न इलाकों से पत्रकार, ग्राम प्रधान, जनप्रतिनिधि, अधिवक्ता, समाजसेवी और संभ्रांत नागरिक बड़ी संख्या में पहुंचे। इस दौरान पत्रकारों ने निष्पक्ष एवं निर्भीक पत्रकारिता के साथ जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय रियल एस्टेट विकास परिषद उत्तर प्रदेश के चेयरमैन एवं पूर्व राज्यमंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार तिवारी ने क्लब के संरक्षक मुकेश द्विवेदी, अध्यक्ष विमल सिंह चौहान, महामंत्री प्रदीप कुमार द्विवेदी समेत सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को प्रथम स्थापना दिवस की बधाई दी। क्लब की ओर से मुख्य अतिथि समेत अन्य अतिथियों को अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया।



**पत्रकारिता में विश्वसनीयता सबसे बड़ी पूंजी :** मुख्य अतिथि डॉ. वीरेंद्र तिवारी ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ है। पत्रकार की जिम्मेदारी केवल खबर प्रकाशित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज की समस्याओं और आमजन की आवाज को शासन-प्रशासन तक जिम्मेदारी से पहुंचाना भी है। उन्होंने कहा कि खबर प्रकाशित करने से पहले तथ्यों की पूरी पड़ताल जरूरी है। निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता से ही लोकतंत्र मजबूत होगा। पत्रकारिता में विश्वसनीयता सबसे बड़ी पूंजी है और इसे ईमानदारी व तथ्यपरकता से ही कायम रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की एकजुटता संगठन की ताकत होती है। निगोहा प्रेस क्लब ने कम समय में पत्रकारों को एक मंच पर लाने का सराहनीय काम किया है। उन्होंने क्लब के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए पत्रकारिता के मूल्यों और सिद्धांतों को प्राथमिकता देने की बात कही।

**जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाएगा क्लब :** प्रेस क्लब अध्यक्ष विमल सिंह चौहान ने कहा कि क्लब की स्थापना का उद्देश्य क्षेत्र के पत्रकारों को एकजुट मंच उपलब्ध कराने के साथ ही आमजन से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाना है। पत्रकारिता समाज की आवाज है और क्लब जनहित के मामलों को पूरी जिम्मेदारी और निष्पक्षता के साथ उठाता रहेगा। महामंत्री प्रदीप कुमार द्विवेदी 'पिंकू' ने कहा कि पहले वर्ष में पत्रकारों को एक मंच पर लाने का प्रयास किया गया। आने वाले समय में पत्रकार हितों के साथ क्षेत्र की जनसमस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया जाएगा। जीके न्यूज लाइव के संपादक नागेश्वर द्विवेदी ने कहा कि पत्रकारों की एकजुटता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। वरिष्ठ पत्रकार योगेंद्र तिवारी ने पत्रकारिता को समाज और शासन-प्रशासन के बीच महत्वपूर्ण कड़ी बताते हुए बिना किसी दबाव के जनहित के मुद्दे उठाने की बात कही।

**100 से अधिक पत्रकारों का सम्मान:** समारोह में समाजसेवी दिलीप यादव की ओर से मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र के करीब 100 पत्रकारों को अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में 500 से अधिक सम्मानित जनों, पत्रकारों और गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी रही। स्थापना दिवस के अवसर पर केक काटकर सभी ने एक-दूसरे को बधाई दी और क्लब के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर मोहनलालगंज नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ. अजय पाण्डेय 'सत्यम', भाजपा जिला महामंत्री धीरेंद्र पाण्डेय 'धीरू', भाजपा जिला उपाध्यक्ष हंसराज रावत, सपा प्रदेश सचिव अमरपाल सिंह, लखनऊ बार एसोसिएशन के महामंत्री जितेंद्र यादव 'जीतू', वरिष्ठ अधिवक्ता यशवीर सिंह, सपा नेता अर्चना रावत, जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव, ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला, भाजपा नेता करण शुक्ला, एसीपी मोहनलालगंज राजेश कुमार पाण्डेय, निगोहा थाना प्रभारी रविंद्र कुमार, मोहनलालगंज इंस्पेक्टर राम बाबू सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। इसके अलावा पूर्व जिला पंचायत सदस्य नागेश्वर द्विवेदी, जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज, कृष्णपाल सिंह एडवोकेट, निगोहां व्यापार मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र दीक्षित, ग्राम प्रधान अभय कांत दीक्षित, निगोहा के पूर्व प्रधान अजय सिंह, समाजसेवी अनिल त्रिपाठी, एलडीबी बैंक अध्यक्ष अशोक तिवारी, मद्देगंज थाना प्रभारी अनुज तिवारी, प्रधान प्रभाकर त्रिवेदी, प्रधान ललित शुक्ला, सत्येंद्र मिश्रा 'डब्बू', भाजपा मंडल अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह 'मोनू', ललित मिश्रा, अखिलेश द्विवेदी, विजय जायसवाल, ललित दीक्षित, नवीन वर्मा, किसान नेता ऋषि मिश्रा, अरविंद दीक्षित, दिलीप मिश्रा, विनय मिश्रा , अनुराग तिवारी , महिला पत्रकार सरोज यादव, रेनू पांडेय समेत निगोहा प्रेस क्लब के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।